e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 216
मंगलवार
08.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

सब कहते हैं की जिन्दगी एक बार मिलती है लेकिन जिंदगी नहीं बल्कि मौत एक बार मिलती है जिन्दगी तो हर पल मिलती है

ताजा खबरों के लिए देखें

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

# क्विक न्यूज

### आग्नेयास्त्र के साथ तीन गिरफ्तार

**रामपड़ा** : सोमवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर तकरीबन 2.30 बजे रेजीनगर रामपाड़ा चौराहे पर नाका चेकिंग के दौरान एक बाइक पर तीन युवक रेजीनगर से रामपाड़ा की ओर जा रहे थे। आरोप है कि पुलिस को देखकर उन्होंने भागने की कोशिश की। पुलिस ने तुरंत उनका पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद तीनों लोगों के पास से 7-एमएम की पिस्तौल और तीन राउंड गोलियां बरामद की गईं। पुलिस ने बाइक भी जब्त कर ली है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम जमरुल सेख (18), सफीउर रहमान (20) और बिट्टू मंडल (21) हैं। तीनों का घर बेलडांगा थाना क्षेत्र के मड्डा दलुआ में है। सोमवार को तीनों लोगों को सात दिन की पुलिस हिरासत की मांग करते हुए बहरमपुर जज कोर्ट भेजा गया। रेजीनगर थाने की पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वे आग्नेयास्त्र लेकर किस मकसद से जा रहे थे।

### गुवाहाटी में पुलिस ने चोर को मारी गोली

**गुवाहाटी** : राजधानी गुवाहाटी के ग्रामीण क्षेत्र चंद्रपुर में एक चोर को पुलिस कर्मी ने सीधे-सीधे गोली मार दी । आज पुलिस द्वारा दिये गए घटना के विवरण के अनुसार चोर दिनदहाड़े एक महिला का चेन छीनकर भागने की कोशिश कर रहा था। भागते हुए चोर को देखकर रुकने के लिए कहा गया। लेकिन, वह भागता ही रहा। आखिरकार पुलिस ने उसे गोली मार दी।गोली उसके बांये पैर में लगी। उसके पास से चैन लेकर महिला को लौटा दिया गया और चोर को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। पकड़े गए चोर की पहचान अर्जुन साहा के रूप में हुई है।

### निशिकांत दुबे के बयान पर कांग्रेस ने की लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत

**नई दिल्ली** : कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर नियम 353 का हवाला देते हुए भाजपा नेता निशिकांत दुबे के सदन में लगाए गए आरोपों पर आपत्ति जताई है। कांग्रेस की ओर से लिखे पत्र में चौधरी ने इसे बेहद ही शर्मनाक करार दिया है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी ने मंत्री को पेपर सभा पटल पर रखने को कहा और दूसरी ओर निशिकांत दुबे का माइक भी ऑन रखा गया और वो बिना किसी पहले से दिए नोटिस के कांग्रेस और राहुल गांधी पर बड़े-बड़े आरोप लगाते रहे। अधीर रंजन चौधरी ने अपने पत्र में मांग की है कि नियम 380 के तहत दुबे की कही सभी बातों को कार्यवाही से हटाया जाए और इसकी जांच कि जाए कि कैसे ऐसे आरोपों को उठाकर रिकॉर्ड में लाने की अनुमति दी गई।

### सीएम ने 292 करोड़ 54 लाख 23 हजार रुपए की 62 योजनाओं की दी सौगात

# झारखंड को विकसित राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने 11186 लाभुकों के बीच 116 करोड़ 90 लाख 66 हजार रुपए की परिसंपत्तियों का किया वितरण**

* बोकारो में दिवंगत जगरनाथ महतो जी के नाम से बनेगा मेडिकल कॉलेज , डुमरी विधानसभा क्षेत्र में नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर खुलेगा विद्यालय

प्रभात मंत्र संवाददाता


**रांची** : झारखंड बदल रहा है। बदलाव का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा,जब तक झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा नहीं हो जाता। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित तारानारी में योजनाओं के उद्घाटन- शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड को एक सशक्त और मजबूत राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तभी मजबूत बनेगा,जब राज्य मजबूत होगा और राज्य की मजबूती के लिए गांव का मजबूत होना बेहद जरूरी है।इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। किसानों और मजदूरों के हित को केंद्र में रखकर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है।

#### कई योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 292 करोड़ 54 लाख 23 हजार रुपए की 62 योजनाओं की सौगात बोकारो जिले वासियों को दी। इसमें 18 करोड़ 14 लाख 33 हजार रुपए की 37 योजनाओं का उद्घाटन और 274 करोड़ 39 लाख 90 हजार रुपए की 25 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, 11186 लाभुकों के बीच 116 करोड़ 90 लाख 66 हजार रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

#### अपने शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बना रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की भूमि रही है। देश की आजादी के खातिर यहां के कई वीरों ने अपनी कुर्बानी दे दी तो अलग झारखंड राज्य के संघर्ष में भी हजारों हजार लोग वर्षों तक आंदोलन करते रहे ।अब हमें अपने वीरो - शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाना है और इस दिशा में सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है।




#### राज्य में बारिश और बुवाई पर पूरी नजर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष भी सुखाड़ की स्थिति पैदा हुई । इस वर्ष भी अपेक्षा के अनुरूप बारिश अब तक नहीं हुई है ऐसे में एक बार फिर सुखा की आशंका बन सकती है ऐसे में राज्य में हो रही बारिश और फसलों की बुवाई का लगातार आकलन कर रहे हैं और जल्द ही किसानों के हित में ठोस निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर किसानों से कहा कि वे अपनी जमीन के कुछ हिस्से में फलदार पौधे लगाएं।

#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री श्रीमती बेबी देवी, योगेंद्र प्रसाद महतो (राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त), विधायक जयमंगल सिंह, सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे , डीआईजी कन्हैया लाल मयूर पटेल और बोकारो के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

# मणिपुर हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए बनाई कमेटी



एजेंसी

**नयी दिल्ली** :मणिपुर हिंसा मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुप्रीम कोर्ट ने हिंसा मामले से जुड़े मुद्दों की पड़ताल और मानवीय सुविधाओं के लिए हाईकोर्ट के तीन पूर्व जजों की कमेटी बनाई है. ये कमेटी सीबीआई और पुलिस जांच से अलग मामलों को देखेगी. ये समिति महिलाओं से जुड़े अपराधों और अन्य मानवीय मामलों व सुविधा की निगरानी करेंगी. जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पद से रिटायर जस्टिस गीता मित्तल, जस्टिस आशा मेनन और जस्टिस शालिनी पनसाकर जोशी की तीन सदस्यीय न्यायिक जांच कमेटी सुप्रीम कोर्ट ने बनाई.सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि, हम जमीनी स्थिति को समझने की कोशिश कर रहे हैं. हम सभी शांति की बहाली चाहते हैं. कोई भी छोटी चूक बहुत गहरा असर डाल सकती है.

वृंदा ग्रोवर ने कहा कि इन मामलों के अलावा अब तक जिन मामलों में अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया उनमें भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए.सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मणिपुर में हिंसा के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित 12 एफआईआर की जांच सीबीआई करेगी और जांच के दौरान जब भी ऐसे अपराध सामने आएंगे, तो सीबीआई उसकी भी जांच करेगी। अटॉर्नी जनरल ने बताया कि राज्य में बहुत सारे हस्तक्षेप हैं जो परिवारों को शव लेने से रोकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की अनिच्छा दिखाने के लिए एक कृत्रिम स्थिति पैदा की जाती है।

यह संयोग है कि इस कोर्ट में सुनवाई से ठीक एक दिन पहले वहां कुछ बड़ा होता है।

### संसद में राहुल गांधी की हुई वापसी, इंडिया गठबंधन के नेताओं ने किया स्वागत

# संसद पहुंचे राहुल गांधी



एजेंसी

**नई दिल्ली** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल हो गई. लोकसभा सचिवालय की ओर से इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई. अधिसूचना जारी होने के बाद राहुल गांधी संसद पहुंचे, जहां इंडिया गटबंधन के सांसदों ने स्वागत किया.दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मोदी सरनेम मानहानि केस में राहुल गांधी को मिली दो साल की सजा और दोषसिद्धि को रद्द कर दिया था. इसी के साथ उनके संसद में वापसी का रास्ता साफ हो गया था. राहुल 2019 लोकसभा चुनाव में केरल के वायनाड से चुनाव जीते थे. मोदी सरनेम मानहानि केस में राहुल को 23 मार्च को निचली अदालत ने 2 साल की सजा सुनाई थी. इसके अगले दिन यानी 24 मार्च को उनकी संसद सदस्यता रद्द हो गई थी. अब 137 दिन बाद उनकी संसद सदस्यता बहाल हो गई. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, स्पीकर ने फैसला लिया. हमने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया और सुप्रीम कोर्ट का आदेश मिलने के तुरंत बाद सदस्यता बहाल कर दी गई.

#### खड़गे बोले : ये देश के लिए राहत

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने का फैसला स्वागत योग्य कदम है. यह भारत के लोगों और विशेषकर वायनाड के लोगों के लिए राहत वाला है. भाजपा और मोदी सरकार को अपने कार्यकाल का जो भी समय बचा है, उसका इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करने के बजाय वास्तविक शासन पर ध्यान केंद्रित करके करना चाहिए.

#### राहुल ने 2019 में दिया था बयान

राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल 2019 को चुनावी रैली में कहा था, नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी का सरनेम कॉमन क्यों है? सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? राहुल के इस बयान को लेकर बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ धारा 499, 500 के तहत आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कराया था. अपनी शिकायत में बीजेपी विधायक ने आरोप लगाया था कि राहुल ने 2019 में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूरे मोदी समुदाय को कथित रूप से यह कहकर बदनाम किया कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है?


# पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत के पास किसी भी क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने की अपार शक्ति है। पीएम हरियाणा में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश अमृतकाल के संकल्पों की सिद्धि के लिए, विकसित भारत के निर्माण के लिए पूरे उत्साह से एकजुट होकर, संकल्पबद्ध होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायतें किसी भी सेक्टर में बड़े परिवर्तन लाने की शक्ति रखती है। ऐसे में भाजपा के



प्रतिनिधि के तौर पर आप सभी की भूमिका बहुत ही बड़ी हो जाती है। पंचायती राज व्यवस्था के प्रति उदासीन रवैया अपनाने को लेकर पूर्व की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद 4 दशक तक कांग्रेस को ये समझ ही नहीं आया था कि गांवों में पंचायतीराज व्यवस्था लागू करना कितना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान कभी भी पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए गए। ज्यादातर कार्रवाई आंकड़ों में और कागजों में ही सीमित रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। आर्टिकल 370 हटने के बाद वहां पहली बार ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के चुनाव हुए हैं। इनमें अब वहां 33 हजार से ज्यादा स्थानीय जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुए। पहली बार वहां जमीनी स्तर पर लोकतंत्र स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के सात दशकों के बाद भी 18,000 गांवों में बिजली नहीं पहुंच सकी थी। 16 करोड़ से अधिक ग्रामीण केंद्र कांग्रेस और उसके समान विचारधारा वाले दलों के लिए भ्रष्टाचार का केंद्र बन गए थे। मोदी ने भाजपा के जिला परिषद के नेताओं से कहा कि विकसित भारत के लिए आपके जिले का विकसित होना भी उतना ही जरूरी है।



# उपायुक्त ने तकनीकी पदाधिकारियों के साथ किया समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने विकास योजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के उद्देश्य से सोमवार को तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।एनआईसी के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने सभी तकनीकी विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को निर्माण व मरम्मति कार्यो में तेजी लाते हुए टाइमलाइन के तहत कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया। टाइमलाइन के अंतर्गत ही विभिन्न एनएच एवं आरओआर के कार्यों को करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पुल/ब्रिज को एप्रोच रोड से जोड़े। लघु सिचाई विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी श्री रंजन नाला व चेक डैम निर्माण की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए साथ ही अभियंता को चेक डैम व आहर के निर्माण एवं जीर्णोद्धार से लाभुकों को फायदा पहुंचाने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उन्होंने भवन निर्माण के तहत निर्माणाधीन सब हेल्थ सेंटर, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, हल्का कर्मचारी कार्यालय के निर्माण कार्यो की जानकारी ली साथ ही सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा सड़क, भवन, चेक डैम आदि के कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया।इस तरह उन्होंने बटाने जलाशयोजना, एनआरईपी, मंडल डैम, भीम बराज की समीक्षा कर उचित दिशा निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त श्री शशि रंजन के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सहित सभी विभागों के तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, पौधों का निशुल्क वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कंकारी गांव में सार्वजनिक स्थलों पर पौधा रोपण और पौधा वितरण कार्यक्रम चलाया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवम संवर्धन के लिए पौधा वितरण कार्यक्रम चैनपुर प्रखंड के कंकारी गाँव में चलाया गया। कार्यक्रम के तहत गांव में पौधे वितरित किए गए। सार्वजनिक स्थलों पर पौधे रोपित करने का काम किया गया। इस अवसर पर श्री ज्योति पांडेय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के संतुलन के लिए पर्यावरण का संरक्षण ज़रूरी है लकड़ी एक ऐसी चीज़ है जिसका सभी जगह उपयोग होता है। हम फलदार पेड़ो के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर तो बना सकते हैं साथ ही साथ हम अपनी आय भी बढ़ा सकते हैं। हमें अपने खेतों को मेडो पर क़ीमती लकड़ी के पौधे लगाना चाहिए तभी हम अपने आने वाले कल को एक स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण दे पाएंगे हम सबके सामूहिक प्रयास से ही यह कार्य सफल होगा इस अवसर पर कई तरह के फलदार पौधा जैसे आम, अमरूद, आँवला, जामुन, बेल, शरीफा का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री स्वेयतांक गर्ग, सुदेश्वर चौधरी, ओम शर्मा, आयुष कुमार, सहित सैकड़ों ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

# पंचायत समीक्षात्मक बैठक का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नरही पंचायत सचिवालय में सोमवार को पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में विभागीय निर्देशानुसार समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया.बैठक में पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह ने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दिया। इसके बाद पंचायत में चल रहे सभी विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने सभी विभाग के उपस्थित कर्मियों से निष्ठापूर्वक कार्य करने की अपील किया.उन्होंने कहा कि यदि कार्य के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी हो तो अवगत करावें। समस्या के समाधान की दिशा में प्रयास किया जायेगा। बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार,र ाजस्व कर्मचारी सहित अन्य के अनुपस्थित रहने पर मुखिया द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया.बैठक में उप मुखिया शारदा पासवान, पंचायत समिति सदस्य चिंतामणि देवी, प्रधानाध्यापक अलीम अंसारी,निर्मल कुमार,अनूप विश्वकर्मा, नीलम पांडेय, बिनोद ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, अरविन्द कुमार ठाकुर, रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, जेएस एल पी एस के क्लस्टर कोडिनेटर निधि भारती, सुनीता देवी, वार्ड सदस्य शर्मा राम, कुंदन कुमार,फूलमती देवी, रामकिशोर प्रसाद, खुशबू सोनी, किसान मित्र परशु राम, प्रज्ञा केंद्र संचालक मिथलेश कुमार ठाकुर, स्वास्थ्य सहिया रेणु देवी, रविकान्ति देवी, तारा देवी, सुनीता देवी, संध्या देवी, वीणा देवी, आंगनबाड़ी सेविका बबिता देवी, सुनीता देवी,एमन कौशर, तारा देवी, मधु सहाय, अंजू देवी, विद्यावती देवी, पूनम देवी, स्वयं सेवक सत्येंद्र कुमार,कृष्णा कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाकपा का एक दिवसीय कन्वेंशन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय अनिकेत पैलेस में भाकपा माले के अनुमंडल स्तरीय कार्यकर्ताओ का एक दिवसीय कन्वेंशन का आयोजन अनुमंडल सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कन्वेंशन का शुभारंभ एक मिनट का मौन रखकर शहीद साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कन्वेंशन के मुख्य अतिथि माले के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ है.पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिये कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिना संगठन के धारदार आंदोलन नही हो सकता है। इसलिये शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया। कन्वेंशन में सर्वसम्मति से लोकतंत्र व संविधान बचाओ आंदोलन चलाने का निर्णय लेते हुये यह तय किया गया कि आगामी 14 अगस्त को सगमा सहित प्रत्येक प्रखंड से मार्च करते हुये भवनाथपुर मोड़ पर सभा किया जायेगा. सभा के माध्यम से केंद्र सरकार की गलत नीतियों का भंडाफोड़ करते हुये भाजपा भगाओ देश बचाओ का नारा बुलंद किया जायेगा। कन्वेंशन में मणिपुर की घटना की निंदा की गई तथा सुभाष मुंडा के हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई। कन्वेंशन में वरुण बिहारी यादव, लक्ष्मण सिंह, रामचन्द्र उरांव, कामेश्वर सिंह खरवार, त्रिभुवन सिंह चेरो, कोदू राम, जितेंद्र तुरिया, कृष्णा सिंह, सुरेश सिंह, राजू मुसहर, पचन भुइयां, सुरेश सिंह सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये। कन्वेंशन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंदिर में मूर्ति का और संत का दर्शन आंखें बन्द करके नहीं करना चाहिए : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में श्रीजीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि संसार से मोहभंग किये बिना परमात्मा की प्राप्ति नहीं हो सकती.एक तरफ संसार से मोह और दूसरी तरफ परमात्मा की प्राप्ति ये कभी संभव नहीं है.यह एक नदी के दो किनारे हैं, इसलिए परमात्मा प्राप्ति के लिए संसार से मोहभंग करना ही होगा.जितनी भी सुख सुविधाओं की इच्छा करेंगे उतना ही आप परमात्मा से दूर होते चले जाएंगे। संसार में रहिये परिश्रम कीजिए जीविकोपार्जन कीजिए गृहस्थ आश्रम में रहिए लेकिन ध्यान परमात्मा में लगाये रखें,तभी कल्याण संभव है.प्रकाश वही देता है, जो स्वयं प्रकाशित होता है. जिसका इंद्रियों और मन पर नियंत्रण होता है, वही समाज के लिए अनुकरणीय होता है। जो इंद्रियों और मन को वश में करके सदाचार का पालन करता है, समाज के लिए वही अनुकरणीय होता है. केवल वेश-भूषा, दाढी-तिलक और ज्ञान-वैराग्य की बातें करना संत की वास्तविक पहचान नहीं। उन्होंने कहा कि विपत्ति में धैर्य, धन, पद और प्रतिष्ठा के बाद मर्यादा के प्रति विशेष सजगता, इंद्रियों पर नियंत्रण और समाज हित में अच्छे कार्य करना आदि साधू के लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि मूर्ति की पूजा करनी चाहिये। मूर्ति में नारायण वास करते हैं. मूर्ति भगवान का अर्चावतार हैं. मंदिर में मूर्ति और संत का दर्शन ऑखें बन्द करके नहीं करना चाहिये. मूर्ति से प्रत्यक्ष रुप में भले कुछ न मिले लेकिन मूर्ति-दर्शन में कल्याण निहित है. एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मूर्ति से ज्ञान और विज्ञान को प्राप्त किया.श्रद्धा और विश्वास के साथ मूर्ति का दर्शन करना चाहिये. उन्होंने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद्य एवं मत्सर से बचना चाहिए.ये आध्यात्मिक जीवन के रिपु हैं. मत्सर का अर्थ करते हुए स्वामी जी ने बताया कि उसका शाब्दिक अर्थ द्वेष - विद्वेष एवं ईर्ष्या भाव है. दूसरे के हर कार्य में दोष निकालना और दूसरे के विकास से नाखुश होना मत्सर है. मानव को मत्सरी नहीं होना चाहिये. अगर किसी में कोई छोटा दोष हो तो उसकी चर्चा नहीं करनी चाहिए.जो लोग सकारात्मक स्वाभाव के होते हैं, वे स्वयं सदा प्रसन्नचित्त रहते हैं. इसके विपरीत नकारात्मक प्रवृति के लोगों का अधिकांश समय दूसरे में दोष निकालने और उनकी प्रगति से ईर्ष्या करने में ही व्यतीत होता है।

# थाना प्रभारी ने प्राथमिकी अभियुक्त को भेजा जेल

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने सोमवार को केतार थाना कांड संख्या 52/19 दिनांक 05.08.2019 धारा 406/420 भाश दश विश एवं 138 एन आई एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त भागडू प्रजापति पिता स्वर्गीय विश्वनाथ प्रजापति साश सलैयाडीह थाना कोन जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश। साथ ही केतार थाना कांड संख्या 47/23 के प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया गया है।

# राहुल गांधी के सदस्यता बहाल होने पर नगर कांग्रेस ने जताई खुशी, बांटी मिठाइयां



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राहुल गांधी का लोक सभा सदस्यता बहाल होने पर बिश्रामपुर नगर कांग्रेस द्वारा प्रसन्नता व्यक्त किया गया। कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने आम लोगों के बीच भी मिठाई का वितरण किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का सदस्यता बहाल होना सत्य की जीत है। मोदी सरकार राहुल गांधी की आवाज को बंद करना चाहती थी। लेकिन न्यायालय ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। अब राहुल गांधी फिर से सदन में सरकार की गलत और विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज को बुलंद करते रहेंगे। मौके पर जिला सचिव मनोज शुक्ला, सुमंत चौबे, सीताराम चौबे, प्रमोद पांडेय, सतीश चौबे उर्फ बालजी चौबे, आनद चौबे, शुशील पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

# जहरीला पदार्थ खाकर महिला ने की आत्महत्या बिना पोस्टमार्टम कराए ही परिजन घर ले गए शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाकी थाना क्षेत्र के ग्राम विदरा निवासी सूरज राम की पत्नी पूजा देवी उम्र 40 वर्ष घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर करीब 3ः00 बजे पूजा देवी का अपने घर में किसी बात को लेकर परिवार वालों से झगड़ा हो गया। इस बीच पूजा देवी गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन में उसे इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला पूजा देवी की मौत हो गई। मौत के बाद सदर अस्पताल में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वही मौत के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही महिला का शव दाह संस्कार के लिए अपने घर लेकर चले गए।

# स्वतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन के लिए समय हुआ निर्धारित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार कक्ष में सोमवार को प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में स्वतंत्र दिवस मनाने को लेकर एक बैठक आहूत की गई। जिसमें बीडीओ मुकेश मछुआ के द्वारा आगामी 15 अगस्त स्वतंत्र दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम करने को लेकर समय सारणी निर्धारित की गई। सर्वप्रथम प्रखंड मुख्यालय परिसर में 8ः00 बजे, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में 8:35 बजे, अंबेडकर चौक केतार बाजार में 8:50 बजे, मध्य विद्यालय केतार में 9:00 बजे झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में 9:10 बजे, आर के पब्लिक स्कूल में 9:20 बजे, लोहिया समता उच्च विद्यालय में 9:40 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र 9:50 बजे, कोल मोड़ बाबासाहेब अंबेडकर चौक 10:10 बजे, स्वास्थ्य उप केंद्र केतार में 10:25 बजे, थाना परिसर केतार में 10:45 बजे, झंडोत्तोलन का कार्य किया जाएगा जबकि पंचायत सचिवालय केतार में 8:15 बजे, मुकुंदपुर 9:00 बजे, पचाडुमर 9:00 बजे, परसोडीह 9:15 बजे, परती कुशवानी में 10:15 बजे, बलीगढ़ 10:20 बजे, लोहरगड़ा 10:20 बजे झंडोत्तोलन का कार्य संपन्न कराया जाएगा। बैठक में उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार मुखिया प्रमोद कुमार, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, कलेंदर पासवान, रामविचार साहू, मनोज फौजी, प्रखंड कर्मी अंचल कर्मी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# अब रात में कोई गरीब भूखा नहीं सोएगा : शर्मिला वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट सिर्फ एक सामाजिक संस्था नहीं है। बल्कि यह एक ऐसा प्लेफॉर्म है जहां कोई अपनी खुशियां शेयर करता है तो कोई अपने अभिभावकों की याद में जरूरतमंदों के बीच भोजन, फल, कपड़े एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित करता है। आज 6/8/ इस संस्था से जुड़ी खुश्बू शर्मा का जन्मदिन है और आज उन्होंने टीम के साथ मिलकर जरूरतमंदों के बीच 100 पैकेट भोजन का वितरण करके और उनके ही बीच केक काटकर अदभुत ढंग से अपना यादगार जन्मदिन मनाया। टीम वरदान की ओर से भी पूरी, सब्जी, रोटी, चावल एवं दाल का 50 पैकेट भोजन वितरण हुआ। भरपूर मात्रा में भोजन पाकर सभी के चेहरे पर अपार खुशियाँ थीं और यही है अपने जन्मदिन पर आशीर्वाद पाने का सबसे अच्छा तरीका! सुभाष जी, मन्नत सिंह बग्गा, अंजू शर्मा, संध्या अग्रवाल, लक्ष्य श्रेष्ठ, कंचन गुप्ता, बेबी आशुतोष सिंह, ज्योति अग्रवाल जी ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे यादगार बनाया।

# मांगें पूरी होने के आश्वासन के बाद पूर्व विधायक का अनशन समाप्त



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अधिकारियों द्वारा पांच सूत्री मांगें पूरी करने के आश्वासन के बाद सोमवार की शाम आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने आमरण अनशन समाप्त करने की घोषणा की। बीडीओ जयप्रकाश नारायण छतरपुर प्रभारी सहायक अभियंता सूरज कुमार तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने पूर्व विधायक को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। मालूम हो कि क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभुको को दूसरी किस्त की भुगतान सहित पांच सूत्री मांग को लेकर पूर्व विधायक ने पुरानी बस स्टैंड के समीप रविवार से आमरण अनशन शुरू किया था। विद्युत वितरण निगम के जीएम के निर्देश पर छतरपुर के प्रभारी सहायक विद्युत अभियंता सूरज कुमार ने निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, तीन माह के अंदर शहर के जर्जर पोल तार को बदलने का आश्वासन दिया। वहीं छतरपुर में ट्रांसफार्मर मरम्मत केंद्र स्थापित करने का भरोसा दिलाया गया। जबकि शहरी आवास योजना के लाभुको की भौतिक जांच हेतु दो दिनों में जांच कमेटी का निर्माण करने तथा 18 अगस्त तक जांच पूरी कर बकाया किस्त का भुगतान करने की बात कही गई। पूर्व विधायक ने कहा कि इस जांच कमेटी में अधिकारियों के अलावे सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा स्थानीय पत्रकार भी शामिल रहेंगे। इसके अलावे बीडीओ ने क्षेत्र में धान रोपाई की स्थिति का आकलन कर अविलंब रिपोर्ट करने का आश्वासन दिया।बाद में उपस्थित लोगों की सहमति से आमरण अनशन समाप्त किया गया। इस अवसर पर मुखिया जितेंद्र पासवान, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, सोनू जायसवाल, रंजीत मेहता अखिलेश मेहता, रविंद्र मेहता, रामराज सिंह, सहित कई कार्यकर्ता व जनता उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रखंड कार्यालय में गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को आगामी 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी कार्यालय प्रधान तथा गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक बैठक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी व कार्यपालक दण्डाधिकारी अजय कुमार तिर्की की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में झंडोत्तोलन का समय तथा अनुमंडलीय मैदान में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर निर्णय लिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी के आवास पर प्रातः 9:05 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के आवास पर प्रातः 9:10 बजे तथा अनुमंडल कार्यालय पर प्रातः 9ः15 बजे झंडोतोलन किया जायेगा। इसके बाद अन्य सभी सरकारी कार्यालयों पर झंडोत्तोलन होगा। अनुमंडलीय मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में सुबह 11:00 बजे झंडोत्तोलन होगा. जिसके पश्चात राष्ट्रगान तथा स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट होगा. इसके पश्चात विभिन्न सरकारी कार्यालयों द्वारा विभिन्न बिषयों पर झांकी निकाला जायेगा. थाना नगर उंटारी द्वारा सड़क सुरक्षा पर, प्रखंड कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता पर, अंचल कार्यालय द्वारा आपदा प्रबंधन पर तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर झांकी निकाला जायेगा, इसके साथ ही पुलिस विभाग द्वारा एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर लोगों को जागरूक किया जायेगा। मार्च पास्ट का अभ्यास 12 और 13 अगस्त को अनुमंडलीय मैदान में होगा जबकि स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सूची प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को 12 अगस्त तक कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण मुंडा, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, विधायक प्रतिनिधि शहरी क्षेत्र अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, अमर राम, गदाधर पांडेय, डॉ सिद्धनाथ प्रसाद, दिनेश कुमार शुक्ला,अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेन्द्र पांडेय, अनिल कुमार विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक शिवशंकर प्रसाद, शिवनारायण चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, नगर प्रबन्धक रवि कुमार, शिक्षक कमलेश पांडेय सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने एक-एक कर वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, स्वामी विवेकानंद पेंशन व अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी पेंशन योजना की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद को विभिन्न पेंशन के लाभुकों का शत-प्रतिशत आधार लिंक कराने पर बल दिया साथ ही सभी पेंशनरों के खाते में समय पर राशि हस्तांतरण सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि जो बीएलओ डोर टू डोर इलेक्शन का कार्य कर रहें हैं उनके माध्यम से सभी पेंशन धारियों को वेरीफाई करवाने की भी बात कही साथ ही सभी लाभुकों का मोबाइल अपडेशन कराए जाने पर भी बल दिया।उन्होंने वार्षिक सत्यापन में तेज़ी लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कोई अयोग्य लाभुक पेंशन का लाभ ले रहा है तो ऐसे लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की भी बात कही। मौके पर सामाजिक सुरक्षा कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष मिले उपायुक्त व एसपी से



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के नये उपायुक्त शशी रंजन एवं पुलिस अधीक्षक, पलामू रीष्मा रमेशन से पलामू जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर बधाई एवं शुभकामना दिया। मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष विनोद तिवारी ईश्वरी प्रसाद सिंह मिथिलेश सिंह सुरेश पाठक नफीस खान रिजवान खान जितेंद्र कमलापुरी डॉक्टर कृष्णमणि दुबे महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत अशोक पासवान देवांग शुक्ला संतोष गुप्ता शैलेश मेहता अनिल सिंह तन्मय राज पांडे शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के खिलाड़ी ने 11 गोल्ड, 6 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज मेडल लेकर लौटे रांची

**रांची।** नेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में जीत हासिल कर वापस रांची लौट आये हैं खिलाड़ी । राजस्थान के उदयपुर में आयोजित इस नेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में देशभर से करीब 800 कैंडिडेट्स ने हिस्सा लिया था। झारखंड से 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। झारखंड के खिलाड़ियों ने 11 गोल्ड, 6 सिल्वर और एक ब्रोंज मेडल झटका। शुभम साहू ने जूनियर चैंपियन ऑफ चैंपियन्स का खिताब अपने नाम कर लिया। 95 केजी वेट क्लास में आयुष कुमार ने 280 किलो वजन उठाकर नया नेशनल रिकॉर्ड बना डाला। साथ ही 68 केजी वेट क्लास में 257 किलो 500 ग्राम उठाकर नील अमृत ने भी नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया7 रांची पहुंचने पर सभी विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। झारखंड टीम के स्वागत में झारखंड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा खेलप्रेमियों में दिनेश नायक, हर्ष आनंद राहुल कुमार सत्त्याजित उज्ज्वल तथा ऋतिक कुमार मौजूद थे।

### लेखा लिपिक संघ का प्रतिनिधिमंडल जल संसाधन विभाग के सचिव से मिला

**रांचीः** झारखंड राज्य लेखा लिपिक संघ का शिष्टमंडल जल संसाधन विभाग झारखंड के सचिव प्रशांत कुमार, से मिला। शिहामंडलीय वाली में संघ की ओर से प्रौन्नति, स्वानान्तरण सहित विभिन्न विषयों पर सचित महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया गया। इस क्रम मे संघ के मांगो से संबंधित ज्ञापन / पत्र सचिव महोदय को समर्पित किया गया है। सचिव द्वारा कारवाई का आश्वासन दिया भुल्लेखनीय है कि 2018 में राज्य मंत्री परिषद द्वारा प्राप्ति निर्णय के आलोक मे सर्वर्ग के दिखाफल/ लेखाधिकारी जैसे पदो पर प्रौन्नति दिया जाता है जिसके संबंध में संप द्वारा लगातार किए कई वर्ष के (5)गातार मांग किया जाता रहा है।

# पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ 12 को मुस्लिम समाज की दुकानें रहेगी बंद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डेली मार्केट थाना क्षेत्र में बीते वर्ष दुर्भाग्यपूर्ण 10 जून 2022 की घटना पर एकपक्षीय पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ ,झारखंड के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं अल्पसंख्यकों के संवैधानिक संस्थाओं का अविलंब योग्य लोगों को लेकर गठन करने पर मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित सामाजिक संगठनों, धर्मगुरुओं, अधिवक्ताओं, बुध्दिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ अंजुमन इस्लामिया रांची के हॉल में हेमंत सरकार एवं महागठबंधन के खिलाफ अवामी बैठक हुई। अंजुमन इस्लामिया रांची के हॉल में झारखंड के मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित सामाजिक संगठनों, पंचायतों, धर्मगुरुओं, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बीते वर्ष हुई 10 जून की दुर्भाग्यपूर्ण घटना जो एकपक्षीय पुलिसिया कार्रवाई की इंतेहा एवं झारखंड के त्योहारों के नाम पर दंगे में जानमाल का नुकसान, मॉबलिंचिंग के पीड़ितों को इंसाफ, अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों का हनन समेत संवैधानिक संस्थाओं का गठन नही होने पर हेमंत सरकार एवं सेक्यूलर गठबंधन सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी का इजहार किया।बैठक हेमंत सरकार से अपील करती है हमारे ज्वलंत गंभीर मामलें का अविलंब निष्पक्ष करें विशेष कर 10 जून की एक एकपक्षीय पुलिसिया कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। जब तक उचित उच्यस्तरीय जांच न हो जाए। झारखंड में सांप्रदायिकता विरोधी कानून को अविलंब बनाया जाए। झारखंड मोबलिंचिंग विरोधी कानून को अविलंब बनाया जाए। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। झारखंड के सत्ताधारी सेक्यूलर महागठबंधन चुनावी घोषणा पत्र को अविलंब लागू करें।बैठक की अध्यक्षता अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष मोख्तार अहमद ने की जबकि संचालन मुस्लिम युवा मंच के अध्यक्ष शाहिद अय्यूबी ने किया।बैठक में अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष मोख्तार अहमद,महासचिव डॉ तारिक हुसैन, उपाध्यक्ष मो नौशाद,संयुक्त सचिव मो शाहिद,इमारत-ए-शरिया झारखंड के अमीर-ए-शरीयत हाजी मुफ्ती अनवर कासमी,झारखंड शिया समुदाय के हेड मौलाना तहजीबुल हसन,शहर काजी मौलाना तौफीक कादरी, इमारत- ए-शरिया के कारी जान मोहम्मद, शहर काजी मौलाना फरीदी,जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती तल्हा नदवी,छोटी मस्जिद हिंदपीढ़ी के हाफिज कलाम, हजरत रिसालदार बाबा दरगाह के उपाध्यक्ष मो जाकिर, महासचिव मो फारूक, अधिवक्ता अजहर खान, अधिवक्ता वैजुर रहमान,अधिवक्ता इम्तेयाज अशरफ, अधिवक्ता मो मिनहाज, अधिवक्ता सुलतान, अधिवक्ता मो इरफान, मरककी पंचायत जमीतुल इदरीसीया रांची के अध्यक्ष इस्लाम इदरीसी, सचिव गुलजार, मनुव्वार हुसैन भुट्टो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# हिन्दूओं को हर मंगलवार एक साथ मंदिर आने की जरूरत है : संजीव विजयवर्गीय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड स्मॉल स्केल इंडस्ट्री संघ, कोकर (रांची) में हिन्दू सुरक्षा मंच, झारखंड की प्रांतीय बैठक सम्पन्न हुई। हिन्दू समाज की सम्पूर्ण सुरक्षा के लिए यह मंच बनाया गया है जिसमें हिन्दू समाज के सभी परम्पराओं को मानने वाले धर्मो के प्रतिनिधि शामिल हुए। हिन्दू धर्मावलंबियों से लेकर सिख, जैन एवं सरना सनातन परम्पराओं के लोग तीन सौ से भी अधिक की संख्या में बड़े ही उत्साह के साथ बैठक में भाग लिये। बैठक को संबोधित करते हुए आज के कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ललन कुमार शर्मा ने हिन्दू सुरक्षा मंच की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हिन्दू समाज विश्व में अल्पसंख्यक के दर्जे में है। भारत के बाहर से आए हुए सभी धर्मों के लोगों के लिए किसी को यूरोप एवं अमेरिका तो किसी को सम्पूर्ण अरब एवं खाड़ी के देश घर है परंतु हिंदूओं का तो केवल और केवल अपना देश हिंदुस्तान है, पर आज हिंदूओं को हिंदूस्तान में रहना भी मुश्किल हो गया है। निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने हिंदूओं को एकजुट होकर रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आह्वान किया कि हर हिन्दू को हर मंगलवार को हनुमान जी के मंदिर के सामने एकजुट हो आरती में आना चाहिए। कोई रविवार तो कोई शुक्रवार को अपना शक्ति प्रदर्शन करता है फिर हिन्दूओं को भी बजरंग बली हनुमान जी के सामने हर मंगलवार को अपनी भक्ति एवं शक्ति का प्रदर्शन क्यों नहीं करना चाहिए चंद्रकांत रायपत ने घर घर बजरंगी बनाने एवं अपने परंपरागत अस्त्र-शस्त्र की पूजा करने का आह्वान किया। हजारीबाग़ से आए मूलचंद साहू, गुरविंदर सिंह सेठी, डॉ. अरविंद कुमार, सांसद संजय सेठ, ओम सिंह, राम कुमार पाहन, जीतू पाहन, जितवाहन बड़ाइक, राजनाथ उरांव, विश्वजीत महतो सहित धनबाद, बोकारो, दुमका, पाकुड़, साहेबगंज एवं देवघर से बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। रांची से प्रसून रायपत, रंजन पासवान सहित मुनचुन राय कई हिन्दू संगठन के भाईयों एवं बहनों की उपस्थिती थी।



# एटीएस ने बिट्टू खान हत्या मामले में शामिल अपराधी को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांचीः** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने सोमवार को रांची पुलिस के सहयोग से शातिर अपराधी रणविजय सिंह को लालपुर से गिरफ्तार किया है। इसके पास से चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आईजी अभियान एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित लवकुश शर्मा गिरोह का सदस्य बिट्टू खान उर्फ तनवीर की रांची के मोरहाबादी में हत्या करने में शामिल था। साथ ही धनबाद के बरवड्डा थाने के एक फायरिंग मामले में आरोपित है। इसके खिलाफ रांची के नगड़ी और बरियातू थाने में भी पूर्व से मामला दर्ज है। यह शातिर अपराधी है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर पंडरा के बनहोरा मैदान में जनसभा करेगी कांग्रेस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस विश्व आदिवासी दिवस पर पंडरा के बनहोरा मैदान में जनसभा करेगी। नौ अगस्त को आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने और इसकी सफलता के लिए रणनीति बनायी गयी है।

सोमवार को रांची के कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने महासचिवों, रांची ग्रामीण और रांची महानगर जिलाध्यक्षों एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ तैयारी को लेकर बैठक की।

बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस बाबत तमाम पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों को सुनिश्चित करने को कहा कि कार्यक्रम व्यापक और भव्य रूप से हो।



बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि इसके साथ 09 अगस्त को आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में संरक्षण प्रतिभा, मशाल मार्च, राष्ट्र के इतिहास और विकास में आदिवासी नेताओं के योगदान को सम्मान देने हेतु श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक के बाद राहुल गांधी के संसद सदस्यता बहाल होने पर पार्टी कार्यालय में पटाखा फोड़ और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी गई।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि संसद में एक बार फिर किसानों की, युवाओं की, देश के निम्नवर्गीय, मध्यमवर्गीय परिवारों की, महिलाओं के सम्मान की बात गुंजेगी। मणिपुर की जनता की आवाज संसद में राहुल गांधी उठाएंगे और न्याय दिलाने का काम करेंगे।

# ईडी कोर्ट ने दाहू यादव के पिता पशुपति यादव के खिलाफ किया आरोप तय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित दाहू यादव के पिता पशुपति यादव के खिलाफ ईडी की विशेष कोर्ट पीके शर्मा की अदालत ने आरोप तय कर दिया है। सोमवार को पेशी के दौरान कोर्ट ने पशुपति यादव को उनके खिलाफ लगे आरोप को पड़कर सुनाया। इस दौरान पशुपति ने अपने खिलाफ लगे आरोप को गलत बताया। उन्होंने कहा कि वह दाहू यादव के पिता हैं, इसे लेकर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ लगाए गये सारे आरोप निराधार है। ईडी ने पशुपति यादव को 21 अप्रैल को साहिबंगज से गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पहले साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला में फरार चल रहे दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव के घर की कुर्की-जब्ती की गयी है। ईडी कोर्ट से आदेश जारी होने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की थी। मामले में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा सहित अन्य जेल में है।



# झामूमो ने केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की घोषणा की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सत्तारूढ़ झामूमो केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की घोषणा कर दी गई है। सांसद सह झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के हस्ताक्षर से जारी केंद्रीय समिति में आठ उपाध्यक्ष, नौ महासचिव और सात सचिव बनाये गये हैं। वहीं लंबे अर्से से खाली पड़े कोषाध्यक्ष पर भी नियुक्ति कर दिए गये है। झामुमो के दिग्गज नेता विनोद कुमार पांडेय नये कोषाध्यक्ष बनाये गये हैं। वहीं डॉ. अशोक कुमार सिंह एवं मनोज कुमार पांडेय प्रवक्ता बनाये गये हैं। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन समिति के अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यकारी अध्यक्ष हैं। नई टीम में मंत्रियों और पार्टी के सांसदों को जिम्मेदारी दी गई है। बोरियो के विधायक लोबिन हेम्ब्रम को भी कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

**गठित टीम इस प्रकार हैं:** उपाध्यक्षः नलिन सोरेन, प्रो. स्टीफन मरांडी, चम्पई सोरेन, रूपी सोरेन, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद और बैद्यनाथ राम। महासचिवः विजय सिंह, फागु बेसरा, विनोद कुमार पांडेय (प्रवक्ता), सुप्रियो भट्टाचार्य (प्रवक्ता), सीता सोरेन, दीपक बिरूवा, सुदिव्य कुमार सोनू, मिथिलेश कुमार ठाकुर, चमरा लिंडा, बाबूलाल सोरेन। सचिवः योगेंद्र प्रसाद (प्रवक्ता), नंदकिशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद पिंटू, संजीव बेदिया, जोबा मांझी, संतोष रजवार, समीर मोहंती।कार्यकारिणी सदस्यः विजय हांसदा, महुआ माजी, बसंत सोरेन, हेमलाल मुर्मू, रवीन्द्रनाथ महतो, लोबिन हेम्ब्रम, डॉ. कमल नयन सिंह, मोहन कर्मकार,रामदास सोरेन, हिदायतुल्लाह खान, निरल पुरती, दशरथ गगराई, अमितेश सहाय, हफिजुल हसन, बेबी देवी, निजामुद्दीन अंसारी, सुमन महतो, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, जिग्गा सुसरण होरो, विकास सिंह मुंडा, मंगल कालिंदी, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी, गणेश चौधरी, मनोज यादव, राजू गिरी, अंजली सोरेन, परेश मरांडी, बिट्टू मुर्मू को शामिल किया गया है।

# नेपाल में झारखंड की वंदना टेटे को मिला आमंत्रण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 8 से 10 अगस्त को काठमांडू, नेपाल में आयोजित साउथ एशियन कम्युनिटी रेडियो कॉन्फ्रेंस में झारखंड की वंदना टेटे को आमंत्रित किया गया है। टेटे असुर अखड़ा मोबाइल रेडियो की कोऑर्डिनेटर और देश की जानीमानी आदिवासी लेखिका हैं। इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन 'वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी रेडियो ब्रॉडकास्टर' की एशिया-पैसेफिक रीजनल चैप्टर द्वारा किया जा रहा है।

एशिया-पैसेफिक रीजनल चैप्टर के डायरेक्टर सुमन बासनेट ने आमंत्रण में कहा है कि इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन दक्षिण एशिया में सामुदायिक प्रसारण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में हो रहा है। यह एक अवसर है कि हम कम्युनिटी रेडियो की उपलब्धियों की समीक्षा और भविष्य के कार्यक्रम पर चिंतन कर सकें। मुझे विश्वास है कि आपका सहभागी होना सम्मेलन के महत्व और परिणाम को बहुत बड़ा देगा। कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य रूप से इंटरनेट पर सामुदायिक रेडियो के प्रसारण, लैंगिक समानता, आदिवासी कम्युनिटी रेडियो और जलवायु परिवर्तन समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। वंदना टेटे ने कहा कि यह आमंत्रण असुर जैसे पीवीटीजी समुदाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हालांकि हमलोग न तो फ्रीक्वेंसी आधारित ब्रॉडकास्टर हैं और न ही हमारे पास अपना कोई व्यवस्थित स्टूडियो है। न ही इसको चलाने के लिए हमें कहीं से सरकारी या गैर-सरकारी मदद मिलती है। पर खतरे में पड़ी अपनी भाषा और पुरखौती ज्ञान परंपरा को बचाने के लिए हम यह रेडियो चला रहे हैं। ध्यातव्य है कि असुर अखड़ा मोबाइल कम्युनिटी रेडियो की शुरुआत 2020 की जनवरी में की गई थी। रोपनी असुर, असिंता असुर, सुखमनिया असुर, रोशनी असुर, मनिता असुर, चैत असुर, मेलन असुर और अजय असुर इसके प्रोग्रामर हैं जबकि सुषमा असुर, विवेक असुर और रमेश असुर इस अनूठे रेडियो के जॉकी हैं।

# इटकी, पिस्का और बेड़ो में उत्पाद विभाग की टीम ने की छापेमारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची जिला में अवैध शराब अड्डों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए जिला उत्पाद टीम ने अवैध शराब जब्त करते हुए इसमें संलिप्त लोगों को गिरफ्तार किया है।जिला उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार को इटकी थाना क्षेत्र के गोप्लाटोली, नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का और बेड़ो थाना क्षेत्र के टैरो में छापेमारी की। कार्रवाई में पिस्का से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि गोप्लाटोली से एक व्यक्ति भाग निकला। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस दौरान 400 किलो जावा महुआ और 120 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की गई।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों में जिला उत्पाद विभाग की टीम ने रांची एयरपोर्ट के पीछे चंदाघासी ग्राम, जगन्नाथपुर, धुर्वा, भुसूर, लोवाडीह के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध तरीके से चल रहे शराब अड्डे के खिलाफ कार्रवाई की है।

# पूर्व विधायक अमित महतो की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची :** अपर न्यायायुक्त मो. शहजाद की अदालत में पूर्व विधायक अमित महतो की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। अमित महतो और राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है। उनकी ओर से अधिवक्ता सुनील महतो ने बहस की। उल्लेखनीय है कि अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में दर्ज हुई थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने सहित कई आरोप लगे गये थे।

# उग्र रवैया अपनाने पर मजबूर न करें जमीन लुटेरे : बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड में अपने पाँव पसार चुके जमीन लुटेरे, आदिवासियों को अपना तीखा तेवर और उग्र रवैया अपनाने पर मजबूर न करें. उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस उत्सव-उत्साह की बजाय संघर्ष के अपने इतिहास को याद कर आगे बढ़ने का दिन है। उन्होंने कहा कि 22 साल में यह साबित हो गया है कि आदिवासियों के हित उनकी रक्षा-सुरक्षा की जोर-शोर से बात करनेवाले अनेक लोग वास्तव में बहुरुपिया हैं और उन्हें आदिवासी सभ्यता संस्कृति, जल, जंगल, जमीन की बजाय आदिवासियों की जमीन लूटने और आदिवासियों विशेषकर लड़कियों-महिलाओं को पलायन के लिये मजबूर करने से ही मतलब है। तिर्की ने कहा कि आदिवासी दिवस, केवल आदिवासियों के लिये नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक बहुत ही खास दिन है और यह दिन हमें अपने जीवन को बेहतर रूप देने के साथ ही अपने भविष्य को ढालने और जल, जंगल, जमीन को बचाने का संदेश देता है। लेकिन तिर्की ने कहा कि यदि इस दिवस को झारखण्ड के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये तो यहाँ जमीन लूट, बहुत ही विकट संकट के रूप में खड़ा हो गया है और इसके पीछे दलाल प्रवृति के कुछेक आदिवासियों के साथ ही वैसे तत्वों का हाथ है जिनका झारखण्ड में रहने का एकमात्र उद्देश्य शोषण उत्पीड़न, जमीन-खान-खदान की लूट और सस्ते मजदूर के लिये यहाँ के लोगों को पलायन पर विवश करना है। उन्होंने कहा कि किसी को भी इस बात पर संशय नहीं होना चाहिये कि जबतक झारखण्ड में जमीन का सम्मान होगा और उसे लूट से बचाया जायेगा, तभी तक आदिवासी संस्कृति, सभ्यता एवं जीवन का अस्तित्व है. तिर्की ने कहा कि पलायन वैसी समस्या है जिससे झारखण्ड का लगभग प्रत्येक आदिवासी परिवार किसी-न-किसी रूप में प्रभावित और प्रताड़ित हो रहा है। तिर्की ने कहा कि यदि रोजी-रोजगार के अभाव में झारखण्ड से पलायन, विशेष रूप से आदिवासी बालिकाओं एवं महिलाओं के पलायन पर रोक नहीं लगायी गयी और जमीन लूट को सख्ती से न रोका गया तो इसका खामियाजा पूरे झारखण्ड और यहाँ के लोगों को लंबे समय तक भुगतना पड़ेगा लेकिन सभी को यह याद रखना चाहिये कि आदिवासी समाज एकजुटता के साथ वैसे तत्वों का मुकाबला करेगा क्योंकि यहाँ कोई केवल खामोशी के साथ अपनी बर्बादी का तमाशा देखने को नहीं बैठा है।

उन्होंने कहा कि यदि आज अपनी जमीन को लुटने से न रोका गया तो फिर जल, जंगल, जमीन से हम आदिवासियों के जुड़ाव का भी कोई महत्व नहीं रह जायेगा।

# विश्व आदिवासी दिवस के 32 जनजातीय समूह के 32 स्टॉल में दिखाई देगा झारखंड

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर 32 जनजातीय समूह के 32 स्टॉल लगाए गए हैं,इस पूरे स्टाल में दिखाई देगा झारखंड और झारखंड की संस्कृति । सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 9 से 10 अगस्त तक दो दिवसीय विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित किये जानेवाले झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में झारखंड की जनजातीय कला-संस्कृति का अद्भुत, अनूठा समागम देखने को मिलेगा। यह अद्भुत नजारा रांची के पुराने जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में देखा जा सकेगा। राष्ट्रीय स्तरीय के इस कार्यक्रम में करीब 72 स्टॉल की प्रदर्शनी लगायी गई है,जिसमें मुख्य रूप से जनजातीय समूहों के भी स्टॉल होंगे।

**32 जनजातीय समूह के 32 स्टॉल की प्रदर्शनीः** झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में राज्य के 32 जनजातीय समूह के 32 स्टॉल की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की ओर से ये स्टॉल लगाये गए हैं। जिसमें राज्य के सभी 32 जन जातियों के कला-संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत जनजातीय स्वयं सहायता समूह के 05 स्टॉल भी लगाये जायेंगे। 06 स्टॉल कल्याण विभाग तथा 1-1 स्टॉल खादी और झारक्राफ्ट के भी होंगे।

**राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी मिलेगी जानकारीः** राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी यहां मिलेगी। कृषि, कल्याण, ग्रामीण



विकास, श्रम, शिक्षा, समाज कल्याण आदि से संबंधित योजनाओं सहित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद एवं बिरसा हरित ग्राम अभियान, सारथी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा ओवरसीज स्कॉलरशिप स्कीम (एमजीओएस) आदि से संबंधित स्टॉल लगायें गए हैं, ताकि लोग सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ लाभान्वित होने की प्रक्रिया भी जान पायेंगे। इसके अलावा जोहारग्राम, जोबरा, ट्राइबल इंडियन चेंबर एंड इंडस्ट्री, चाला अखड़ा खोरहा, लाइव आर्टिसन और डॉक्टर मनीषा उरांव ओपन फील्ड के भी स्टॉल लगायें जायेंगे।

**फिल्म फेस्टिवलः** जनजातीय पेंटिंग वर्कशॉप , फिल्म फेस्टिवल, लेजर एंड लाइट शो , फूड जोन बनाएं गए हैं। मुख्य मंच पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 9 अगस्त को कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करेंगे। कई सांसद विधायक मंत्री एवं कलाकार गण उपस्थित रहेंगे । कई सांस्कृतिक एवं जनजाति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वीआईपी पार्किंग की व्यवस्था अलग से की गई है , वही आमजन के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था किया गया है ।

**इस परंपरा से होंगे रु ब रुः** इस अवसर पर मुंडा, असुर, बैंगा, बंजारा, बथुडी, बेदिया, बिरजिया, चेरो, चिक-बड़ाईक, गोंड, गोडाईल, हो, करमाली, खड़िया, कंवर, खरवार, खोंड, बिंझिया, बिरहोर,किसान, कोरा, कोरवा, लोहरा, महली, माल पहाड़िया, सौरिया पहाड़िया, सवर, भूमिज उरांव, परहईया, कोल संथाल, जनजाति के कलाकार अपने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ मंच पर प्रस्तुति देंगे।

**ये राज्य होंगे शामिलः** झारखंड के लगभग सभी जिलों सहित असम, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश,ओडिसा, के जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधि अपनी परंपरा और संस्कृति से परिचय कराते नजर आयेंगे। मुख्य रूप से झारखंड की नागपुरी, सरायकेला का छऊ, डोमकच, पायका सहित कई नृत्य की प्रस्तुति होगी।

## खूंटी पुलिस को मिली बड़ी सफलता पीएलएफआई के पांच नक्सलियों को किया गिरफ्तार



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक, खूंटी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ राहू बोदश उर्फ लम्बू पे0 गोला बोदरा, सा0 निकलता थाना बदगाँव जिला प0 सिंहगुम अपने सक्रिय सदस्यों के साथ मुरहू थाना क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के ठिकेदारों एवं सप्ताहिक हाट बाजार लगाने वाले व्यापारियों से लेवी का रुपया लेने आया हुआ है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु रमेश कुमार अपर पुलिस अधीक्षक अभियान के निर्देशन में एवं श्री अमित कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खूंटी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा गुरहू थाना अंतर्गत जाते जंगल में सर्च अभियान के दौरान पाँच संदिग्ध व्यक्तियों को खदेड़कर पकड़ा गया तथा अन्य भाग गये । पकड़े गये व्यक्तियों के पास से देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का पर्चा, चंदा रसीद, मोबाईल, मोटरसाईकिल एवं नगद दस हजार रुपया ( 10000/- ) जप्त किया गया। कांड में सामिल सभी अभियुक्तों के विरूद्ध मुरहू थाना में सुसंगत धाराओ के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया।

## पिपरवार के बचरा बस्ती के पास गड्ढे में फंसा कोल वाहन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती स्थित पतरातू-मैक्लुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर एक कोल वाहन के गड्ढे में फंसने से उक्त मार्ग पर करीब 15 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सड़क जाम रहने के कारण उक्त मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार देखी गई।इस दौरान यात्रियों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।जानकारी के मुताबिक झारखंड सरकार के द्वारा पतरातू से मैक्लुस्कीगंज तक सड़क का निर्माण कराया गया है।इस बीच पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बस्ती के समीप करीब एक किलोमीटर तक सड़क निर्माण कार्य मुआवजा लंबित होने का कारण नही कराया गया है।उक्त एक किलोमीटर तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है।सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण बरसात के इस मौसम में उसमें पानी भर गया है,जबकि उक्त मार्ग पर कई कोल वाहनों का परिचालन होता है।रविवार की रात पिपरवार से कोयला लेकर जा रही एक ट्रक गड्ढे में फंस गई,जिसे निकालने में ट्रक मालिक सहित अन्य लोगों के पसीने छूट गया।ट्रक के गड्ढे में फंसने के बाद उक्त मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गई,जिसके बाद सड़क जाम होने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई।कुछ छोटे वाहन बचरा बस्ती के ग्रामीण इलाकों से आवागमन करते देखे गए। ट्रक मालिक और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग के बाद काफी मशक्कत से ट्रक को गड्ढे से बाहर निकाला गया, जिसके बाद करीब 15 घंटे के बाद उक्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मुआवजा लंबित होने के कारण सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा करीब एक किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है,जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।वही आवागमन करने वाले लोगों ने जल्द बचे हुए सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।

## अनुभवी कामगार के साथ सामाजिक कार्यकर्ता रहे हैं अरूण सिंह

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनके एरिया के डकरा साइडिंग के सीनियर लोडिंग इंस्पेक्टर अरूणकुमार सिंह का अनुभव साइडिंग मैनेजर सरीखे सीसीएल अधिकारियों के काम आता रहा है. 41 साल सीसीएल को सेवा देकर सेवानिवृत होने वाले अरूण सिंह के सम्मान में डकरा साइडिंग कार्यालय में एक समारोह आयोजित किया गया. सीसीएल अधिकारियों सहित साथी कामगारों ने उन्हें साल ओढाकर, माला पहनाकर, बुके व उपहार देकर सम्मानित किया. समारोह में मौजूद डकरा परियोजना के खान प्रबंधक एलएन राणा ने उन्हें अपना मित्र बताते हुए बधाई दी. कहा कि यह मात्र एक संवैधानिक विदाई है. उन्हें कुशल अनुभवी कामगार के साथ सामाजिक कार्यकर्ता बताया. अरूण सिंह डकरा दुर्गा मंडप पूजा कमेटी के लगातार विगत पांच सालों से अध्यक्ष भी हैं. साइडिंग मैनेजर राजीव रंजन व रेलवे यातायात निरीक्षक उमेश कुमार ने कहा कि कार्य के दौरान अरूण सिंह के अनुभवों से बहुत कुछ सीखने को मिला. अरूण सिंह ने कहा कि वे भले ही सेवानिवृत हुए हैं परंतु साइडिंग में कभी भी उनके अनुभव की आवश्यकता हुई तो वे हाजिर रहेंगे. साथी कामगारों ने अपने अनुभव साझा किए. संचालन उदयकुमार सिंह ने किया. समारोह में विक्रांत मिंज, आदर्श जे, शैलेंद्र सिंह, कृष्णमुरारी तिवारी, बृहस्पति राम, देवपाल मुंडा, राकेश पांडेय, राजेश रंजन, कमलेश, जावेद खान, केदार यादव, राजेश साव, प्रदीप, राजेश तिवारी, सिकंदर, मनीष, महावीर, देवनाथ आदि शामिल थे.

## रांची टाटा मार्ग पर दिउड़ी मंदिर के समीप एक्सीडेंट, एक की मौत

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा मार्ग नेशनल हाइवे 33 पर दिउड़ी मंदिर के निकट एक अज्ञात ट्रेलर ने कंटेनर एव पिकअप वैन को मारी टक्कर जिससे एक की मौत हो गयी। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के बाद रिम्स रांची बेहतर इलाज के लिए भेजा गया । घटना अहले सुबह की बतायी जाती है । बताया जाता है कि रॉन्ग साइड से एक अज्ञात टेलर काफी तेज गति से जाते हुए पहले कंटेनर को टक्कर मारी फिर सब्जी लदी पिकअप वैन को टक्कर मारी इस टक्कर में कंटेनर के चालक मोहम्मद फैजान मलकपुर मैनाठेर मुरादाबाद की मौत जबकि खलासी गुरेर मैनाठेर मुरादाबाद निवासी किशन पॉल, तथा पिकअप वैन के चालक नारायण महती खलासी तपन बेरा उड़ीसा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सदल बल घटनास्थल पहुंचे। एवं घायलों को वाहन से बाहर निकाल कर इलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया । वही शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेजा दिया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक टेलर लेकर फरार हो गया।

## गोल्ड मेडल जीत कर विद्यालय एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया : अनुराधा मुंडा

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोंदलीपोखर मध्य एवं उच्च विद्यालय हेसल अनगड़ा के पांचवीं वर्ग के दो छात्र शशि मुंडा और नीरज बेदया ने तैसवीं झारखंड राज्य जुनियर एवं सब जुनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता 4अगस्त से 6अगस्त तक धनबाद में आयोजित किया गया था। स्वर्ण पदक विजेता दोनों छात्रों को विद्यालय के सचिव सह झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी एवं स्कूल के आजीवन सदस्य और क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार महतो भाजपा नेता रामसाय मुंडा शुभकामनाएं दिए।

## उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के साथ की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, आरईओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभागवार संचालित योजनाओं की समीक्षा की एवं कार्यपालक अभियंताओं व संबंधित पदाधिकारीयों को लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कार्यपालक अभियंता आरईओ को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। इसी क्रम में उपायुक्त ने विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत ली गई योजना के तहत कार्य प्रगति की समीक्षा की।



योजनाओं को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को निर्माण व मरम्मति कार्यों में तेजी लाते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनउपयोगी योजनाओं को संचालित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लाभान्वित करने का उद्देश्य है। इसी क्रम में उन्होंने भवन निर्माण के तहत निर्माणाधीन सब हेल्थ सेंटर,मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र व अन्य निर्माण कार्यों की जानकारी ली साथ ही सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये।

उपायुक्त ने कहा कि हमारे सामूहिक प्रयास से सतत विकास के लक्ष्यों के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आ सकता है। लतरातू व अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए संचालित योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही स्वास्थ्य उप केंद्रों के निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सुव्यवस्थित रूप से बेहतर व्यवस्था व प्रबंधन सुनिश्चित करते हुए व्यापक बदलाव लाने की जरूरत है ताकि समग्र विकास सुनिश्चित करते हुए एकीकृत एवं समावेशी विकास को बढ़ाया जा सकेगा।

## रिमझिम बारिश में भी भोलेनाथ के दर्शन कर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिव को किया जलाभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सावन के पावन महीने में अधिकमाह की तीसरी और सावन माह की पांचवीं सोमवारी पर रिमझिम बारिश में भी भोलेनाथ के दर्शन कर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिव को जलाभिषेक किया. श्रद्धालुओं ने सुबह से हीं शिवालयों में जाकर भगवान शिव को फूल, बेलपत्र, अक्षत, रोड़ी, प्रसाद अर्पित कर उनकी आराधना की। क्षेत्र के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर, पुराने जानकी रमण मंदिर, धमधमियां नौ नंबर शिवालय, करकट्टा शिवालय, खलारी बाजारटांड शिवालय, न्यू शांति नगर शिवालय, अमृत नगर शिवालय, मोहननगर, डकरा, बीटाईप, सुभाषनगर आदि जगहों के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गयी थी. इन सभी शिवालयों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहे शिवभक्तों ने बम-बम भोले के जयकारे से शिवालय गूंज उठा.

## राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** मोदी सरनेम पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा रोक लगाए जाने और संसद में उनकी सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेस पार्टी के पिपरवार कमेटी के कार्यकर्ताओं ने खुशी प्रकट की है।कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस ने खुशी प्रकट करते हुए राहुल गांधी को बधाई दी है।दोनों नेताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से सच्चाई की जीत हुई है।देश में राहुल गांधी आम जनता की आवाज



बनकर काम कर रहे हैं,जिससे भाजपा के लोगों में बेचैनी बढ़ गई है। राहुल गांधी की लोकप्रियता को देखते हुए उसे फंसाने का काम किया गया था,लेकिन सुप्रीम कोर्ट से नफरत की हार और मोहब्बत की जीत हुई है।आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ केंद्र में सरकार बनाने का काम करेगा।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया।राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेस के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।बधाई देने वालों में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह,चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, जिला महासचिव अब्दुल कुदूस, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,मिथिलेश कुमार शर्मा, अनूप सिकदर,अब्दुल अंसारी, नकुल प्रसाद, मोहम्मद कुर्बान,सुमन कुमार मिश्रा,वसीम रजा सहित कई कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

## सावन की पांचवी सोमवारी पर कोयलांचल के मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में सावन की पांचवी सोमवारी पर श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी गई।रिमझिम बारिश के बीच श्रद्धालु भक्त मंदिर पहुंचकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया।पांचवी सोमवारी पर महादेव को जलार्पण करने के लिए पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। बारिश के फुहारों के बीच कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना रहने के कारण भक्तों को



गर्मी से राहत मिली।क्षेत्र के झारखंडी शिव मंदिर पुरनीराय,बेंती शिव मंदिर,राय,कल्याणपुर,चुरी, बचरा बस्ती,राय बस्ती सहित बचरा शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्त जलार्पण करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते देखे गये। श्रद्धालुओं में महिलाओं और युवतियों की संख्या ज्यादा देखी गई जो पुरी तन्मयता एवं श्रद्धा भाव से बेलपत्र, धतुरा, फुल, अक्षत, रोली, चंदन के साथ भगवान शिव का जलार्पण एवं श्रृंगार कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु पुजा पाठ कर रही थी। इस अवसर पर बचरा स्थित शिव मंदिर में सभी श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का भी वितरण किया गया।

## बचरा साइडिंग में हुई युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की समस्या को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन सीएचपी/सीपीपी परियोजना की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता यूनियन के सीएचपी/सीपीपी शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्ला और संचालन सचिव कयुम अंसारी ने किया।बैठक में अंसगठित मजदूरों की समस्या पर विचार विमर्श किया गया।इस दौरान उपस्थित मजदूरों ने अपनी विभिन्न समस्या को बैठक में प्रमुखता के साथ उठाया। साथ ही मजदूरों को



कम मजदूरी मिलने पर आक्रोश प्रकट किया गया।बैठक मे मजदूरो के न्युनतम मजदूरी, अवकाश,स्वास्थ्य सुविधा, सीएमपीएफ,पेंशन सहित अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में आगामी 10 अगस्त को रांची के राजभवन के समक्ष संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर होने वाले राष्ट्रव्यापी महापड़ाव में भाग लेने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्ला ने कहा कि बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों का शोषण किया जा रहा है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मजदूरों के हक और अधिकार को लेकर एटक का संघर्ष लगातार जारी है।यदि प्रबंधन असंगठित मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो यूनियन के बैनर तले उग्र आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने सभी मजदूरों को एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद अब्दुल्ला,कयूम अंसारी,मोहम्मद रहमतुल्ला, बंटी मोदी,चमन महतो, बिजली महतो,अर्जुन प्रसाद, बाल गोविंद महतो,शंकर महतो,दिलीप कुमार चौधरी, भोला महतो,मुंशीनाथ महतो, दिलीप महतो,चंद्रदेव ठाकुर, कृष्णा महतो,रविंद्र महतो, सुखदेव महतो सहित काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने आर्थिक मदद किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने खलारी के चुरी दक्षिणी पंचायत के अम्बा टोंगरी में स्वर्गीय अंजली कुमारी के परिजन को आर्थिक मदद किया. बीरेंद्र मुंडा के बेटी स्वर्गीय अंजली कुमारी का सांप काटने से मृत्यु हो गया था जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने घर जाकर संवेदना व्यक्त करते हुए ही आर्थिक मदद किया व खाद्य सामग्री दिया. अंसारी ने आगे भी परिवार वालों को हर संभव मदद करने का आश्वासन ।

## खलारी के श्रीराम जानकी मंदिर में दोहराया जा रहा है रामचरितमानस का पाठ

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के श्रीजानकीरमण मंदिर में प्रत्येक वर्ष सावन महीने में रामचरितमानस का मासपारायण पाठ होता आ रहा है. संपूर्ण रामचरितमानस के पाठ को 30 दिनों में पूरा करने की पारायण विधि को मासपारायण कहा जाता है. इस वर्ष दो सावन माह होने के कारण रामचरित मानस का पाठ दोहराया जा रहा है. श्रीराम जानकी मंदिर में मासपारायण पाठ की शुरूआत करीब चार दशक पहले वास्ताराम जी के द्वारा की गई थी. मंदिर के तत्कालीन अध्यक्ष गोपालनारायण सिंह ने इस धार्मिक कार्यक्रम को प्रत्येक वर्ष जारी रखा. दोनों के मृत्यु के बाद एसीसी कालोनी तथा आसपास के श्रद्धालुओं ने मासपारायण पाठ को जारी रखा. रामचरितमानस के सातों कांडों को विश्राम में इस तरह बांटा गया है कि 30 दिन में रामचरितमानस का एक बार संपूर्ण पाठ हो जाए. श्री जानकीरमण मंदिर में प्रत्येक शाम पाठ शुरू करने से पहले तुलसीदासजी, वाल्मीकिजी, शिवजी तथा हनुमानजी का आह्वान पूजन किया जाता है. इसके बाद श्रीसीतारामजी के आह्वान के साथ पाठ आरंभ किया जाता है. हर दिन रामचरितमानस का उस दिन का पाठ पूरा होने के बाद रामायण की आरती की जाती है तथा प्रसाद वितरण किए जाते हैं. हर दिन कोई नया श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाने का बीड़ा उठाता है. मंदिर कमेटी का भी इस कार्यक्रम में काफी सहयोग रहता है. मासपारायण का पाठ करने वालों में उदयकांत झा, मीरा देवी, मंजू श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, अनुभा सिंह, गीता अग्रवाल, बीरेन्द्र श्रीवास्तव, मदन श्रीवास्तव, अजय सिंह, वशिष्ठ पांडेय आदि शामिल होते हैं.


झारखण्ड सरकार,
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग),
जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा

आवश्यक सूचना

जिले के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है:–

| Company | UREA Ind./Imp. | DAP Ind./Imp. | MOP | SSP | Complex 20:20:0:13 | Complex 12:32:16 | Complex 16:16:16 | Complex 14:28:00 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| KFL/KRIBHCO | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| IPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | - | 1250.00 | | 1250.00 | |
| MATRIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| PPL | - | - | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोटः– 1. यूरिया की प्रति बोरी 45 किलों के पैक में होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 किलों के पैक में होती है।

2. यदि किसी भी खुदरा उर्वरक विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकरी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है।

1. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 304191 Agriculture(23-24).D



BIT SINDRI, DHANBAD (JHARKHAND)
(Under Department of Higher and Technical Education, Govt. of Jharkhand, Ranchi)
P.O. - BIT Sindri Institute, Dhanbad – 828123

आवश्यक सुचना

बी. आई. टी. सिंदरी, धनबाद के परिसर में स्थापित सीमेंस, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (SIEMENS COE) के आधुनिक प्रयोगशालाओं में निम्नलिखित पाठ्यकर्मों में निः शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा हैं। इन पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थी तालिका में निर्देशित संकायों एवं योग्यता के अनुसार अपना आवेदन बी. आई. टी. सिंदरी, धनबाद के परिसर में स्थापित सीमेंस, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (SIEMENS COE) के कार्यालय में कर सकते है। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी प्रत्येक माह दिनांक 01 (एक) से 10 (दस) तक अपना आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया QR code स्कैन कर Google Form के माध्यम से भर कर पूरा कर ले। चयन एवं प्रशिक्षण प्रारम्भ विद्यार्थिओं की उपस्थित संख्याओं के आधार पर किया जायेगा।

| Sl. No | Name of the course | Pre-requisite Qualification | Pre-requisite course completion | Duration |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Essentials for NX Designers | Diploma/Degree in Mechanical / Production | | 40 Hrs. |
| 02 | Synchronous Modeling & Parametric Design | Diploma/Degree in Mechanical / Production | After completion of Essentials for NX Designers | 24 Hrs. |
| 03 | Intermediate NX Design and Assemblies | Diploma/Degree in Mechanical / Production | After completion of Synchronous Modeling & Parametric Design | 40 Hrs. |
| 04 | NX CAE Nastran | Diploma/Degree in Mechanical / Production | After completion of Essentials for NX Designers | 40 Hrs. |
| 05 | ROBCAD | Diploma/Degree in Mechanical / Production | After completion of Essentials for NX Designers | 40 Hrs. |
| 06 | Basics of Induction Motor | Diploma/Degree in Electrical / ECE / EEE | | 24 Hrs. |
| 07 | Basics of AC / DC Drive | Diploma/Degree in Electrical / ECE / EEE | After completion of Basics of Induction Motor | 40 Hrs. |
| 08 | Low Voltage Switch Gear | Diploma/Degree in Electrical / ECE / EEE | After completion of Basics of Induction Motor | 40 Hrs. |
| 09 | Basics of PLC | Diploma/Degree in Electrical / ECE/ CSE/ IT/ EEE | | 50 Hrs. |
| 10 | NC Programming (Turning) | Diploma/Degree in Mechanical / Production | | 32 Hrs. |
| 11 | NC Programming (Milling) | Diploma/Degree in Mechanical / Production | | 32 Hrs. |
| 12 | 828 – D Turning operating & programming | Diploma/Degree in Mechanical / Production | After completion of NC Programming (Turning) | 32 Hrs. |
| 13 | 828 – D Milling operating & programming | Diploma/Degree in Mechanical / Production | After completion of NC Programming (Milling) | 32 Hrs. |
| 15 | Rapid Prototyping (3D – Printing) | Diploma/Degree in Mechanical / Production | After completion of Essentials for NX Designers | 08 Hrs. |
| 16 | Basics of Process Instrumentation | Diploma/Degree in Mech/Electrical/Chem/ECE | | 50 Hrs. |
| 17 | Basics of Mechatronics | Diploma/Degree in Mech/ Electrical/ ECE | After completion of Basics of PLC | 40 Hrs. |
| 18 | Lift Maintenance / Auto Body Paint and Repairs | Minimum 10th Pass | | 40 Hrs. |

**नोट:** इच्छुक विद्यार्थी प्रशिक्षण के समय निम्नलिखित आवश्यक प्रमाण–पत्र की छाया–प्रति सलंगन करेंगे तथा सलंगन छाया–प्रति की मूल–प्रमाण प्रति जाँच के लिए लेकर आना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उनकी निबंधन अमान्य हो जाएगी :-

1. पूर्व के सेमेस्टर में उन्नतिं मार्क्स–शीट की छाया– प्रति।
2. आधार कार्ड की छाया–प्रति।
3. दो रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो।
4. कॉलेज द्वारा निर्गत परिचय–पत्र की छाया–प्रति।
5. ट्रेनिंग से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए निमांकित मोबाइल नंबर पर 9:00 AM से 6:00 PM तक सम्पर्क किया जा सकता है:
   92040 27721: (Mr. Subhash Majumder)
   99395 52988: (Mr. Sohan Lal Hembram)

QR Code for Registration

ह0/-
निदेशक
बी. आई. टी. सिंदरी

PR 304147 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 23-24 (D)

## टाइगर जयराम पटमदा में आज करेंगे शहीद निर्मल महतो की मूर्ति का अनावरण

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो 8 अगस्त को वीर शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस के मौके पर पटमदा प्रखंड की ओड़िया पंचायत के वनडीह मोड़ व कमलपुर पंचायत के चड़कपाथर गांव में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से दोनों जगहों पर बनाये गए वीर शहीद निर्मल महतो की मूर्ति का अनावरण करेंगे। इसकी तैयारियां आयोजक कमेटी की ओर से देर शाम तक पूरी कर ली गई है। इस संबंध में युवा नेता विश्वनाथ महतो ने बताया कि सबसे पहले वनडीह मोड़ पर कार्यक्रम होगा उसके बाद युवाओं की टीम बाइक रैली के साथ टाइगर के साथ चड़कपाथर पहुंचेंगे। यहां से निर्मल महतो के समाधि स्थल कदमा उलियान जाएंगे और शहीद निर्मल महतो की मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

## भायली महिला मण्डल का सावन सिंधारा महोत्सव आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक एंव धार्मिक संस्था भायली महिला मण्डल सोनारी द्धारा राणी सती दादी जी का सावन सिंधारा महोत्सव 8 अगस्त मंगलवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस संबंध में संस्था की अध्यक्ष कविता अग्रवाल और सचिव मंजु अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि संस्था द्धारा इस साल आठवां महोत्सव मनाया जा रहा हैं। जिसमे हर वर्ष की तरह इस चर्ष भी श्री राणीसती दादीजी का महा मंगल-पाठ का आयोजन होगा। शहर के प्रसिद्ध पाठ वाचक महाबीर अग्रवाल मुन्ना मंगल पाठ का वाचन करेंगें। महोत्सव को सफल बनाने की तैयारी में कविता अग्रवाल, राधा अग्रवाल, श्वाती अग्रवाल, लक्ष्मी झुमकी अग्रवाल समेत सभी सदस्य लग गये हैं।

## गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर स्थायी टीओपी स्थापित की मांग

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजद प्रदेश महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव ने कोल्हान प्रक्षेत्र के डीआईजी एवं जिले के पुलिस अधीक्षक से गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर स्थायी टीओपी स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि आदित्यपुर एवं गम्हरिया थाना क्षेत्र में बढ़ती अपराधिक घटनाओं को देखते हुए लाल बिल्डिंग चौक पर स्थित निर्मित पुलिस बीट में एक पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति अत्यंत आवश्यक हो गया है। पूर्व से निर्मित टीओपी भवन में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने से आम लोगों एवं दुकानदारों को इन समस्याओं से निजात मिलेगी। बीते रविवार को गम्हरिया में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में लूटपाट इसका जीता जागता उदाहरण है कि यहां के दुकानदार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत हुई है : त्रिशानु

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता सोमवार को बहाल हो गई।



कांग्रेस जिला महासचिव त्रिशानु राय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत , अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत, असत्य के खिलाफ सत्य की जीत, तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की जीत और षड्यंत्रों के खिलाफ इंडिया की जीत हुई है। राहुल गांधी के माध्यम से संसद में सड़क की आवाज फिर गूंजेगी ।

## जन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों की बैठक, सड़क और नाली निर्माण की उठी मांग



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत रोलाडीह गांव में विभिन्न जन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक मुंडा पोडे सामड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉक्टर विजय सिंह गागराई मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने विभिन्न समस्या से अवगत कराया।इस दौरान समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि गांव की जन समस्याओं को लेकर जल्द ही उपयुक्त से मुलाकात कर पत्र सौंपा जाएगा और समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर रामराई सामड, बुधन सिंह सामड, समम सामड, कांडे सामड, वीर सिंह सामड, रामलाल सामड, राम सिंह सामड, श्यामलाल सामड, कृष्णा महतो, रूपलाल महतो, तूराम सामड आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## उपायुक्त ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर की समीक्षा बैठक

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मतदात सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम,2024 से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में घर-घर मतदाताओं का सत्यापन कार्य में कम उपलब्धि हासिल करनेवाले सुपरवाइजर को 14 अगस्त 2023 तक 70 प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण करने, 60 प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण करनेवाले सुपरवाइजर को सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। नए मतदाता समेत विभिन्न फार्म की संख्या बढ़ाये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही,जो फार्म प्राप्त हो गये हैं उनकी ऑनलाईन इंट्री सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। जिन मतदाताओं का फोटो खराब है उन्हें बदलने का निदेश दिया गया।

### स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक गागराई के साथ किया आमदा में निर्माणाधीन 500 बेड अस्पताल का निरीक्षण

# जल्द अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण करायेंगे : बन्ना गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खरसावां :** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सोमवार को खरसावां विधायक दशरथ गागराई के आग्रह पर खरसावां के आमदा स्थित निर्माणाधीन 500 बेड का अस्पताल भवन का औचक निरीक्षण किया. मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्थानीय विधायक दशरथ गागराई समेत स्थानीय लोगों से अस्पताल निर्माण कार्य में हुए देरी की जानकारी ली. इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मामलों में लेट-लतिफी बर्दाश्त नहीं की जायेगी. उन्होंने कहा कि जल्द ही इस योजना की रिव्यू करेंगे. जहां भी कमी खामियां है, उसे दूर कर अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा कराया जायेगा. राज्य की हेमंत सोरेन सरकार निश्चित रुप से अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण कर इसका लाभ आम लोगों तक पहुंचायेंगी. उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में स्वस्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले छह माह से कार्य बंद पड़े हुए है. योजना को 2014 में पूरा होना था, शिलान्यास के 12 साल गुजर जाने के बाद भी अस्पताल भवन का 70 फिसदी कार्य भी पूरा नहीं हो सका है.

**कोल्हान के लिये महत्वपूर्ण योजना, 2024 से पूर्व अस्पताल को पूर्ण करें : गागराई**

मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि संवेदक की शिथिलता के कारण ही शिलान्यास के 12 साल बाद भी खरसावां के आमदा में 500 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है. गागराई ने कहा कि उन्होंने मंत्री जी से आग्रह किया है कि वर्ष 2024 से पूर्व अस्पताल का निर्माण कार्य को पूर्ण करायें, ताकि इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिले. स्वास्थ्य मंत्री ने 24 से पूर्व इस अस्पताल को पूर्ण कर जनता समर्पित करने का आश्वासन दिया है. अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मुख्य रुप से एडीसी सुबोध कुमार, एसडीएम रामकृष्ण कुमार, सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार सिंह, बीडीओ गौतम कुमार, विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) अनूप सिंहदेव, भवेश मिश्रा, सुधीर मंडल, सुरेश मोहंती, देवीलाल बोदरा, साधु चरण बोदरा, भुवनेश्वर महतो, हिमांशु प्रधान, मदन प्रधान आदि मौजूद थे.मालूम हो कि आमदा में 500 बेड के अस्पताल का शिलान्यास तत्कालिन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने वर्ष 2011 में किया था. खरसावां के आमदा में निर्माणाधीन 500 बेड़ का अस्पताल 11 साल बाद भी अधुरा है. जानकारी के अनुसार 18 मई 2011 को खरसावां के आमदा के आमदा में 500 बेड के अस्पताल निर्माण के लिये 153 करोड 96 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी थी. इसके लिये नयी दिल्ली की एनबीसीसी लिमिटेड के साथ एकरारनामा किया गया. एकरारनामा के अनुसार इसे 26 फरवरी 2014 को पूरा करना था।

## स्कॉट कूपर की अगुवाई में जमशेदपुर एफसी ने अपने प्री-सीजन की शुरुआत की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने घरेलू मैदान पर हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सीजन की शुरुआत से पहले औपचारिक रूप से अपने प्री-सीजन की शुरुआत कर दी है.मुख्य कोच स्कॉट कूपर ने क्लब में कई नए खिलाड़ियों को शामिल किया है, जो सहायक कोच किजा रमादानी, सहायक कोच नोएल विल्सन और गोलकीपिंग कोच ड्रैगन ड्रैस्कोविक के साथ घर पर खेलकर अभ्यस्त होने की कोशिश करेंगे. वुंगंयाम मुइरंग, प्रोवेट लाकड़ा और इमरान खान जैसे नए भारतीय खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम में शामिल नए विदेशी खिलाड़ी एलेन स्टीवनोविक, री ताचिकावा, जेरेमी मंज़ोरो, एल्सिन्हो और पेटार स्लिस्कोविक जैसे नए चेहरों के शामिल होने से टीम तरोताजा दिखती है. हेड कोच स्कूट कूपर ने कहा, प्री-सीजन का निर्माण सावधानी से एक योजना के साथ किया गया है.पहली टीम गोकुलम केरला, पंजाब एफसी, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और अन्य संभावित टीमों के साथ 6-8 फ्रेंडली मैच खेलने के लिए तैयार है, जबकि टीम को श्रीनिधि डेक्कन और बेंगलुरु के खिलाफ दो फ्रेंडली मैच खेलने के लिए हैदराबाद की यात्रा करनी है. हीरो आईएसएल अभियान इस साल सितंबर के तीसरे सप्ताह में शुरू होने वाला है और एक अन्य टीम के शामिल होने के कारण सीजन लंबा होने की उम्मीद है.

**इस सीजन के लिए जमशेदपुर एफसी की टीम इस प्रकार है-** गोलकीपर - रेहेनेश टीपी, विशाल यादव, रक्षित डागर और आयुष जेना. डिफेंडर - प्रोवेट लाकड़ा, रिकी लालावमावमा, मुहम्मद उवैस मोयिक्कल, वुंगंगयम मुइरंग, लालदीनपुइया पचुआउ, एलसिन्हो, प्रतीक प्रभाकर चौधरी, तेलेम सफाबा सिंह और निखिल बारला।

## जेबीकेएसएस का प्रखंड प्रभारी बने दुबराज महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड अंतर्गत जानूम पंचायत में जेबीकेएसएस की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई। जिसमे कुकडू प्रखंड के सर्वसहमति से सक्रिय सदस्य दुबराज महतो को प्रखंड प्रभारी बनाया गया। कुकड़ू प्रखंड के सदस्यों ने कहा की हम संगठित रूप से आगे बढ़ने की आवश्यकता है ताकि क्षेत्र का विकास हो। मौके पर फूलचंद महतो, विष्णुपद महतो, गोपेश महतो, पूर्णशाशी, विनोद गोप, सहदेव कुम्हार, सोमचंगोपेश महतो, प्रवक्ता द सिंह, फूलचंद, गौतम चिरंजीत, मोनज, मुकेश, सीमांत, मंगल महतो, आशुतोष कालिंदी, उत्तम, प्रेम,आदित्य, रिंकू महतो, परमेश्वर महतो, चेतन,नरेश आदि उपस्थित थे।

## सांसद ने प्रश्नोत्तर काल में सुवर्ण वणिक जाति को केंद्रीय ओबीसी की सूची में सूचिबद्ध करने की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सांसद विद्युत वरन महतो ने आज लोकसभा में प्रश्नोत्तर काल के दौरान सुवर्ण वणिक जाति को केंद्रीय ओबीसी की सूची में सुचिबद्ध करने की मांग केंद्र सरकार से की है। सर्व विदित हो कि सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से अत्यंत पिछड़े हुए सुवर्ण वणिक समाज का एक प्रतिनिधिमंडल विगत दिनों सांसद से मिलकर एक सूत्री मांग पत्र सौंपा था, जिसे सांसद महतो ने सहर्ष स्वीकार करते हुए पुरे समाज को आश्वस्त किया था कि इस पर मैं केंद्र सरकार से वार्तालाप करूँगा। इसी के आलोक में आज उन्होंने सुवर्ण वणिक जाति को केंद्रीय ओबीसी सूची में सुचिबद्ध करने की मांग की ।

## गुंजन चौहान के नेतृत्व में शानदार रहा कवि सम्मेलन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** क्षितिज संस्था लेखक संघ और शकुंतला हिंदी सांस्कृतिक एवं दर्पण के संयुक्त तत्वाधान में रांची में कवयित्री गुंजन चौहान के सफल नेतृत्व में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें रांची जमशेदपुर के अलावा उत्तर प्रदेश के चंदौली से आए कविगणों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में क्षितिज संस्था की प्रमुख गुंजन चौहान, मुख्य अतिथि विनोद सिंह पूर्व पार्षद, विशिष्ट अतिथि अनीस मिश्रा की गरिमामई उपस्थित रही। कवि सम्मलेन का संचालन हास्य कवि कुमार संजय ने कियाजबकि शुभारंभ सुरिंन्द्र कौर नीलम ने सरस्वती वंदना से किया। इसके बाद कुमार संजय, चंदौली उत्तर प्रदेश से आए कृष्णा मिश्रा, कवयित्री गुंजन चौहान, शालिनी साहवा, मीना बंधन, निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी, अंकिता सिन्हा, कवि चंदन प्रजापति, अमन प्रियदर्शी, कवयित्री सच्ची त्रिपाठी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देखकर कवि सम्मेलन में चार चांद लगा दिया।

## 12 दिन के बाद ईचागढ़ पुलिस ने अपहृत बच्चे को रांची से किया बरामद, अभियुक्त को भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक से अपहृत 9 वर्षीय बच्चा नागेन्द्र राठौर को ईचागढ़ पुलिस आखिर 12 दिनों के बाद सकुशल बरामद कर लिया। बच्चा बरामदगी के बाद सोमवा रथर को चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बरामदगी के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 25 जुलाई को ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक से 9 वर्षीय नागेन्द्र राठौर का प्लास्टिक बोतल चुनने वालों ने अपना ओटो में बैठाकर अपहरण कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि मामले पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी गौरव मिश्रा व अनुसंधानकर्ता एस आई शैलेन्द्र टुडु एवं टीम रविवार



को रांची के धुर्वा थाना के जगन्नाथपुर से अपहरणकर्ता अभियुक्त मनपुरन मलहार को गिरफ्तार किया गया व उसके सीनादेही पर मनपुरन के घर से बच्चा को सकुशल बरामद किया गया। अपहरण में प्रयुक्त आटो को भी जप्त कर लिया गया एवं अभियुक्त मनपुरन मलहार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## सांसद ने रेल मंत्री से पूर्व की भांति ट्रेनों का ठहराव व स्टेशनों का नाम बांग्ला में लिखने का किया अनुरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने सोमवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर विभिन्न मामलों को उनके समक्ष रखा। उनमें से मुख्य रूप से कोरोना काल के पूर्व ट्रेनों का ठहराव करने का मांग किया। इसमें मुख्य रूप से राखामाइन्स स्टेशन पर उत्कल एक्सप्रेस का ठहराव, गालूडीह स्टेशन पर इस्पात एक्सप्रेस, शालीमार कुर्ला एवं टाटा खड़गपुर ट्रेन का ठहराव, घाटशिला स्टेशन पर संतरागाछी अजमेर एक्सप्रेस एवं



शालीमार गोरखपुर ट्रेन का ठहराव शामिल है । इसके अतिरिक्त हावड़ा रांची ट्रेन को प्रतिदिन चलाने का मांग सांसद महतो ने किया है। सांसद महतो ने टाटा एसएमवीटी एवं टाटा एर्नाकुलम ट्रेन का फेरा बढ़ाने का मांग भी किया है । इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी रेलवे स्टेशनों पर बांग्ला भाषा में स्टेशन का नाम पुनः अंकित करने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में सभी रेलवे स्टेशनों से बांग्ला भाषा में लिखित नाम को हटा दिया गया है। इस संबंध में सांसद महतो ने एक पत्र देकर उनसे आग्रह किया है कि इसे पूर्व की भांति किया जाए।

## बाबूलाल सोरेन को तीसरी बार केंद्रीय महासचिव बनने पर यूसील श्रमिक संगठन ने मनाया जश्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** बाबूलाल सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय महासचिव तीसरी बार चुने जाने पर जादूगोड़ा में यूसील श्रमिक संगठन सिंहभूम यूरेनियम मजदूर यूनियन में जश्न का माहौल है। इधर इस मौके पर यूसील अस्पताल के समक्ष यूनियन कार्यालय में सिंहभूम यूरेनियम मजदूर यूनियन नेता भोगला मार्डी की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित की गई जहा यूनियन के अध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव के पद पर तीसरी बार बाबू लाल सोरेन चुने जाने पर उन्हें बधाइयों का तांता लगा हुआ है। इस मौके पर यूसील मजदूर नेता भोगला मार्डी व महामंत्री रमेश माझी ने उन्हें गुलदस्ता दिया और मिठाई बांटकर जश्न मनाया।

## भास्कर ने थामा झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का दामन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** समाजसेवी सह पोटका निवासी भास्कर मुखी ने सोमवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सुप्रीमो जयराम महतो के विचार धारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। टाइगर जयराम महतो ने भास्कर मुखी को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। टाइगर एक कार्यक्रम में शामिल होने पोटका आये हुए है। भास्कर ने कहा कि मैंने पिछले कई महीनों से जयराम के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर उनको सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उमड़ती भीड़ देखकर लगा कि झारखंड राज्य का दिशा और दशा अब टाइगर जयराम महतो ही बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि टाइगर के साथ पूरे राज्य में युवाओं का फौज खड़ी है।

## फ्लोरेंस नाइटिंगेल विद्यालय में कवि सम्मेलन आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर /रांची :** हवाई नगर रोड नंबर 14 स्थित फ्लोरेंस नाइटिंगेल विधालय परिसर में सोमवार को प्रातः 10ः00 कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का सफल आयोजन स्कूल की शिक्षिका निकिता प्रसाद और स्कूल प्रबंधन ने किया। कवि सम्मलेन की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुआ। आमंत्रित कविगणों में सुप्रसिद्ध डाँ. सुरेंद्र कौर नीलम, शालिनी सहवा, निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी, कुमार संजय, कृष्णा मिश्रा, मीणा बंधन , अंकिता सिन्हा, चंदन प्रजापति ने अपनी रचनाओं की दमदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में सफल बनाया। कवि सम्मलेन को सफल बनाने में स्कूल के निर्देशक सच्चिदानंद कुमार, किरण सिंह, दीपिका ओझा, सीमा प्रसाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### मंत्री बन्ना गुप्ता के अध्यक्षता मे 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न, बोले

# जिले को सर्वांगीण विकास के पथ पर ले जाना बैठक का मुख्य उदेश्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार मे राज्य के 20 सूत्री कार्यक्रम प्रभारी सह स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता के अध्यक्षता एवं खरसावां विधायक दशरथ गागराई, ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आहूत की गई। मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा क्रमवार विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले को सर्वांगीण विकास के पथ पर ले जाना इस बैठक का मुख्य उदेश्य है। बैठक के दौरान खरसावां विधायक दशरथ गागराई, इचागढ़ विधायक सविता महतो समेत अन्य मान्य सदस्यगण द्वारा अपने अपने क्षेत्र से सम्बन्धित विद्युत, पेयजल एवं



सड़क सहित अन्य समस्याओ से अवगत कराते हुए उनके समाधान एवं सुझाव पर भी चर्चा किया गया। बैठक मे उपरोक्त के अलवा पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर नगर निगम, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला एवं चांडिल, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नेंगटासाई के आकाश का अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय भोपाल में हुआ चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय परास्नातक प्रवेश 2023 के परिणाम में गम्हरिया प्रखण्ड के नेंगटासाई ग्राम के महुलडीह टोला निवासी आकाश महतो ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत छात्रवृत्ति हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया। आकाश ने माध्यमिक शिक्षा सरायकेला के जवाहर नवोदय विद्यालय से कला संकाय में तथा स्नातक भूगोल विषय में दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। आकाश के अनुसार अब छात्रवृत्ति मिलने पर वह इन क्षेत्रों में विकास के उन्नयन हेतु और बेहतर



तरीक़े से शोधात्मक अध्ययन करते हुए अपना योगदान दे सकेंगें। उसका लक्ष्य अपने गाँव तथा इसके जैसे देश के अनेक गांवो को मॉडर्न गाँव में तब्दील करना हैं। अपनी इस सफ़लता पर उसने अपने अभिभावकों समेत विद्यालय और कॉलेज के गुरुजनों को दिया है।

## बन्ना गुप्ता ने सदर अस्पताल सरायकेला से किया मिशन इंद्रधनुष 5.0 कार्यक्रम का शुभारम्भ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के प्रथम चरण का विधिवत शुभारंभ सरायकेला सदर अस्पताल परिसर से मंत्री स्वास्थ्य, बन्ना गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर अजय सिन्हा एवं अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला राम कृष्ण कुमार भी उपस्थित रहे।मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती माताओं एवं शिशुओं को विभिन्न प्रकार की 11 जानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित



करना है। राज्य सरकार स्वास्थ्य की दशा एवं दिशा को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा मिशन इंद्रधनुष 5.0 के सफल संचालन एवं शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर मुहिम के तहत कार्य करने की आवश्यकता है।उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि मंत्री के उपस्थिति से फ्रंटलाइन वर्कर सहिया दीदियों का उत्साह बढ़ा है। अभियान के सफल संचालन को लेकर प्रखंड स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार किया गया है।सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार सिन्हा ने बताया अभियान के तहत 07 से 12 अगस्त 11-16 सितंबर एवं 9 से 14 अक्टूबर को तीन चरणों में गर्भवती महिलाओं एवं 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का टिकाकरण किया जायेगा। अभियान के तहत जिले में 0 से 2 वर्ष के 2379 बच्चे, 2 से 5 वर्ष के 515 बच्चे, एवं 550 गर्भवती महिलाओं के छूटे हुए टीकाकरण किया जायेगा।

## संपादकीय

# चेतावनी के साथ राहत

**मोदी** उपनाम के एक जातीय समूह का अपमान करने के मामले में गुजरात उच्च न्यायालय से दोषी सिद्ध हुए राहुल गांधी को सर्वोच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिल गई है। न्यायालय ने दोषसिद्धि की याचिका पर निर्णय आने तक राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी है। यानी अब राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी बहाल होने का रास्ता खुल गया है और वे एक बार फिर संसद में दिख सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय से मिली राहत को कांग्रेस बड़ी जीत के तौर पर दिखा रही है, जबकि न्यायालय की अन्य टिप्पणियों को भी देखना चाहिए, जो कांग्रेस और राहुल गांधी को आईना दिखाती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने एक ही तर्क पर राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाई है कि उच्च न्यायालय ने दो साल की सजा सुनाने के पर्याप्त कारण नहीं बताए हैं। जबकि उच्च न्यायालय ने यह सिद्ध किया था कि मानहानिकारक टिप्पणी करना राहुल गांधी की आदत बन गया है। न्यायमूर्ति ने राहुल गांधी के अन्य मामलों का भी उल्लेख किया था। स्मरण रखें कि राफेल मामले में राजनीतिक लाभ लेने के लिए राहुल गांधी सर्वोच्च न्यायालय तक को गलत ढंग से उल्लेखित कर चुके हैं। तब राहुल गांधी ने न्यायालय की अवमानना के मामले में बिना शर्त माफी माँगी थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील महेश जेठमलानी ने भी सर्वोच्च न्यायालय का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय पहले भी राफेल प्रकरण में राहुल गांधी को आगाह कर चुका है लेकिन उनके रवैये में कोई बदलाव नहीं आया। राहुल गांधी के खिलाफ ढेर सारे सबूत उपलब्ध हैं। बहरहाल, न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाते हुए यह भी स्पष्टतौर पर कहा कि "यह सही है कि इस तरह के बयान अपमानजनक और मानहानि के हैं"। इसका तो यही अर्थ हुआ कि सजा पर रोक लगानेवाली पीठ भी मानती है कि मोदी उपनाम के मामले में की गई राहुल गांधी की टिप्पणी एक समूचे जातीय समूह का अपमान करनेवाली है। इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी को नसीहत देते हुए यह भी कहा कि सार्वजनिक जीवन में बयान को लेकर सावधानी बरतनी चाहिए। सजा पर लगी रोक को कांग्रेस बड़ी जीत के तौर पर अवश्य ही देखे, लेकिन उसे न्यायालय की अन्य टिप्पणियों एवं अपेक्षाओं पर भी गंभीरता दिखानी चाहिए। राजनीति का रिवाज भी बन गया है कि न्यायालय से अपने हित में आए निर्णय का तो जोर-शोर से स्वागत किया जाता है लेकिन अपनी आलोचना या प्रतिकूल निर्णय/टिप्पणी पर संजीदगी नहीं दिखायी जाती। संवैधानिक संस्थाओं पर सरकार के दबाव का दावा करनेवाली और देश में तानाशाही शासन व्यवस्था के लागू हो जाने के अनेक दावे करनेवाली कांग्रेस को इस निर्णय के बाद तो कम से कम संवैधानिक संस्थाओं और भारत के लोकतंत्र को प्रश्नांकित करना बंद कर देना चाहिए। यह उम्मीद की जानी चाहिए कि राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अन्य नेता सर्वोच्च न्यायालय की नसीहतों का ध्यान रखेंगे और सार्वजनिक भाषण में नकारात्मकता एवं अपमानजनक बातों से बचेंगे। राजनीतिक विमर्श में संवाद की मर्यादा को बढ़ाने में सहयोग करेंगे। हालांकि, अधिवक्ता महेश जेठमलानी की चिंता भी जायज है कि चेतावनी और नसीहतें तो राहुल गांधी को पहले भी मिल चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय में वे माफी भी माँग चुके हैं। इसके बाद भी उनकी ऐसी टिप्पणियां आती रही हैं, जिन्हें माननीय न्यायालय ने उचित नहीं माना है।


सर्वोच्च न्यायालय ने एक ही तर्क पर राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाई है कि उच्च न्यायालय ने दो साल की सजा सुनाने के पर्याप्त कारण नहीं बताए हैं। जबकि उच्च न्यायालय ने यह सिद्ध किया था कि मानहानिकारक टिप्पणी करना राहुल गांधी की आदत बन गया है। न्यायमूर्ति ने राहुल गांधी के अन्य मामलों का भी उल्लेख किया था। स्मरण रखें कि राफेल मामले में राजनीतिक लाभ लेने के लिए राहुल गांधी सर्वोच्च न्यायालय तक को गलत ढंग से उल्लेखित कर चुके हैं। तब राहुल गांधी ने न्यायालय की अवमानना के मामले में बिना शर्त माफी माँगी थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील महेश जेठमलानी ने भी सर्वोच्च न्यायालय का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय पहले भी राफेल प्रकरण में राहुल गांधी को आगाह कर चुका है लेकिन उनके रवैये में कोई बदलाव नहीं आया। राहुल गांधी के खिलाफ ढेर सारे सबूत उपलब्ध हैं। बहरहाल, न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाते हुए यह भी स्पष्टतौर पर कहा कि "यह सही है कि इस तरह के बयान अपमानजनक और मानहानि के हैं"। इसका तो यही अर्थ हुआ कि सजा पर रोक लगानेवाली पीठ भी मानती है कि मोदी उपनाम के मामले में की गई राहुल गांधी की टिप्पणी एक समूचे जातीय समूह का अपमान करनेवाली है। इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी को नसीहत देते हुए यह भी कहा कि सार्वजनिक जीवन में बयान को लेकर सावधानी बरतनी चाहिए।


## कुछ अलग

# कितना गंभीर है प्रस्ताव

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा है कि वह भारत के साथ सभी गंभीर मसलों पर बातचीत करना चाहते हैं क्योंकि युद्ध कोई विकल्प नहीं रह गया है। उनकी इस बात में असहमति की कोई गुंजाइश नहीं कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी देशों के बीच युद्ध कोई विकल्प नहीं रह गया है। लेकिन शाहबाज शरीफ कोई पहली बार बातचीत की पेशकश नहीं कर रहे। इसी साल जनवरी में भी उन्होंने ऐसा प्रस्ताव दिया था। अगर उस प्रस्ताव के बाद हालात में कोई बदलाव नहीं आया तो उसकी भी ठोस वजहें मौजूद हैं। ध्यान रहे, पिछले बरसों में भारत की तरफ से द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती देने की कम कोशिशें नहीं हुईं। साल 2014 में सत्ता में आने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे प्रयास शुरू कर दिए थे। उन प्रयासों का फल भी दिख रहा था। बात बिगड़नी शुरू हुई तब, जब भारत की लाख कोशिशों के बावजूद सीमा पार से आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगाने की कोई सार्थक कोशिश नहीं दिखी। मजबूरन भारत को इन आतंकी हमलों पर रोक लगाने की पहल खुद करनी पड़ी। इसके साथ ही भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद और बातचीत दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते। दोनों देशों के रिश्तों में दूसरा बड़ा फैक्टर कश्मीर का सवाल है। पाकिस्तान भारत के अपने क्षेत्र में किए गए अनुच्छेद 370 से जुड़े बदलावों को तो मुद्दा बनाता है, हालांकि वह पूरी तरह भारत का आंतरिक मामला है, लेकिन यह नहीं देखता कि दोनों देश शिमला समझौते के तहत यह मान चुके हैं कि कश्मीर एक द्विपक्षीय मसला है। वह मौके-बेमौके इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहता है। ऐसे में यह कैसे माना जा सकता है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री सचमुच रिश्तों को बेहतर बनाने की इच्छा रखते हैं? अगर वह संदेश दें कि पाकिस्तान में कट्टरपंथी और आतंकी तत्वों को फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा तो असंभव नहीं कि दोनों देशों के बीच सार्थक बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो जाए। लेकिन इन संभावनाओं के बीच इस सचाई को नहीं भुलाया जा सकता कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकारें भी आर्मी के इशारों पर ही काम करती आई हैं। और, शाहबाज सरकार तो चुनी हुई भी नहीं है। इधर पाकिस्तान अंदरूनी राजनीतिक संकट से भी गुजर रहा है, जहां हटाए गए प्रधानमंत्री इमरान खान और आर्मी के बीच टकराव बना हुआ है। दूसरी ओर, इमरान जनता के बीच लोकप्रिय बने हुए हैं। पाकिस्तान में आने वाले समय में संसदीय चुनाव भी प्रस्तावित हैं। इसके बाद यह स्पष्ट होगा कि इमरान या उनके विरोधियों में से जनता किसके साथ है। असल में, दोनों देशों के बीच कोई सार्थक बातचीत तभी हो सकती है, जब पाकिस्तान में सत्ता के अलग-अलग केंद्रों की इस पर एक राय हो। साथ ही, सीमापार से आतंकवाद का खेल भी बंद करना होगा।


पाकिस्तान भारत के अपने क्षेत्र में किए गए अनुच्छेद 370 से जुड़े बदलावों को तो मुद्दा बनाता है, हालांकि वह पूरी तरह भारत का आंतरिक मामला है, लेकिन यह नहीं देखता कि दोनों देश शिमला समझौते के तहत यह मान चुके हैं कि कश्मीर एक द्विपक्षीय मसला है। वह मौके-बेमौके इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहता है। वह मौके-बेमौके इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहता है। ऐसे में यह कैसे माना जा सकता है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री सचमुच रिश्तों को बेहतर बनाने की इच्छा रखते हैं


### आइआइटी, एनआइटी और आइआइएसईआर, आइआइएम, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जेएनयू, बीएचयू जैसे विश्वविद्यालयों में भले ही फीस कुछ कम है

# विदेशी छात्रों को आकर्षित करने से पहले भारतीय छात्रों की समस्याओं का हल निकालें

ललित गर्ग


विदेशी छात्रों के लिए सरकार ने एक नए पोर्टल 'स्टडी इन इंडिया' को लॉन्च किया है। इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राओं को देश के शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस पोर्टल की शुरुआत करते हुए इसे देश को शिक्षा के क्षेत्र में ब्रांड इंडिया की एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति स्थापित करने का माध्यम बताया है। निश्चित ही यह भारत की समृद्धि एवं विश्व प्रतिष्ठा की दृष्टि से एक अनूठा उपक्रम हो सकता है, लेकिन प्रश्न भारतीय छात्रों का है, उनकी शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का है। महंगी होती शिक्षा आम जनजीवन से दूर होती जा रही है, ऐसे में भारतीय छात्रों की सुध कौन लेगा? 'स्टडी इन इंडिया' राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 द्वारा निर्देशित है। यह भारत को पसंदीदा शिक्षा गंतव्य बनाने के साथ-साथ समृद्ध भविष्य को आकार देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


**आजकल** की शासन व्यवस्थाएं लोक कल्याणकारी एवं संवेदनशील न होकर आर्थिक एवं राजनीतिक प्रेरित होती जा रही हैं। शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूल जरूरतों के लिये भी सरकारों का नजरिया अर्थ-प्रदान होता रहा है। स्वास्थ्य और शिक्षा के निजीकरण की हमें भारी कीमत चुकानी पड़ी है। विडम्बना देखिये कि देश के बच्चों को समुचित शिक्षा उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं और विदेशी बच्चों को उन्नत शिक्षा देने के लिये व्यापक प्रयत्न किये जा रहे हैं। विदेशी छात्रों के लिए सरकार ने एक नए पोर्टल 'स्टडी इन इंडिया' को लॉन्च किया है। इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राओं को देश के शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस पोर्टल की शुरुआत करते हुए इसे देश को शिक्षा के क्षेत्र में ब्रांड इंडिया की एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति स्थापित करने का माध्यम बताया है। निश्चित ही यह भारत की समृद्धि एवं विश्व प्रतिष्ठा की दृष्टि से एक अनूठा उपक्रम हो सकता है, लेकिन प्रश्न भारतीय छात्रों का है, उनकी शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का है। महंगी होती शिक्षा आम जनजीवन से दूर होती जा रही है, ऐसे में भारतीय छात्रों की सुध कौन लेगा? 'स्टडी इन इंडिया' राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 द्वारा निर्देशित है। यह भारत को पसंदीदा शिक्षा गंतव्य बनाने के साथ-साथ समृद्ध भविष्य को आकार देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लेकिन उच्च शिक्षा के वंचित भारतीय छात्रों के लिये यह किस तरह हितकारी एवं उपयोगी है? 'स्टडी इन इंडिया' वेबसाइट पर ग्रेजुएशन (यूजी), पोस्टग्रेजुएशन (पीजी), डॉक्टरेट लेवल के कार्यक्रमों के साथ-साथ योग, आयुर्वेद, शास्त्रीय कला सहित अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों की जानकारी देगा। इसमें शैक्षणिक सुविधाओं, रिसर्च हेल्प से संबंधित जानकारी के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। लेकिन यह सब विदेशी छात्रों के लिये होगा। देश में शिक्षा के स्तर के सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बीच इस हकीकत से भी मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि दुनिया के शीर्ष सौ उच्च शिक्षण संस्थानों में भारत से एक भी नाम नहीं है। आज भी सक्षम परिवारों की उच्च शिक्षा के लिए पहली पसंद विदेश के शिक्षण संस्थान बने हुए हैं। फिर किस तरह हम विदेशी छात्रों को आकर्षित करेंगे, अगर आकर्षित कर भी लिया तो क्या वह भारतीय छात्रों के साथ नाइंसाफी नहीं होगा? संसाधनों की कमी और बेहतर शिक्षकों के अभाव से जूझ रही भारत की उच्च शिक्षा 'स्टडी इन इंडिया' से क्या हासिल कर लेगी, एक बड़ा सवाल है। शिक्षा और चिकित्सा को व्यवसाय बना देने एवं निजी हाथों में सौंप देने से ही दोनों महंगी हुई है, आम आदमी तक उसकी पहुंच जटिल होती गयी है। इस बात पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक



डॉ. मोहन भागवत ने चिन्ता जताते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही हर व्यक्ति की मूलभूत जरूरत है पर दोनों ही महंगी और दुर्लभ हो रही हैं। इसकी वजह जनसंख्या के मुताबिक उपलब्धता की कमी और व्यावसायिकता है।' जब हम देश के लोगों को ही समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं तो विदेशों के लिये दरवाजें खोलना एवं उन पर सरकार की बड़ी शक्ति का खर्च होना कैसे औचित्यपूर्ण हो सकता है? एक ऐसे देश में जहां वंचित समूह पहले से ही अपनी भावी पीढ़ी को शिक्षित बनाने के लिए कठिन परीक्षाओं के दौर से गुजर रहा हो, निजी स्कूलों व अस्पतालों की संवेदनहीनता एवं अर्थ लोलुपता से सामाजिक असंतोष एवं विद्रोह के स्वर उभरते रहे हैं। ऐसे हालातों में विदेशी छात्रों को उन्नत शिक्षा देने के अभियान में जुटना सरकार की मंशा पर एक सवालिया निशान है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम 2020 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखते थे। 14 अगस्त 2004 को भारत की आजादी के 57वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने भाषण में शिक्षा पर जोर देते हुए कहा था कि 'भारत अगले 16 वर्षों में विकसित राष्ट्र बनने की प्रक्रिया में है और शिक्षा के बिना यह संभव नहीं है। समृद्धि और विकास के लिए शिक्षा सबसे जरूरी तत्व है। शैक्षिक सुविधाओं तक हर व्यक्ति की पहुंच अत्यंत आवश्यक है। गांवों और गरीब परिवार के लिए शिक्षा आसानी से उपलब्ध नहीं है। भारत को अपने सकल घरेलू उत्पाद का छह-सात प्रतिशत तक शिक्षा पर खर्च करना चाहिए।' सरकारें शिक्षा पर खर्च तो कर रही है, लेकिन उसका लाभ गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों को कितना मिलता है, यह मंथन का विषय है। शिक्षा पर लंबे-लंबे भाषण देने वाले राजनेता, शिक्षाविद, अधिकारी और मंत्री भी देश की इन स्थितियों से परिचित हैं। बसों में मूंगफली बेचते हुए, स्टेशनों पर भीख मांगते हुए, चौराहों पर भुट्टा भूजते हुए, फैक्ट्रियों में बिसलरी की बोतलों में पानी भरते हुए, सड़क के किनारे टाट पर सब्जी बेचते या चाट का ढेला लगाते हुए इन बच्चों को कौन नहीं देखता है। ऐसा इन्हें क्यों करना पड़ता है? यह जानने की कोशिश कितने लोग करते हैं? रिक्शा, ऑटोरिक्शा, बस चलाने वाले ड्राइवरों के पीछे की भी कहानी ऐसी ही होती है। नीति-नियंता लोग अपने निजी ड्राइवर, नौकर या कामवाली बाई की पारिवारिक स्थिति के बारे भी विचार कर लेते तो भी इस तरह की स्थितियों के बारे में बहुत कुछ आसानी से समझ लेते। कहीं-कहीं ये भी देखने को मिलता है कि जिन बच्चों की खिलौनों से खेलने की उम्र होती है वही बच्चे मेला, हाट-बाजार में खिलौना बेचते हुए मिलते हैं। किताबों से तो उनका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं होता। फिर विकास के सुनहरे सपने उन्हें कैसे दिखाई दे सकता है? इन स्थितियों में कैसे नया भारत-सशक्त भारत आकार ले सकेगा? क्या 'स्टडी इन इंडिया' जैसी दूरगामी योजनाएं इन बच्चों के मुंह पर यह करारा तमाचा नहीं है? आइआइटी, एनआइटी और आइआइएसईआर, आइआइएम, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जेएनयू, बीएचयू जैसे विश्वविद्यालयों में भले ही फीस कुछ कम है, लेकिन यहां तक पहुंचने की प्रक्रिया बहुत जटिल एवं प्रतिस्पर्धापूर्ण है। बच्चे संघर्ष करके वहाँ तक पहुँच जाते हैं और पढ़ाई आसानी से कर लेते हैं। किंतु अब वहां की भी फीस बढ़ाने की कवायद तेजी से होने लगी है। तमाम सरकारी प्रयासों एवं योजनाओं के शिक्षा महंगी होती जा रही है, तो देश का निम्न एवं मजदूर वर्ग यह सोचने को मजबूर है कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था कैसे करे। निजी कॉलेजों में तो इतना अधिक पैसा लगता है कि मध्य वर्ग के भी कान खड़े हो जाते हैं, तो फिर निम्न वर्ग की बात ही क्या? सरकार का असली मकसद तो उच्च शिक्षा को कार्पोरेट घरानों को सौंपना है, विदेशी विश्वविद्यालयों-कॉलेजों को भारत में स्थापित करना है, जिससे उच्च शिक्षा भी सरकार के लिये खर्च करने की बजाय मुनाफा बनाने वाली इंडस्ट्री बन सके। दो सौ साल की गुलामी के बाद जब देश आजाद हुआ तो हमारे सामने कई चुनौतियां और सपने थे। उन चुनौतियों और सपनों को पूरा करने के लिये संविधान को मुख्य आधार बनाया गया। जनता के मुख्य अधिकार शिक्षा पर विशेष बल देने पर जोर दिया गया और माना गया कि जब तक शिक्षा देश के जन जन तक नहीं पहुंचेगी तब तक देश के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना असम्भव है। लेकिन दुर्भाग्य से शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी निवेश में लगातार कमी आयी है। वैसे कहा जाता है कि निजीकरण की प्रक्रिया से प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिलता है और विकास के लिये यह बहुत जरूरी है। यह मिथ्या प्रचार ही लगता है क्योंकि अगर भारत की बात करें तो निजीकरण की प्रक्रिया से एकाधिकार, उपेक्षा, शोषण और महंगाई को बढ़ावा ही मिला है। देश के वंचितों को इस निजीकरण की प्रक्रिया से फायदे की जगह भारी नुकसान हो रहा है चाहे वह कृषि का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो या शिक्षा का क्षेत्र हो। अब 'स्टडी इन इंडिया' जैसे कार्यक्रमों से शिक्षा के अधिक विसंगतिपूर्ण एवं असंतुलित होने की ही संभावना है।

# श्रीराम मंदिर 'राष्ट्र मंदिर' शिलान्यास के तीन वर्ष...


काल के कपाल पर मानव सभ्यता के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कालजयी प्रतीक के रूप में अंकित आज के दिन ही 03 वर्ष पूर्व श्रीरामजन्मस्थान पर भव्य-दिव्य राम मंदिर 'राष्ट्र मंदिर' का शिलान्यास हुआ था। यह सामान्य दिवस नहीं है, इसके लिए तो पांच शताब्दियों का अविराम संघर्ष, 'अहिल्या' सदृश प्रतीक्षा एवं घायल जटायु के समान आर्तनाद करती सांस्कृतिक चेतना की आहत हुंकार युगों से बांट जोह रही थी। पुत्र रक्त में नहाई हुई धर्मनगरी अयोध्या, आज सकल आस्था के केंद्र प्रभु श्रीरामलला के भव्य-दिव्य मंदिर निर्माण की गतिशीलता से स्वयं के संघर्ष को सुफलित होती देख रही है। आज आस्था के प्रांजल भाव से प्रेरित आत्मोत्सर्ग की अपरिमित भक्त श्रृंखलाओं की अकथनीय "त्याग ऋचाएं" राम नगरी अयोध्या के उल्लासित वातावरण में स्पंदन कर रही हैं। स्मृतियों के पक्षी की उड़ान को तीन वर्ष पीछे ले जाने पर 05 अगस्त 2020 को अभिजीत मुहूर्त में भारतीय गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीरामजन्मस्थान पर राष्ट्र मंदिर 'राम मंदिर' के हुए शिलान्यास की पावन अनुभूतियां मन में सजीव हो उठती हैं।


**आज** का दिन भारत की आस्था, अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिवस है। काल के कपाल पर मानव सभ्यता के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कालजयी प्रतीक के रूप में अंकित आज के दिन ही 03 वर्ष पूर्व श्रीरामजन्मस्थान पर भव्य-दिव्य राम मंदिर 'राष्ट्र मंदिर' का शिलान्यास हुआ था। यह सामान्य दिवस नहीं है, इसके लिए तो पांच शताब्दियों का अविराम संघर्ष, 'अहिल्या' सदृश प्रतीक्षा एवं घायल जटायु के समान आर्तनाद करती सांस्कृतिक चेतना की आहत हुंकार युगों से बांट जोह रही थी। पुत्र रक्त में नहाई हुई धर्मनगरी अयोध्या, आज सकल आस्था के केंद्र प्रभु श्रीरामलला के भव्य-दिव्य मंदिर निर्माण की गतिशीलता से स्वयं के संघर्ष को सुफलित होती देख रही है। आज आस्था के प्रांजल भाव से प्रेरित आत्मोत्सर्ग की अपरिमित भक्त श्रृंखलाओं की अकथनीय "त्याग ऋचाएं" राम नगरी अयोध्या के उल्लासित वातावरण में स्पंदन कर रही हैं। स्मृतियों के पक्षी की उड़ान को तीन वर्ष पीछे ले जाने पर 05 अगस्त 2020 को अभिजीत मुहूर्त में भारतीय गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीरामजन्मस्थान पर राष्ट्र मंदिर 'राम मंदिर' के हुए शिलान्यास की पावन अनुभूतियां मन में सजीव हो उठती हैं। शरीर का रोम-रोम राममय हो जाता है। मन रामभक्तों के पावन अवदान के प्रति कृतज्ञ हो उठता है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। यही तो था वह अद्भुत, अलौकिक, अनिर्वचनीय क्षण, जिसकी चिरंतन प्रतीक्षा में लाखों हुतात्माओं ने 'काल संग क्रीड़ा' करने में भी संकोच नहीं किया था। सन 1528 के म्लेक्ष बाबर से लेकर 1990 तक उसके रक्तपिपासु उत्तराधिकारियों द्वारा अयोध्या की पावन धरा पर "राम भक्तों" का बहाया गया लहू आज विजय का रक्त चंदन बन प्रत्येक सनातनी के भाल पर दमकते हुए उद्घोष कर रहा है कि "त्वदीयाय कार्याय बद्धा कटीयम्, शुभामाशिषं देहि तत्पूर्तये।" श्री रामजन्मभूमि पर राम मंदिर निर्माण की अतृप्त अभीप्सा के साथ गोलोकवासी हुईं सहस्रों देव आत्माएं आज मुदित मन और सजल नेत्रों के साथ रघुकुल नंदन, मर्यादा पुरुषोत्तम, प्रजा पालक, भक्त वत्सल, जन हितकारी, दुःखभंजन, कृपानिधान प्रभु श्री राम को अपने जन्मस्थान मंदिर में विराजते हुए देख रही हैं। उन्हीं आंखों ने कभी उस जनक्रांति के स्व-स्फूर्त भावावेगों के ज्वार को भी देखा था जिसने तत्कालीन राजसत्ता को जननायक प्रभु श्री राम के कण-कण के साथ-साथ जन-जन में विद्यमान होने का अहसास कराया था। ब्रितानी शासन में पावन श्री गोरक्षपीठ के महंत दिग्विजयनाथ के समर्पित नेतृत्व में प्रारंभ हुआ श्रीराम जन्मस्थान मुक्ति आंदोलन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके आनुषांगिक संगठन विश्व हिंदू परिषद की अगुआई में द्रुत गति से अखिल भारतीय जनमानस की चेतना जागरण का कारक बन गया। विदित हो कि दिसंबर 1949 में अयोध्या में श्रीरामलला के प्रकटीकरण के समय ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज अयोध्या जी में ही मौजूद थे, वहीं 1986 में जब मन्दिर का ताला खुला तो 'बड़े महाराज' यानी राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ रामनगरी में उपस्थित थे। योगी आदित्यनाथ के संघर्ष को तो हम सभी साक्षी हैं। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों ने राम जन्मस्थान मुक्ति संघर्ष में स्वयं को समर्पित कर दिया तो महंत परमहंस रामचंद्रदास, अशोक सिंघल, महंत नृत्यगोपाल दास, चंपत राय, साध्वी उमा भारती, साध्वी ऋतम्भरा समेत हजारों साधु-संतों और करोड़ों आस्थावानों ने अगणित समस्या सिंधु को पार करते हुए राष्ट्र गौरव यज्ञ में अपनी-अपनी भाव आहूति अर्पित कर आंदोलन को सिद्ध कर दिया। स्मरण रहे कि श्रीराम जन्मस्थान मुक्ति संघर्ष किसी पंथ, मजहब या समुदाय का संघर्ष नहीं था बल्कि यह तो उस प्रत्येक निर्बल स्वाभिमानी व्यक्ति, समुदाय और समष्टि का संघर्ष था, जो अपनी अस्मिता को किसी बर्बर, क्रूर, दम्भी राजसत्ता से मुक्त कराने का स्वप्न देखती है। यह तो भाव को समभाव से स्वीकार करने की मनुहार थी, जो सम्पूर्ण राष्ट्र की समेकित भावना के रूप में प्रस्फुटित हुई। मुगलों, अंग्रेजों तत्पश्चात तुष्टिकरण के दावानल में भी अक्षत रही। राम मंदिर की आधारशिला कल-युग में 'राम युग' के पदार्पण का शंखनाद है। वह 'राम युग', जो सत्य, शील और मर्यादा को जीता है। जो सद्भाव, सहकार, समन्वय, सहजीवन और सह-अस्तित्व की लोकतांत्रिक चेतना से अभिसंचित है। जहां सत्ता का कार्य लोकमंगल की सुचेष्टाओं को फलीभूत करना है। जहां व्यक्ति से अधिक विचार का महत्व है। जहां प्रजा के रक्षण और पोषण का दायित्व व्यक्ति नहीं, अपितु व्यवस्था करती है। व्यवस्था ऐसी जो चित्त, चरित्र चिंतन की अभियंता है। जहां स्त्री, धरा और प्रकृति पर की गयी चोट को धर्म पर प्रहार समझा जाता है। जिसको प्रकट करते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं कि "सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।" राम मंदिर, इस भावना का प्रतिनिधि प्रतीक है। इस सर्वकालिक प्रतीक को जीवंत करने का दायित्व तापस वेशधारी महंत योगी आदित्यनाथ ने आहरित कर लिया है जैसे राम मंदिर निर्माण का दायित्व उनके पितामह गुरू दिग्विजयनाथ ने धारण किया था। कार्य दुष्कर है किंतु राम भक्त कहता है कि "राम काजु कीन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम" और रामराज्य की संकल्पना को जीवंत करना ही तो राम काज है। जिस तरह से उ.प्र की धरा से अपराधी और उपद्रवी विधि सम्मत परिणति को प्राप्त हो रहे हैं और 'परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्' का भाव चरितार्थ हो रहा है।

## देश दुनीया से

# सार्थक चर्चाओं की विदाई के बीच अधिनायकवाद के संकेत

**अगर** कानून के नजरिये से देखें, तो अधिनायकवाद का विचार सरकार-विरोधी है। इस विचार के तहत कानून के शासन में कमी, बहुलता को नामंजूरी, सत्ता का केंद्रीकरण और बहुमत या कभी-कभी एक ही व्यक्ति की इच्छा का थोपा जाना आता है। अधिनायकवाद का संबंध अमूमन रबर-स्टैंप की तरह काम करने वाली संसदों से होता है, जहां ज्यादा या तकरीबन सभी सीटें सत्ताधारी सरकार के पास होती हैं। दिलचस्प है कि ऐसी संसदें भी कानून पारित करती हैं! अब इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई संसदों ने अधिनायकवादी संसदों की नकल करना शुरू कर दिया है। वे ऐसे कानून पारित करती हैं, जो विधिक कसौटी पर खरे उतर सकते हैं और नहीं भी। हालांकि, मेरे विचार से ऐसे कानून कभी वैधता की कसौटी पर खरे नहीं उतर सकते। वैधता की कमी वाले विधायन का एक हालिया उदाहरण इस्राइल की संसद (नेसेट) द्वारा पारित एक विधेयक है, जो संसद द्वारा बनाए गए कानूनों की समीक्षा करने की अदालतों की शक्ति पर प्रतिबंध लगाता है। भारत भी इस मामले में पीछे नहीं है। चूंकि आपातकाल के दौरान (25 जून, 1975 से लेकर 21 मार्च, 1977 के बीच) हुए संविधान संशोधनों और पारित विधेयकों पर उंगलियां उठाई जाएंगी, ऐसे में, मुझे यह सीधे स्वीकार करने में कोई गुरेज नहीं कि उस दौरान किए गए कई संशोधन और पारित किए गए कानून विधिक या वैधता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। अब उन पुरानी बातों को छोड़कर भारतीय संसद द्वारा पारित हालिया कानूनों पर नजर डालते हैं। वर्तमान सरकार दरअसल, 'सांविधानिकता' के बारे में यह संकीर्ण नजरिया रखती है कि कानून को संविधान के किसी स्पष्ट प्रावधान का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। लेकिन जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने रेखांकित किया है कि कुछ अंतर्निहित सीमाएं होती हैं, जिनका ध्यान रखा जाना चाहिए, मसलन, सांविधानिक नैतिकता और आनुपातिकता। एक अगस्त, 2023 के द हिंदू में श्री सुहृत पार्थसारथी ने एक और सीमा का उल्लेख करते हुए कहा है, 'भारतीय संविधान नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण है और संघ व राज्यों के बीच संबंधों में विभिन्न सूक्ष्मताओं में निहित पवित्रता को ही इसकी सीमा के तौर पर परिभाषित किया गया है।' वर्तमान मानसून सत्र में पेश तीन विधेयक ऐसे हैं, जिन्होंने सांविधानिक सीमाओं का अतिक्रमण किया है। वर्ष 2001 से 2021 के बीच कुल वन क्षेत्र 6,75,538 वर्ग किमी से बढ़कर 7,13,789 वर्ग किमी हो गया है। इसमें से ज्यादातर जमीन पर कैनोपी घनत्व (वृक्षों द्वारा छायांकित भाग का प्रतिशत) 10 से 40 फीसदी है। (वृक्षों द्वारा छायांकित जमीन के 40 फीसदी से ज्यादा वाले वनों में सिर्फ 37,251 वर्ग किलोमीटर की कमी आई थी)। यह संशोधन विधेयक प्रतिगामी प्रावधानों को पेश कर पिछले 40 साल में जो कुछ भी किया गया है, उस पर पानी फेरने जैसा है। वन के रूप में दर्ज ऐसी भूमि पर, जिसे 25 अक्तूबर, 1980 से पहले अधिसूचित नहीं किया गया था और उस भूमि पर, जिसे 12 दिसंबर, 1996 से पहले गैर-वन के रूप में उपयोग की श्रेणी में स्थानांतरित किया गया था, ये प्रावधान लागू नहीं होंगे। गैर-अधिसूचित प्राकृतिक वन ('डीम्ड वन') इसकी परिधि से बाहर होंगे। ये बहिष्करण सर्वोच्च न्यायालय के टी एन गोदावर्मन मामला, वन अधिकार अधिनियम, 2006 और नियमगिरि पहाड़ियों के मामले में लिए गए फैसलों के उलट हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर चल रही राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं के 100 किमी के भीतर आने वाली जमीन इसकी परिधि में नहीं आएगी।


भारत भी इस मामले में पीछे नहीं है। चूंकि आपातकाल के दौरान (25 जून, 1975 से लेकर 21 मार्च, 1977 के बीच) हुए संविधान संशोधनों और पारित विधेयकों पर उंगलियां उठाई जाएंगी, ऐसे में, मुझे यह सीधे स्वीकार करने में कोई गुरेज नहीं कि उस दौरान किए गए कई संशोधन और पारित किए गए कानून विधिक या वैधता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। अब उन पुरानी बातों को छोड़कर भारतीय संसद द्वारा पारित हालिया कानूनों पर नजर डालते हैं। वर्तमान सरकार दरअसल, 'सांविधानिकता' के बारे में यह संकीर्ण नजरिया रखती है कि कानून को संविधान के किसी स्पष्ट प्रावधान का उल्लंघन नहीं करना चाहिए।


## नागरिक बोध

# मिलेट ईयर: मानव स्वास्थ्य से पृथ्वी के स्वास्थ्य तक उपयोगी है मोटा अनाज

**एफएओ** यानी संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के आह्वान पर मोटे अनाजों पर ध्यान वापस लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को 'मिलेट ईयर' घोषित किया। इसकी वजह यह थी कि घरेलू और वैश्विक मांग पैदा करने तथा लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र में वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित करने का प्रस्ताव रखा था। हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने साथ ही यह रेखांकित किया था कि, 'भारत दुनिया में मोटे अनाजों का सबसे बड़ा उत्पादक है और इसलिए इस पहल को सफल बनाने की जिम्मेदारी भी भारतीयों के कंधों पर है।' उनका कहना था कि इसे एक जन आंदोलन बनाना चाहिए और देश के लोगों के बीच मोटे अनाजों के बारे में जागरूकता भी बढ़ानी चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार, भोजन को श्रेष्ठ औषधि माना जाता है, जो न केवल मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि किसी भी प्रकार की बीमारियों से भी बचाता है। आयुर्वेदिक संहिताओं में भी तृण धान्य (घास से प्राप्त अनाज) या क्षुद्र धान्य (छोटे आकार के अनाज) या कुधान्य (अनाजों में निम्न) के रूप में मोटे अनाजों का उल्लेख है। स्वास्थ्य और कल्याण के लिए मोटे अनाज हमेशा हमारे आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। यजुर्वेद में प्रियंगव (कंगनी), श्यामाका (बाजरा) और नर्तकी (रागी) का उल्लेख है, जिससे यह पता चलता है कि अपने यहां कांस्य युग के पहले से ही मोटे अनाज की व्यापक खपत रही है। आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से मोटे अनाज को मधुर (रस), गर्म (वीर्य), रूखा और हल्का माना जाता है। आयुर्वेदिक साहित्य बताता है कि मोटा अनाज आहार के अलावा दवा भी है। इनमें उच्च स्तर की ऊर्जा, कैल्शियम, आयरन, जिंक, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, लिपिड और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन होते हैं। इसके अलावा, वे आहार फाइबर और सूक्ष्म पोषक तत्वों के भी समृद्ध स्रोत हैं। रागी और बाजरा जैसे मोटे अनाजों में एंटीऑक्सीडेंट्स भी हैं। आयुर्वेद के अनुसार, यवनाला या ज्वार का उपयोग भोजन की रुचि पैदा करने तथा अत्यधिक प्यास व अत्यधिक नमी की मात्रा को शांत करने के लिए किया जाता है। इसमें मूत्रजनन और कामोत्तेजक गुण भी होते हैं। रागी ठंडा होता है और इसका उपयोग ताकत बढ़ाने और प्रजनन क्षमता में सुधार करने के लिए किया जाता है। कंगनी का इस्तेमाल अत्यधिक तरल पदार्थों को अवशोषित करने और मल के सामान्य गठन और पाचन को बढ़ाने में मदद करने, शरीर के ऊतकों को पोषण देने, अत्यधिक नमी को सुखाने, फ्रैक्चर ठीक करने के लिए और प्रजनन क्षमता में सुधार के लिए किया जाता है। हालांकि, यह पाचन के लिए कठिन भी है। ऐसे ही सामा या कुटकी का इस्तेमाल कोलेस्ट्रॉल कम करने, त्वरित चयापचय को बढ़ावा देने, ऊतकों को ठीक करने और ऊर्जा पैदा करने के लिए किया जाता है। गौर करने की बात है कि अधिकांश मोटे अनाज ग्लूटेन मुक्त हैं। विडंबना यह है कि कई क्षेत्रों में नकदी फसलों और गेहूं और चावल जैसे मुख्य अनाजों के बढ़े प्रचलन ने पिछले कुछ वर्षों में मोटे अनाजों की खेती को हाशिये पर डाल दिया है। इन्हें गरीबों की फसल भी बताया गया है। जबकि ये पोषक तत्वों से भरपूर सुपर फूड हैं, जिनमें कुपोषण और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर करने, जीवन शैली संबंधी विकारों को रोकने और वैश्विक खाद्य व पोषण सुरक्षा देने की क्षमता है। मोटे अनाज उच्च तापमान के प्रति सहनशील हैं और सिंचाई के बिना शुष्क जलवायु में इन्हें आसानी से उगाया जा सकता है। अन्य फसलों के साथ इनकी खेती कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी अच्छी है। इनका इस्तेमाल चारे के लिए भी किया जा सकता है। मोटे अनाजों को जहां न्यूनतम उर्वरक चाहिए, वहीं चावल, गेहूं और मक्का जैसी फसलों की तुलना में इनका ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन बहुत कम है। यानी ये मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार और जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता ने डीएमएफटी मद से करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सड़कों की आधारशिला रखी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/हंतरगंज :** प्रखण्ड के कोबनी में कोलेश्वरी मुख्य पथ से ललित साव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, बहेरी, कोलुवा डाहा, सोखा,एवं तारवागड़ा में फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया गया। इस मौके पर मंत्री ने कोबना मुखिया कि शिकायत पर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को ट्रांसफार्मर लगाने का आदेश देते हुए कहा कि विधान सभा क्षेत्र में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को अतिशिग्रह बदलने की कवायेद शुरू किया जाए।जमीन से संबंधित मामलों की शिकायत पर सीओ और थाना प्रभारी को आदेश दिया गया की थाना दिवस के मौके पर जमीन विवाद का निबटारा करें आमीन की घटना की पूर्णवीर्ति किसी भी क़ीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा।उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया की नियमानुसार लोगों का काम किया जाए। केंदली पंचायत के नवाडीह गांव के ग्रामीणों की शिकायत पर



सड़क जल्द बनाने का आश्वासन दिया। मौके पर 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, चंद्रिका यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव कपिल यादव, प्रदेश सचिव दीपक साहू, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता, बीस सूत्री अध्यक्ष चन्द्र देव यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष वकील खान, चंद्रू यादव, कपिल यादव, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, भाजपा नेता बहुरू सिंह के अतिरिक्त दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मेरी माटी, मेरा देश अभियान जिला में 9 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की रुपरेखा तैयार करते हुये पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी।बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूर्वाभ्यास एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें झंडोतोलन-राष्ट्रगान, परेड का आयोजन किया जाएगा। परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर होगा। बैठक में उपायुक्त ने जिला खेल स्टेडियम की साफ-सफाई,रंग रोगन, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देशित किया। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर शहर के सभी चौक-चैराहों एवं सभी प्रतिमा,मूर्तियों की साफ-सफाई आदि कार्य का निष्पादन ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार को दिया।

## एनडीपीएस में चल रहे फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना कांड संख्या 49/23 में मामला दर्ज एनडीपीएस एक्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्त को रविवार संध्या इसके घर से गिरफ्तार कर सोमवार को सुबह न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने बताए कि अभियुक्त सुनील कुमार दांगी पिता महेंद्र दांगी गांव थाना गिद्धौर निवासी है।

## फरार उग्रवादी के घर पुलिस ने चिपकाए इस्तिहार

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ पुलिस के सहयोग से चतरा जिले के टंडवा पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के लवलेश गंझु के घर इश्तेहार चिपकाया । इस संबंध में जानकारी देते हुए टंडवा थाना एसआई रोहित कुमार यादव ने बताया की टंडवा थाना कांड संख्या 31/17 धारा 147, 148, 149, 341, 323, 379, 385, 387, 427, 437 भा0द0वी एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए एक्ट के आरोपी लवलेश गंझु पिता प्रधान गंझु ग्राम बरटोला थाना बालूमाथ निवासी के घर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तिहार चिपकाया है।लवलेश गंझु पिछले कई वर्षो से मामले में फरार चल रहा है। अगर इस्तेहार चिपकाए जाने के बाद भी लवलेश गंझु सरेंडर नहीं करता है। तो न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में स्क्रैप लोहा की चोरी, जल्द होगा कारोबारियों के नाम का खुलासा



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा में अभिजीत ग्रुप का पावर प्लांट तो नहीं लगा पर इसके स्क्रैप बेधड़क चोरी कर बेचा जा रहा हैं। यहाँ प्रतिदिन छोटे गाड़ी से लेकर बड़े ट्रकों से मशीनों के कल-पुरजों समेत अन्य सामानों की ढुलाई हो रही है। यह खेल विगत कई वर्षों से जारी है। बतादें कि कुछ संवाददाता लगभग दो बजे प्लांट के गेट पर पहुंचे जहां मुलाकात सिक्युरिटी गार्ड से हुई। गार्ड ने रजिस्टर में इंट्री करने के बाद अन्दर जाने दिया।जब संवाददाता प्लांट का अन्दर गये तो बहुत कुछ देखने को मिला।जब सीएचसी में गए तो वहां चार घंटे तक रुके परंतु कंपनी का कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचा।हाँ आस पास के लोगों को जानकारी हुई, तो कुछ ग्रामीण पहुंचे।वहीँ ग्रामीणों ने दबी जुबान से कुछ लोगों का नाम बताया जो लोहा काटते और बेचते हैं।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ये लोग बहुत दबंग लोग हैं।कहा कि हमलोगों का नाम और फोटो अखबार में नहीं लगाइएगा नहीं तो हमलोगों को खतरा भी हो सकता है।खैर बहुत जल्द ही स्क्रैप कारोबारियों का नाम भी खुलासा होगा। बैंकरों ने किया था आकलन = अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट के लिए छह हजार करोड़ का निवेश कर चुका था लगभग 95 फीसदी काम पूरा हो चुका था पर कोयला घोटाले में नाम आने और चित्तरपुर कोल ब्लॉक रद्द होने के बाद बैंकरों ने कंपनी को ऋष्ण देना बंद कर दिया इसके बाद कंपनी ने भी पावर प्लांट चलाने में रुचि दिखानी बंद कर दी प्लांट का काम बंद कर दिया गया।

## आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम के तत्वाधान में कांवरिया सेवा जत्था रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार के प्रसिद्ध समाज सेवी संस्थान आलोक मोहन स्मृति सेवा आश्रम के माध्यम से प्रसिद्ध श्रावणी मेला देवघर में कांवरिया सेवा शिविर के लिए कांवरिया सेवा जत्था सोमवार को लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम,पुर्व विधायक प्रकाश राम सहित अन्य अतिथियों ने बोल बम के नारे के साथ झंडा दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संस्था के संचालक रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि संस्था के द्वारा 10 वीं बार कांवर यात्रियों के लिए सुल्तानगंज-देवघर पथ पर स्थित खिजुरिया में सेवा शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लातेहार से 100 सेवक के साथ जत्था देवघर के खिजुरिया में आयोजित सेवा शिविर की ओर सुरक्षित वाहन से रवाना किया गया ।यह सेवा शिविर 10



अगस्त से शूरू होकर अनवरत 29 अगस्त तक चलाई जाएगी जिसमें कावरियों की सेवा निःशुल्क सुबह 5 बजे से आरंभ हो जाती है जिसमें चाय, बिस्किट, गुलुकोज़ पानी, निम्बू शर्बत, फल की सेवा दी जाती है।आगे बताया कि मेडिकल सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहता है जिसमें सारा मेडिसिन गर्म पानी से सेक, पोटली से सेक, भाप से सेक, तेल मालिश, मशीन से मालिश अनवरत चलता रहता है।वहीँ सुबह 9 से 11 बजे तक प्रतिदिन संगीतमय सूंदर कांड पाठ रामकथा मंडली के द्वारा एवं दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रामचरित मानस का संगीतमय पाठ, 11 बजे से 2 बजे तक जागरण, शाम 6:30 बजे से महाआरती, 11 बजे से 3 बजे तक और शाम 7 बजे से 10 बजे तक लंगर एवं फलाहार की व्यवस्था की जाती है ।श्री अग्रवाल ने कहा कि ईस सेवा कार्य में 27 अगस्त दिन रविवार को सेवा शिविर मे ही रुद्राभिषेक का आयोजन ( आचार्य श्री संतोष कुमार मिश्रा जी एवं उनकी टीम) के द्वारा किया जाएगा।

## प्रतिभा सम्मान समारोह प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। जहां मुख्य अतिथि राज्य के माननीय मंत्री सत्यानन्द भोगता पहुंचे। जिनका स्वागत विद्यालय परिवार ने अंगवस्त्र, गुलदस्ता देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां छात्रों ने डांडिया प्रस्तुति संगीत नाच नृत्य जोहार झारखंड जैसे कई प्रस्तुतियां पेश की गई। जिसके लिए बच्चियों को मंत्री ने खूब प्रशंसा कीए माननीय मंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेघावी छात्र छात्राओं को +2गंगा स्मारक उच्च विद्यालय स्मृति चिन्ह, मेडल देकर सम्मानित किया। सम्मानित छात्रों का नाम अंशु कुशवाहा शशि कुमार नेहा कुमारी पवन कुमार यादव रेणु कुमारी रूप



रानी कुमारी मधु कुमारी रोहित राज औचित्य कुमार गगन कुमार गुप्ता मो समशाद सौरभ कुमार दांगी दुर्गेश कुमार लकी कुमार आफरीन परवीन का नाम शामिल है। मौके पर उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, प्रमुख अनीता यादव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, प्रदेश महासचिव भोली साहू, प्रदेश सचिव दीपक साहू, 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान, 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव, समाजसेवी बालेश्वर यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा प्रधानाध्यापक ब्रजेश सिंह, रामलखन दांगी, देव चरण दांगी, अंचल पदाधिकारी जयशंकर पाठक, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, सतेन्द्र कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, शिक्षक प्रधानाध्यापक बृजेश सिंह, सरोज कुमार, गुन्दो रविदास रमजान अली अंसारी, कृष्णा कुमार टिंकू, सरोज कुमार, राजीव नयन प्रसाद राजीव रंजन दास संतोष सेठ ब्यूटी कुमारी विधीन कुमार नरेंद्र सिंह शारदा शैलबाला लिना कुमारी मीनाक्षी कुमारी किरण कुमारी उमेश राज बसंत मिश्रा गौरव मिश्रा निर्मल गाना पंकज कुमार एवं सैकड़ों,छात्र छात्राओं व गणमान्य लोग मौजूद थे

## महुआडांड़ प्रखंड में बढ़ा आई फ्लू का प्रकोप, बड़े बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक की आंखें लाल

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों आई फ्लू का प्रकोप बढ़ गया है। प्रखंड में कई लोगों की आंखों में आई फ्लू के लक्षण देखने को मिल रहे हैं। बारिश के दिनों में कई प्रकार के इंफेक्शन आने लगती हैं। इस बार यह आई फ्लू के रूप में लोगों को परेशान कर रहा है। महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय समेत सोहर, ओरसा, चटकपुर, चोरमोन्डा आदि क्षेत्रों में आंख के इंफेक्शन से लोग परेशान हैं। खास तौर पर स्कूली बच्चों को ज्यादा दिक्कतें हो रही है। हालांकि इस पर कोई विशेष गाइडलाइन नहीं मिलने के कारण विद्यालयों में भी सभी बच्चों के एक साथ बैठने से इसका इंफेक्शन और भी ज्यादा बढ़ रहा है। अधिकांश घरों में परिवार का कोई ना कोई सदस्य आई फ्लू एवं बुखार की चपेट में है, जिससे अभी इसके और बढ़ने की आशंका है। इस समस्या के बाद लोग भी बीमारी के प्रति सतर्क हो रहे हैं, मेडिकल में आई ड्रॉप की बिक्री बढ़ गई है। प्रखंड भर में रोजाना सैकड़ों आई ड्रॉप की बिक्री हो रही है। इस संबंध में स्वास्थ्य प्रभारी डॉ अमित खलखो बताते हैं कि जिन्हें भी इस तरह का इन्फेक्शन हो रहा है वे अपनी आंखों को गुनगुना पानी से धोते रहें, आई ड्रॉप का प्रयोग करें और अनावश्यक रूप से लोगों के बीच न जाए।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता ने हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र में विकास योजनाओं का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर चतरा विधानसभा क्षेत्र के हंटरगंज प्रखंड पहुँचे। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों का दौरा किया और आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। साथ ही डीएमएफटी मद से निर्माण होने वाले लगभग एक दर्जन पीसीसी सड़कों का विधिवत शिलान्यास व उदघाटन किया। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, राजद प्रदेश नेता सह मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रिका यादव, कपिल यादव, सितेश्वर यादव, भोला यादव समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## जेएमएम विधायक बैजनाथ राम को केन्द्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** लातेहार के लोक प्रिय जेएमएम विधालय बैधनाथ राम को पार्टी के द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बारियातू के जेएमएम कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव ने प्रखंड के कई जेएमएम समर्थकों को मिठाई खिलाकर बधाई दिया।वहीं प्रखंड उपाध्यक्ष यादव ने कहा कि जेएमएम पार्टी गरीब, मजदूर, किसान, दलित की पार्टी है। इसका जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है।यह पार्टी हर क्षेत्र में सभी वर्गो के साथ मिलकर विकास की एक नई लकीर खिंच रही है। बधाई देने में साल्वे पंचायत के मुखिया राजिव भगत, टोंटी पंचायत के पंसस मो होजैफा, बारियातू जेएमएम पंचायत अध्यक्ष पवन यादव, टोंटी पंचायत अध्यक्ष प्रमोद यादव, लवकुश कुमार, राकेश कुमार, मुंशी लाल पाल, सुनील कुमार, मुकेश गंझु, मो शमीम, मो साजिद, बलराम कुमार, शंभु यादव सहित कई समर्थक शामिल रहे।

## मणिपुर घटना हृदय विदारक सरकार की बर्खास्तगी की उठी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को बिरसा मुंडा एकता मंच के बैनर तले विक्टर करकेटा और शशिभूषण तिवारी की संयुक्त अगुवाई में मणिपुर घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।बता दें कि लगभग तीन महीने से जारी मणिपुर राज्य में जातीय हिंसा में युवतियों, महिलाओं की आबरू को तार तार कर सैंकड़ों हत्याएं हो रही है जो रुकने का नाम नहीं ले रही है जिसे लेकर सैंकड़ों लोगों के साथ जुलूस के रूप पैदल मार्च करते बरवाडीह बाजार, रेलवे क्लोनी होते हुए बस स्टैंड रैन बसेरा परिसर में जुलूस सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए करकेटा ने कहा कि मणिपुर राज्य की घटना हृदय विदारक है,देश के कोने कोने से मणिपुर के सरकार की बर्खास्तगी की मांग हो रही है। वहीं बिरसा मुंडा एकता मंच के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को राज्यपाल के नाम छः सुत्री मांगपत्र सौंपा गया। वहीं मांगपत्र के माध्यम से बताया गया कि मणिपुर की सरकार बर्खास्त हो, शांति बहाल हो, राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए, घटना को अंजाम देने वाले दरिंदों को फांसी दिया जाए, हिंसा में प्रभावित लोगों को मुआवजा और पुर्नावास दिया जाए समेत आदिवासियों पर अत्याचार बंद किया जाए।

## ओमनी कार में लगी आग, बिना पुलिस को सूचना दिए हुए ओमनी लेकर फरार

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ रांची एनएच 22 मुख्य पथ पर सोमवार की सुबह लगभग 7:00 बजे एक ओमनी कार जेएच 01 7576 में आग लग गई। जिससे वाहन धु धु कर जल गया ।ओमनी कार के चालक बिना पुलिस को सूचना दिए हुए ही कार को लेकर फरार हो गया ।ग्रामीणों ने बताया कि इस कार में अभिजीत ग्रुप द्वारा चोरी किया गया लोहा ढोया जाता था और आग लगने के समय भी उक्त कार में चोरी का लोहा लदा हुआ था। इसीलिए वाहन मालिक ने जला हुआ ओमनी कार को आनन-फानन में बिना पुलिस को सूचना दिए लेकर फरार हो गया। ज्ञात हो कि अभिजीत ग्रुप का लोहा चोरी करने में कई कबाड़ी दुकानदार सक्रिय हैं और संभावना व्यक्त की जा रही है कि आपसीद्वेष में इस वाहन को भी आग लगाया जा सकता है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद से पूछे जाने पर कहा कि आग शॉर्ट सर्किट से लगा है। बाकी मामले की जांच की जा रही है।

## कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण समाज की जिला स्तरीय बैठक किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** चतरा जिला मुख्यालय स्थित विवेकानंद उच्च विद्यालय चतरा के प्रांगण में चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण समाज की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय पांडेय व संचालन जिला सचिव राजन पांडेय ने किया। कार्यक्रम के सुरवात भगवान परशुराम जी के चित्र पर विधिवत पूजन गणेश वंदना शांति पाठ शंख ध्वनि के साथ की गई। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पांडेय प्रदेश प्रवक्ता नंद किशोर पांडेय वरिष्ठ गणेश पांडेय परमानंद शर्मा उपस्थित थे। जिन्हें माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।उपस्थित चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के सभी प्रखंडों से आए हुए जिला कार्यकारिणी सदस्यों तथा नवनिर्वाचित प्रखंड पदाधिकारी गणों का भी स्वागत किया गया। जिला स्तरीय बैठक में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए निर्णय



लिया गया। कि इस कमेटी का दिन दीर्घ समय तक चलाया जाना चाहिए। इस पर सभी विर्पजनों ने संकल्प लिया है। और प्रत्येक प्रखंडों में मासिक बैठक की जाएगी। तथा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का भी संकल्प लिया गया। जिला स्तरीय कोष संग्रहण हेतु निर्णय लिया गया।बैठक में यह भी निर्णय ली गई कि प्रखंड स्तरीय बैठक में प्रखंड के सभी प्रबुद्ध जनों तथा प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य गणों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस बीच चतरा जिला अंतर्गत प्रखंड चतरा, कन्हाचट्टी, इटखोरी, मयूरहंड, पत्थलगड़ा, सिमरिया, गिद्धौर, टंडवा, लावालोंग से आए हुए नवनिर्वाचित प्रखंड पदाधिकारीओं को प्रमाण पत्र दिया गया। एवं सभी उपस्थित विप्र बंधुओं ने अपने अपने विचार को रखा। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 13 अगस्त को हजारीबाग स्थित कोरमाल चौक निकट पैराडाइज होटल के प्रांगण में झारखंड कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति के होने वाली प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन में जिला के विभिन्न प्रखंडों से भारी संख्या में विप्र बंधु शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष संबोधन में कहा कि झारखंड प्रदेश में विप्र ब्राह्मण बंधुओं की एकता को बनाए रखने में हम सभी को एक सूत्र में रहना होगा।

## मिशन इंद्रधनुष 5.0' के प्रथम चरण की शुरुआत, गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों का होगा टीकाकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मिशन इंद्रधनुष 5.0" अभियान के प्रथम चरण का आज हो शुरुआत हो गया है। उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सदर अस्पताल परिसर में ÷मिशन इंद्रधनुष 5.0÷ का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान सिविल सर्जन चतरा डॉ जगदीश प्रसाद ने उप विकास आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मिशन इंद्रधनुष के बेहतर संचालन हेतु कुल 445 सेशन साइट बनाए गए है। जिनके माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को छूटे हुए टीके लगाए जाएंगे। मिशन इंद्रधनुष अभियान तीन चरणों में चलेगा। प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर व तीसरा चरण 9-14 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान ऐसी गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से



पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा, जो किसी कारणवश टीका नहीं लगवा पाए थे। टीकाकरण से पूर्व लाभार्थी का पंजीकरण यू-विन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। पंजीकरण एवं रिपोर्टिंग यू-विन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।मौके पर उप विकास आयुक्त ने संबोधित करते हुए ÷मिशन इंद्रधनुष 5.0÷ के सफल संचालन एवं शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर मुहिम के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने जिले के गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 5 वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों के अभिभावकों से भी अपील किया कि वह अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवाएं, जिससे बच्चों के समेकित विकास के साथ-साथ उनका इम्यूनिटी सिस्टम में भी वृद्धि हो। टीकाकरण बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए कितना महत्वपूर्ण है इस संबंध में भी उप विकास आयुक्त ने कई प्रमुख बातें कही।उन्होंने सभी संबंधित को उत्तरदायित्व पूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर सभी चरणों में शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ हीं ससमय समीक्षा एवं प्रतिदिन होने वाले टीकाकरण का रिपोर्ट भी साझा करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त एवं सिविल सर्जन द्वारा वहां उपस्थित बच्चों को पोलियो ड्रॉप भी पिलाया गया। मिशन इंद्रधनुष 5.0 के उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से सिविल सर्जन चतरा डॉ जगदिश प्रसाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉक्टर दीपक कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुरहारा मोड़ स्थित गुंगटी में हुई चोरी

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना में पुरहारा मोड़ पर स्थित गुंगटी में चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत भुक्तभोगी व गुगटी के संचालक मुनेश कुमार पिता स्व. कमल साव ने बरही थाना में आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने बताया की पिछले 5 अगस्त की रात्रि में हरेक दिन की भांति गुगटी बंद कर अपने घर सोने गए थे, जब सुबह 5 बजे उठकर आए तो देखे की मेरे गुगटी का ताला टूटा हुवा है। जब अंदर जाकर देखा तो पाया कि गले में रखा नगद दस हजार रुपए व सभी महंगे समान गायब है, जिसका लगभग मूल्य 25 हजार है। वहीं इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया की आवेदन प्राप्त हुवा है, मामले की छानबीन की जा रही है।

### झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड संयोजक मंडली को 07 सदस्यों से बढ़ाकर 24 सदस्यों का चयन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, झामुमो समन्वय समिति द्वारा प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा का 24 सदस्यों की संयोजक मंडली का चयन हजारीबाग परिसदन में किया गया। बताते चलें कि पहले की विष्णुगढ़ प्रखंड के सात सदस्यों के संयोजक मंडली का टीम हुआ करता था, जिसकी अभी 24 संयोजक मंडली टीम का विस्तार कर चयन किया गया। विष्णुगढ़ प्रखंड से झामुमो सदस्यों में गौरव पटेल, कपिलदेव चौधरी, रामकिशोर महतो, नसरुल्लाह खान, राजू श्रीवास्तव, बाबूचंद्र मांझी, महादेव मुर्मू, देवीराम हेंब्रोम, पूरन महतो, महेंद्र यादव, महताब हुसैन, यशोदा देवी, मनोवर आलम, दुलारचंद पटेल, राणा इकबाल खान, शरीफ अंसारी, विनय कुमार दास, रोहित राम, सुरेश मांझी, अनुराग बर्मन, छोटेलाल बेसरा, संजय राम, शिबू सोरेन, संजय प्रजापति आदि 24 सदस्यों का चयन किया गया। इस चयन से संबंधित पूछे जाने पर संजय प्रजापति ने बताया कि प्रखंड में चयनित संयोजक मंडली टीम द्वारा झामुमो पार्टी के विस्तार और संगठनात्मक ढांचे का विकास लोकसभा और विधानसभा में योग्य प्रत्याशियों की गहन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। आगे कहा कि झामुमो से प्रतिदिन लोग जुड़ रहे हैं, आसन्न चुनाव को लेकर झामुमो के सदस्यों में बेहद सकारात्मक भाव है।

### विष्णुगढ़ प्रखण्ड संसाधन केंद्र में दिव्यांग बच्चों की जांच, 27 नए दिव्यांग की पहचान

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड संसाधन केंद्र में 3 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 14 बच्चों के बीच ट्राई साइकिल तथा श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। शिविर का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के द्वारा किया गया था। शिविर में प्रखण्ड के 27 नए दिव्यांग बच्चों की पहचान की गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को विवेकानंद पेंशन के तहत राशि दी जाती है,अधिक से अधिक बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा कर आवेदन करें और बच्चों को लाभान्वित करें। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से कहा कि इसका बढ़-चढ़कर लाभ बच्चों को दिलवायें। शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी,प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा,विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुणाल कुमार,डॉ स्वाति गिरी,डॉक्टर अभिषेक शर्मा,गुणाधर महतो, मुकेश कुमार,बबलू कुमार , शिक्षक,अभिभावक, समेत जांच टीम के कई लोग शामिल थे।

### सावन के पांचवी सोमवारी पर लगातार दूध बेलपत्र का वितरण

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा पिछले 2 वर्षों से सेवा का कार्य किया जा रहा है। बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के प्रत्येक सोमवारी को शिव भक्तों को सेवा प्रदान की जा रही है इसी क्रम में रिमझिम बारिश के बीच पांचवी सोमवारी पर बुढ़वा महादेव परिसर में दूध बेलपत्र का वितरण किया गया। शिव भक्तों ने ? नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयकारों के बीच दूध बेलपत्र को प्राप्त किया। जिसके बाद हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन सहित तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर हजारीबाग वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की।मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने पांचवी सोमवारी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद समस्त हजारीबाग वासियों पर बनी रहे। साथ ही कहा कि रिमझिम बारिशों के बीच भी श्रद्धालुओं की उत्साह भगवान भोलेनाथ के प्रति काफी देखने को मिली।सचिव संजय कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित कर मन को काफी प्रसन्नता मिलती है। रिमझिम बारिशों के बीच भी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उत्साह सेवा को लेकर कम नहीं हुई। हजारीबाग यूथ विंग सालों भर अपनी सेवा प्रदान करती है। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, डॉक्टर वी वेंकटेश, सनी देव, विकाश तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### बंधन हेल्थ प्रोग्राम ने सोसो पंचायत सचिवालय में मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा क्षेत्र अंतर्गत बंधन- हेल्थ प्रोग्राम द्वारा आयोजित दुलमी प्रखंड के सोसो पंचायत सचिवालय में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि दुलमी जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान, विशिष्ट अतिथि सोसो मुखिया उर्मिला देवी, शहीद नागरिक चेतना मंच के अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती, रोजगार सेवक लालचंद ठाकुर सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद प्रीति दीवान ने कहा कि स्तनपान नवजात शिशु के लिए अमृत के समान है। यह नवजात शिशु के स्वास्थ्य के लिए सबसे बेहतर है। वही, सोसो मुखिया उर्मिला देवी ने कहा कि स्तनपान बच्चे के लिए सर्वोत्तम है। माँ का दूध जहां नवजात बच्चे को स्वस्थ और मजबूत बनाता है। साथ ही, शिशु के स्तनपान करवाने से माँ को स्तन कैंसर सहित कई बीमारियों से बचाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही बंधन हेल्थ विभाग सोसो शाखा की टीम लीडर निशी कुजूर समेत सहयोगी सुशीला कुमारी, शांति

## रेस्टोरेंट मालिक रोशन की हत्या के विरोध में सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** रविवार की शाम हुए रेस्टोरेंट मालिक रोशन साहु हत्याकांड के विरोध में ग्रामीणों के द्वारा किए गए सड़क जाम को विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर हटाया गया। मौके पर पहुंचकर विधायक ने पीड़ित परिवार को सांत्वना एवं विश्वास दिलाया कि चाहे इसके लिए मुझे जितने भी बड़े पदाधिकारी से बात करनी हो मैं करूंगी और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर उन्हें उचित सजा दिलआउंगी। वहीं प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ डीजीपी संगठित अपराध को खत्म करने की बात करते हैं और उसी दिन इतनी बड़ी हत्याकांड को अंजाम दिया जाता है आखिर पुलिस प्रशासन कर क्या रही है। विधायक ने आगे कहा दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने नाराज ग्रामीणों को समझा-बुझाकर रास्ते को खाली करवाया और वाहनों के आवागमन को चालू भी करवाया। वहीं एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने ग्रामीणों के सामने अपराधियों को पकड़ने के लिए 48 घंटे की मोहलत मांगी है।

## केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ अंडर 14 बालक की टीम ने केवीएस राष्ट्रीय फ्री सुब्रतो कप के फाइनल में दूसरा स्थान प्राप्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ अंडर 14 बालक की टीम ने 1 से 5 अगस्त तक कोलकाता संभाग के खड़कपुर केंद्रीय विद्यालय में आयोजित हुए केवीएस राष्ट्रीय फ्री सुब्रतो कप के फाइनल में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है इस प्रतियोगिता में कुल 25 टीमों ने हिस्सा लिया था पहले लीग मैच में केवी रामगढ़ ने दिल्ली संभाग को 2-1 से दूसरे मैच में रायपुर संभाग को 1-0 से तीसरे मैच में कोलकाता संभाग को 2-0 से चौथे मैच में पटना संभाग को 2-0 से तथा पांचवें लीग मैच में वाराणसी संभाग को 5-0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया । क्वार्टर फाइनल में एर्नाकुलम संभाग को 1-0 से हराने के बाद रामगढ़ की टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई और सेमीफाइनल में जयपुर संभाग को 2-1 से हराकर फाइनल में पहुंची तथा फाइनल में देहरादून संभाग से 2-1 से हार कर प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया । विद्यालय की इस उपलब्धि पर रांची संभाग के उपायुक्त डी पी पटेल, सहायक आयुक्त बालेंद्र कुमार एवं विद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती अमिता ज्योत्सना बाड़ा ,शारीरिक शिक्षक बीके मिश्रा एवं प्रशिक्षक शशि कुमार मेहता ने सभी खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी।

## सेल ईडी के साथ इंटक के प्रतिनिधिमंडल की हुई वार्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सेल रिफैक्ट्री यूनिट इफिको आरआर पी रांची रोड एवं भंडारी दाह इकाई के प्रतिनिधि मंडल एवं एस0 आर0 यू 0 अधिशासी निदेशक ईडी, सीजीएम प्रोडक्शन जीएम कमर्शियल ,जीएम टेक्निकल, जीएम मेंटेनेंस, जीएम मार्केटिंग ,जी एम राव मैटेरियल के साथ ईडी कार्यालय में बोकारो के तीनों इकाइयों के विभिन्न मुद्दों पर बिंदुवार विस्तार पूर्वक चर्चा हुआ चर्चा में इंटक एसआरयू अध्यक्ष सह एनजेसीएस नेता बीएन चौबे महामंत्री खोखेद्र साहू सचिव केडी मिश्रा डीएन गिरी उपाध्यक्ष नंदकिशोर बेदिया सुरेश यादव सायनाथ तूरी एवं तुलसी सीह ने भाग लिया चर्चा में मुख्य रूप से कच्चा माल की व्यवस्था, ठेका श्रमिकों के ग्रेड, पीएफ की समस्या पेंशन ,नया प्रेस मेन पावर की कमी इत्यादि मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ ।

## अतिक्रमण मामले को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को कराया अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत पड़िरमा के दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव से उनके आवास पर मिले एवं सार्वजनिक अडवार एवं खेलकूद मैदान पर अतिक्रमण हटाने का मांग किया। ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए अवगत करवाया कि मौजा पडिरमा थाना नम्बर 75 के खाता संख्या 79 प्लॉट संख्या 04 व मौजा नथूवामारन खाता संख्या 14 प्लॉट संख्या 27 दोनों का रकवा लगभग 10 एकड जमीन पर सन् 1950 ईसवीं से सम्पूर्ण पडिरमा वासियों का दखल कब्जा है, यह जमीन पर किसी भी प्रकार का सार्वजनिक पुजा पाठ, बच्चों का खेल-कुद जैसे फुटबॉल मैच क्रिकेट मैच तथा अन्य प्रकार का खेल कुद होते चला आ रहा है। अचानक उपरोक्त जमीन पर ग्राम पडिरमा के गांव के ही कुछ लोग एक ही परिवार के सदस्य है। इन लोगो ने संयुक्त रूप से उपरोक्त स्थल पर दो ट्रैक्टर लेकर गये एंव उसे जोतने लगे ग्रामिणों के द्वारा रोकने का प्रयास किया गया लेकिन ये लोग मानने से इनकार कर गये एवं लड़ाई-झगडा करने पर उतारू हो गये एंव कुछ लोगों को धमकी भी दिया। उन्होंने बताया की उक्त विषय की जानकारी बरही अंचलाधिकारी को भी आवेदन देकर दिया गया है। इस बाबत पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने मामले की पूरी जानकारी लेने के लिए अंचलाधिकारी बरही से मिलने की बात कही है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, दिनेश प्रसाद, भीम यादव, सुधीर यादव, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, सुरेश पासवान, राजेंद्र यादव, महेश यादव, लालजी यादव, विनय पासवान, रोहित गिरी, रंजीत यादव, रोहित यादव, अनिल पासवान,रविन्द्र यादव, लौकेश यादव, राजकुमार यादव सुबोध यादव, प्रदीप ठाकुर, तुलसी यादव, शंकर रविदास, विनोद रविदास, राजू यादव, अनिल पासवान सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।


## मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से मतदाता जागरूकता रथ को अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।मतदाता जागरूकता रथ प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ के द्वारा अपने अपने पोषक क्षेत्रों के प्रत्येक घरों में जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। मतदाता सत्यापन कार्यक्रम 21 जुलाई से शुरू हुआ है जो 21 अगस्त तक जारी रहेगा। इस रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। कि वे अपने घरों के मतदाताओं का सत्यापन कराते हुए। नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। मौके पर अंचल के प्रधान सहायक संजय नायक,संजय साहू सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

## प्रखंड क्षेत्र में रूक-रूक कर हो रहे मध्यम बारिश से धान की रोपाई के लिए किसान खेतों में उतरे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा, बेलकप्पी, झुरझुरी, गोरहर, शिलाडीह, बेडोकला,गैडा आदि पंचायतों के अलावे प्रखंड क्षेत्र में पिछले दिनों से हो रही रुक रुक कर बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठें हैं।सुबह से लेकर शाम तक किसान अपने खेतों की जुताई-रोपाई में लग गए हैं.मध्यम बारिश होने से धान समेत अन्य फसलों को संजीवनी मिल गई है.किसान राजेश राणा, पंकज पाण्डेय, वकील प्रजापति, आदि किसानों का कहना है कि मध्यम बारिश होने से गहरा खेतों का रोपाई तो हो जायेगा पर धरती के ऊपरी सतह के खेतों में अभी तक के बरसात से पानी नहीं ठहरा है।जिससे धान की फसल कि सिंचाई के लिए किसान वर्ग को कठिनाई हो रही है।मध्यम दर्जे के बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है.वही बारिश के बाद से लोगों को उसम भरी गर्मी से राहत मिली है।जुलाई माह बीतने के बाद अगस्त के पहले सप्ताह में जिस प्रकार से मध्यम बारिश हो रही है।इससे किसानों के चेहरों पर सुहावना मौसम मुस्कान ला दिया है। सूखे कि आशंका के बीच हुई इस बारिश से किसानों को काफी राहत मिली है।

### एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मृतक असफाक के परिजनों से मिले,कहा

## आपलोग हिम्मत नहीं हारे न्याय दिलाकर रहेंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मो. शाक़िर साहब और प्रदेश संगठन महासचिव समीर अली साहब बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब के आदेशानुसार मृतक असफाक के परिवार से मिलने बरही पहुंचें। मौके पर बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास ने अपने टीम के साथ प्रदेश से आये अतिथियों का कोनरा पंचायत भवन में स्वागत समारोह में माला पहनाकर परिचय करते हुए जोरदार स्वागत किया। सभी लोगों ने बरही के महत्वपूर्ण मुद्दों एवं समस्याओं पर विचार विमर्श किया। वहीं मृतक असफाक के घर मिलने गए। उन्होनें बताया कि अभी तक मेरा आवेदन पर केश नहीं हुआ है और थाना द्वारा बताया कि यूडी केश किए हैं और मेरा केश नहीं कर रहा है। एआईएमआईएम झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष मो. शाक़िर साहब ने मृतक असफाक के परिजनों का ढाढस बंधाते हुए कहा कि आपलोगों को हिम्मत नहीं हारना है, आपको न्याय जरूर मिलेगा। इस केश को हमारे बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब देख रहे हैं। पीड़ित परिवार हिम्मत नहीं हारे इस केश को लड़ने के लिए हम और हमारी पार्टी अपने खर्च से लड़ेगी। चाहे उच्च न्यायालय जाना पड़े या सुप्रीम कोर्ट जाना पड़े। हम सभी जगह जाने के लिए तैयार हैं। किसी भी हालत में हत्यारों को छोड़ा नहीं जाएगा। प्रदेश संगठन महासचिव जनाब समीर अली साहब ने कहा कि पूर्व दिन हुए राँची के विधानसभा घेराव में असफाक के मामले पर सरकार से मुवावजे और नौकरी की बात कही गई है। आप सभी हिम्मत रखें हम और हमारी पार्टी आपके आपके साथ है न्याय के लिए लड़ेंगे और जीतेंगे।विधानसभा प्रभारी सूरज दास ने कहा कि असफाक की हत्या हुए आज करीब 20 दिन हो गया और पीड़ित परिवार को बरही पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर सांत्वना देते रहे। मौके पर बरही प्रखण्ड अध्यक्ष नसीम अंसारी उर्फ चांद, बरही प्रखण्ड उपाध्यक्ष उमेश कुमार यादव, प्रखण्ड सचिव गुलाम कादिर, महासचिव रफीक अंसारी, जुनैद अंसारी, मेराज अंसारी, राजू भाई, सराज अंसारी, मिनहाज अंसारी, नसीम अंसारी आदि मौजूद थे।

## पेयजल स्वच्छता व जल जीवन मिशन की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में पेयजल स्वच्छता विभाग की संचालित योजनाओं सहित जल जीवन मिशन की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक के क्रम में जल जीवन मिशन के तहत् हर घर नल योजना की समीक्षा के सन्दर्भ में उपायुक्त ने कहा योजना के तहत् बृहद पैमाने कार्य प्रारंभ किया गया है। जल जीवन मिशन केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। लोगों के घर तक नल से पेयजल आपूर्ति की योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता का खास ख्याल रखें। उपायुक्त ने कहा अभियंता योजनाओं की क्लोज मॉनिटरिंग के साथ साथ लोगों की शिकायतों के निवारण में संवेदनशीलता के साथ तत्परता बरते। पेयजल आपूर्ति से संबंधित नई या पुरानी कोई भी स्कीम छोटी मोटी मेंटेनेंस के आभाव में बेकार न हो इसके लिए शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत चालू कराने के लिए पहल करें। ख़ासकर सुदूरवर्ती इलाको, जनजातीय बहुल टोलों, मोहल्लों, दुर्गम पहाड़ी इलाकों में विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने खराब एवं चालू चापकल की जानकारी ली एवं खराब चापकनल को ठीक करने के कार्य में गक्ति लाने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा पानी की गुणवत्ता की शिकायतों पर भी ध्यान देने की बात कही।एसबीएम की समीक्षा के क्रम में प्रखण्ड एवं ग्राम जल स्वच्छता समितियों को हस्तांतरित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र मांगने, ओडीएफ घोषणा सम्बन्धी कारवाई करने के लिए ग्राम सभा की बैठक करने, अतिरिक्त शौचालय निर्माण, गोबर गैस प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट आदि कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त के अलावा प्रशिक्षु समाहर्ता सुलोचना मीणा, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल मनोज कुमार मुंडारी सहित सहायक व कनीय अभियंता मौजूद थे।

## मनरेगा व विभिन्न आवास योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों का निरिक्षण कर ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने जिन लाभुकों के द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरांत भी आवास का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है उनके विरूद्ध नोटिस जारी करने सहित अन्य कार्यवाही करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके प्रखंडों में आवास योजनाओं के लंबित लक्ष्य के अनुरूप समय का आकलन करते हुए योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त 2023-24 के लिए आवास योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों के आवास स्वीकृति का कार्य अनिवार्य रूप से 15 अगस्त पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए योग्य व जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही उन्होंने मनरेगा कार्यों में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के अलग-अलग पंचायतों में निर्मित खेल मैदानों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि योजना के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु यह जरूरी है कि बच्चे खेल मैदानों का इस्तेमाल करें।

इसके लिए उपायुक्त ने आवश्यकता अनुसार खेल क्लब का गठन कर बच्चों व युवाओ को क्लब से जोड़ने व नियमित रूप से मैदाने में प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने खेल मैदाने में जलापूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यकतानुसार सूची तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरसा सिचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर लक्ष्य की प्राप्ति व लाभुकों के लाभ के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिले में ऑनलाइन एसेट रजिस्टर संधारित करने को लेकर पीपीटी के माध्यम से चर्चा की गई। इस दौरान ऑनलाइन ऐसेट रजिस्टर के फायदों यथा योजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग, सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोर्टल पर संग्रहित, योजनाओं के पूर्ण होने में आने वाली तेजी, योजनाओं की डुप्लीकेसी पर रोक, संसाधनों के सही उपयोग सहित अन्य फायदों पर चर्चा के क्रम में इस दिशा में कार्य करने को लेकर उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए।

## प्रखण्ड मुख्यालय में मेरी माटी, मेरा देश अभियान की सफलता को लेकर बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में सोमवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान की सफलता को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 09 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक किया जाना है। यह अभियान का मुख्य उद्देश्य देश वीरों की पूजा है, जिन्होंने हमारे कल के लिए वह अपने आज का बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में वीर शहीदों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में शीला फलक का निर्माण करना है तथा अमृत वाटिका बनाना है। अमृत वाटिका में 75 पौधों का वृक्षारोपण करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गांव की मिट्टी का एकत्रीकरण तथा तथा शीला फलक में पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्वलन कर मिट्टी को नमन और शहीदों का वंदन करना है।

उन्होंने कहा विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। जिसमें विष्णुगढ़ के सभी विद्यालय के बच्चे, अभिभावक , नागरिक तथा जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख जेबुन्निसा विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, 20 सूत्री सदस्य विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, विनोद सोरेन, मुखिया निर्मल कुमार,उत्तम महतो,मंजू देवी, कलावती देवी, नन्हकू महतो, कुंती कुमारी,समेत पंचायत सेवक रोजगार सेवक तथा प्रखंड कर्मी शामिल थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# सत्संग ज्ञान का अमृत है मानव समाज को इसका लाभ लेना चाहिए

## सत्संग में वेद, गीताजी आदि धर्मग्रंथों में छुपे हुए रहस्यों को बताया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रजरप्पा :** रजरप्पा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड के ढुठुवा गाँव में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी के सत्संग का आयोजन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। सत्संग में श्रद्धालुओं को पवित्र वेद पुराण ,कुरान शरीफ, बाईबिल व गुरु ग्रंथ साहिब व श्रीमद्भागवत गीता आदि धर्मग्रंथों में छिपे रहस्यों का महत्व बताया गया। इस दौरान सृष्टि की रचना कब और कैसे हुई, प्रत्येक जीव क्यों जन्म लेते हैं और मरते हैं जीव कहां से आता है और कहां यह जाता है ,जीव की गति होती है यह आत्मा क्या चीज है इसके बारे में वृहद रूप से जानकारी दी गई जिसमें बताया गया कि 84 लाख योनियां क्यों भोगनी पड़ती है इससे छुटकारा कैसे मिलेगा आदि रहस्यों को सत्संग में श्रद्धालुओं को बताया , संत रामपाल जी ने सामाजिक कुरूतियों को दूर करने का मिशन चलाया हुआ है, साथ ही आये दिन हो रहे अपराध से बचाव के लिए गांव- गांव व शहर शहर में सत्संग का आयोजन हो रहा है। सत्संग में उपस्थित सेवादारों ने बताया कि पवित्र धर्मो के पवित्र सदग्रंथों में छुपे ऐसे कई गूढ़ रहस्य बताने वाली शास्त्र प्रमाणित पुस्तकें जीने की राह ज्ञान गंगा, गीता तेरा ज्ञान अमृत भी श्रद्धालुओं को वितरित की गई। साथ ही बताया कि संत से नाम लेने पर तत्व ज्ञान तो होता ही है. साथ ही सर्व सुख भी मिलता है।

# प्रखंड स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** सोमवार को मांडर प्रखंड सभागार में अध्यक्ष अलताफ अहमद की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक का संचालन सचिव अमन कुमार ने किया। बैठक में अध्यक्ष अलताफ अहमद ने कहा कि राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ ने विगत एक महीने से राजभवन के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन किया जा रहा है। लेकिन एक महीने बीत जाने के बावजूद भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं किया गया है। ये बहुत ही दुख की बात है। सरकार ने चुनाव के समय नारा दिया था, की बदलो सरकार और पाओ अधिकार। लेकिन झारखंड के 16 हजार पढ़े लिखे युवा आज सड़कों पर है, लेकिन अभी तक सरकार ने संघ से वार्ता करने का नाम नहीं ले रही है। सरकार को अभी तक वार्ता कर लेना चाहिए, लेकिन राज्य सरकार किए हुए वादे को भूल गई है। और वार्ता नही करना चाह रही है। अगर संघ की पांच सूत्री मांगों पर विचार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। और संघ की मजबूती और धरना प्रदर्शन पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए लोगों को कहा। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी से मुलाकात कर पिछले बकाया राशि को भुगतान कराने की बात कही गयी, साथ ही प्रखंड में सक्रिय स्वयं सेवक का सूची तैयार कर प्रखंड कार्यालय में जमा कर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उमर फारूक अंसारी, हसीब अंसारी, अमित खलखो, अजरुद्दीन अंसारी, आशीष उरांव सहित कई स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस को लेकर खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने की बैठक



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस है। दिवस को धूमधाम एवं एतिहासिक बनाने को लेकर खिजरी विधायक राजेश ने अपने पैतृक आवास लूंपुग टोली नामकुम में बैठक की। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस को धूम धाम से मानने को लेकर तैयारी पर चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे विधायक राजेश कच्छप ने विधानसभा स्तरीय भव्य कार्यक्रम करने की बात कही। बैठक में नामकुम, अनगड़ा, ओरमांझी, नगड़ी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ओरमांझी प्रखंड में विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रखंड सभागार में कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस के मुकेश कुमार सिन्हा का विदाई एक समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई। मुकेश सिन्हा ने अपने कार्यकाल में ओरमांझी प्रखंड में बहुत से कार्यक्रम किए। और प्रखंड के विकास में अहम भूमिका निभाई। साथ ही साथ महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके विकास के लिए दिन रात एक कर प्रथम स्थान पूरे झारखंड में ओरमांझी प्रखंड को दिलाई। ऐसी बहुत सी बातें अलग-अलग सखी मंडल की दिदिओं के द्वारा इस कार्यक्रम में बोला गया।सभी की आंखों में आंसू दिख रहे थे। सभी अपनी-अपनी शब्दों में बहुत सी जानकारी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश सिन्हा को दी। और उनके कार्यकाल में जितना भी प्रखंड का विकास हुआ है।वह सही मायने में एक पायलट की तरह शुरुआत से लेकर अब तक की कड़ी मानी जा रही है। अब आगे देखना है कि जिसके हाथों में बागडोर दी गई है। वह कैसे इस प्रखंड को चलाती है।और ऐसी आशीष वचन के साथ प्रखंड के दस्तावेजों को साझा किया गया। हैंडोवर और टेकओवर एक दूसरे को दी गई। इस कार्यक्रम में प्रखंड के कर्मी, जेएसएलपीएस के कर्मी और सखी मंडल की दिदियां और स्वयंसेवी संस्था के संस्थापक देवेंद्र नाथ ठाकुर ने भी मुकेश सिन्हा के कार्यो की प्रशंसा की।और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा काम ओरमांझी प्रखंड में सिर्फ और सिर्फ जेएसपीएल के द्वारा ही संभव हो सकता है। और लगातार की जा रही है। और इसका पूरा श्रेय प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश सिन्हा को दी जाती है। श्री ठाकुर के द्वारा मुकेश सिन्हा को भी आशीर्वाद दिया गया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना सभी लोगों के द्वारा की गई। और नये प्रखंड के विकास में उनकी भूमिका के लिए प्रेरित किया है। मौके पर मुख्य रूप से कनीज फातीमा , रोशन सिंह ,प्रशांत कुमार, नितेश कुमार, दीप मंडल, मौसमी ,संदीप, विजेता, डोली, नारायण, सौम्या, किशुन, रिजवान, मोबिन, धनौती, अनीता, कुमीता, कनीज, संगीता, गीता, देवंती, प्रभा, बबीता, मुन्नी, इशरत, शीला, पंचायत सेवक मंडल आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की निर्वाचन विभाग की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में निर्वाचन विभाग की समीक्षा बैठक किया गया । बैठक में उपायुक्त ने मतदाता पुनरीक्षण विशेष कार्यक्रम की गतिविधियों, बीएलओ द्वारा डोर टू डोर सर्वे, पन्ना वेरिफिकेशन, मतदान केंद्रों में सुविधाएं, कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र, मतदाता पहचान पत्र का वितरण, प्राप्त प्रपत्र 6,7 एवं 8, दिव्यांग मतदाताओं का चिन्हित करने, मतदान केंद्रों का शत् प्रतिशत सत्यापन, ई-पिक अनुपात, 10 मतदाता वाले घर का सत्यापन समेत कई बिन्दुओं पर समीक्षा किये।उपायुक्त मेघा ने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी को निर्देश दिए की बीएलओ की सहयोग से डोर टू डोर सर्वे करायें एवं छूटे हुए नए मतदाता का मतदाता सूची में नाम जोड़े। साथ ही प्राप्त फॉर्म 6, 7 और 8 को बीएलओ एप में इंट्री करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ के साथ बैठक करके एप में एंट्री करने की प्रक्रिया अगले दो दिनों के अंदर पूर्ण करें । साथ ही मतदाता सूची का मिलान करते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध करायें । उन्होंने मतदान केंद्रों का भ्रमण करने का निर्देश सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी को दिया और कहा कि मतदान केंद्रों में सारी सुविधाएं उपलब्ध है, इस पर रिपोर्ट दें । सभी मतदान केदो की शत प्रतिशत सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे । कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों का भ्रमण करने का निर्देश दिया गया। पोस्ट मास्टर को पहचान पत्र की प्राप्ति और वितरण पर रिपोर्ट देने को कहा । उपायुक्त ने कहा कि जिन मतदान केदो में फॉर्म 6, 7, 8 प्राप्त नहीं हो रहा है उन मतदान केदो के बीएलओ को फॉर्म एकत्रित करने के लिए प्रेरित करें।

# ईंट लदा टर्बो वाहन की सड़क दुर्घटना में चालक की दर्दनाक मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** सोमवार को सुबह 11 बजे नरकोपी थाना अंतर्गत बोबरो मोड़ में ईट लदा टर्बो वाहन के सड़क में पलट जाने से एक कि मौत और चार घायल हो गए। दुर्घटना में वाहन चालक बुढ़मू थाना के साड़म निवासी 24 वर्षीय रमेश नायक की मौके पर मौत हो गयी। नरकोपी थाना को सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची स्थित रिम्स भेज दिया। वहीं घायलों में संदीप नायक पिता गणेश नायक, रोहित नायक पिता एतवा नायक, मनोज नायक पिता सुरेश नायक तीनों बुढ़मू थाना के साड़म ग्राम के निवासी है एवं बेड़ो थाना के बोगरो टिकरा निवासी दुर्गा लोहरा पिता सुरेंद्र लोहरा को प्राथमिक उपचार के लिए बेड़ो सीएचसी भेज दिया गया। वहीं वाहन को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया।

# भूली क्वार्टर में एससी एसटी क्लब ने पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता किया आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** भूली क्वार्टर सिरका के मैदान में सोमवार से एससी एसटी क्लब के तत्वाधान में पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बताया गया कि इसमें 17 वर्ष के नीचे युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन खेल द ड्रैगन क्लब भूली क्वार्टर सिरका बनाम जूनियर क्लब टोंगी के बीच खेला गया। ड्रैगन क्लब भूली क्वार्टर ने 2-1 से मैच अपने नाम किया। मौके पर मैच उद्घाटन में आजसू नेता तिवारी महतो, कराटे प्रशिक्षक राकेश कुमार, महावीर भुईयां, सुखराज भुईयां, सिक्कू कुमार मुंडा, समाजसेवी रूपा हिंदू लकड़ा समेत कई उपस्थित थे।

## जारू गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पिस्का पंचायत के जारू गांव में नए ट्रांसफार्मर का विधिवत पूजा पाठ कर गांव के ग्राम प्रधान रंथु मुंडा एवं झामुमो सिल्ली विधानसभा प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया एवं बताया कि नए ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को बिजली की समस्या से निजात मिल जाएगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, प्रखंड उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, संतोष साहू, कार्यालय प्रभारी पांडे महतो, संगठन सचिव द्वारिका महतो, मीडिया प्रभारी भागीरथ महतो, पिस्का पंचायत प्रभारी हेमंत कुमार महतो, फलाहारी महतो, राजेश चौधरी, मुकेश कुमार महतो, वीरेंद्र महतो, अजय कुमार महतो, रामरतन मुंडा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिल्ली :** झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने कहा की आज झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ की इकाई सराइकेला खरसावां जिला शोंडिक संघ की बैनर तले बैठक सरायकेला नगर के माड़वाड़ी भवन धर्मशाला में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु जी के अध्यक्षता में हुई जिसमें सरायकेला खरसावां जिला के संयोजक श्री दुर्गेश प्रसाद साहु जी की अगुवाई में उनकी पूरी टिम ने मंचासिन अतिथियों को बारी बारी से सराइकेला सुंडी समाज के सदस्यों के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया। बैठक में सराइकेला खरसावां सुंडी समाज ने झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ,पश्चिम बंगाल सुंडी संघ एवं राष्ट्रीय शोंडिक संघ के पदाधिकारियों को अपने कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। दिनेश प्रसाद साहु प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय शोंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह जो दिनाक 24 सितंबर दिन रविवार को रांची स्थित मोराबादी संगम गार्डेन हाल में होने जा रही है, उस कार्यक्रम में देश विदेश से समाज के गण मान्य अतिथिगण रांची पधार रहे हैं। दिनेश प्रसाद साहु ने सभी उपस्थित लोगों से रांची के कार्यक्रम में बड़ चढ़ कर भाग लेने की अपील किए। बीरेंद्र साहु ने कहा की सुंडी समाज को अपनी राजनीतिक भागीदारी लेने के लिए काफ़ी लंबी लडाई लड़ने की जरूरत है हमें सुंडी जाति को अनूसूचित जाति में शामिल करने के लिए एक मंच पर आना चाहिए । राष्ट्रीय सुंडी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सनत मंडल ने कहा की सरकार को सुंडी समाज को अनूसूचित जाति का दर्जा देना होगा, हमारे पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में सुंडी जाति को अनूसूचित जाति का दर्जा प्राप्त है तो झारखंड में रहने वाले सुंडी समाज के साथ सौतेला व्यवहार क्यों, मंच संचालन कर रहे उदय साहु ने कहा की इस लड़ाई को लेकर सभी संगठन को एक मंच पर आकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। कृष्णा मुरारी साहु ने अनूसूचित जाति का दर्जा मिलने पर होने वाले सुबिधा के बारे में विस्तार से बताया। रविन्द्र मंडल ने 10 सितंबर को पोटका में विशाल सुंडी रैली में सभी को उपस्थित होकर अपनी ताकत दिखाने को कहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं में दिनेश प्रसाद साहु, बीरेंद्र साहु, उदय साहु, मुकेश साहु, सैलेंदर कुमार, राजेश साहु, कृष्णा मुरारी साहु, सनत मंडल, अमीन मंडल, रविन्द्र मंडल, दुर्गेश प्रसाद साहु, राजेश प्रसाद साहु, हेमंत साहु, मथुरा साहु, राजन साहु, दिलिप साहु, मनोज साहु, अनिल साहु, प्रकाश साहु, राजेश साहु, प्रवीण साहु, ने अपनी अपनी बाते रखीं।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** सोमवार को प्रखंड सभागार में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत् एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि बेड़ो प्रखंड वीरों की धरती है इसलिए यह कार्यक्रम प्रखंड के सभी गांव के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सभी गांव में दिनांक 8 अगस्त को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर गांव अमृत वाटिका के अंतर्गत 75 वृक्षों का वृक्षारोपण योजना ग्राम सभा से पारित किया जाएगा। साथ ही मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत का कार्यक्रमो की विस्तृत रूप से ग्रामीणों को जानकारी दिया जाएगा। प्रत्येक गांव में बनने वाले अमृत वाटिका में एक सिलापट बनाया जाएगा। जिसमें प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता सेनानी देश के लिए शहीद होने वाले वीरों का नाम अंकित कर सम्मान व श्रद्धांजलि दिया जाएगा। प्रत्येक गांव से मिट्टी को 13 अगस्त तक प्रखंड लाया जाएगा पूर्णिया मिट्टी प्रखंड स्तर पर एक जगह जमा करते हुए इसे दिल्ली मैं स्थित कर्तव्य पथ मे भेजा जाएगा। 15 अगस्त को सभी अमृत वाटिका में झंडोत्तोलन किया जाएगा, वृक्षारोपण किया जाएगा और हाथों में दीप लेकर शपथ लेने का कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया।इस मौके पर प्रधान लिपिक फारुक नदीम, बीपीओ संजय तिर्की, विजय यादव, मनरेगा लेखापाल मोहम्मद असद उल्लाह, मुखिया सरिता कुजूर, रमेश उरांव, सुशांति भगत, सुनीता सुरेन, पंचू उरांव, वीरेंद्र भगत सहित पंचायत सेवक रोजगार सेवक जनसेवक व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## झामुमो सिल्ली कार्यालय में आवश्यक बैठक संपन्न



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाम( सिल्ली) झामुमो कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका की अध्यक्षता में एक अति आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच संगठन की मजबूती तथा सदस्यता अभियान को लेकर गहन रूप से विचार-विमर्श किया गया तथा पार्टी के सिद्धांतों को हर घर तक पहुंचाने का निर्णय भी लिया गया। मौके पर झामुमो विधानसभा सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया,अमित कुमार महतो, प्रवीण कुमार महतो, हेमंत कोई री, अनिल बेदिया, भागीरथ महतो, अजीत कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, फलाहारी महतो, पांडे महतो, दशरथ महतो, दिलीप कुमार महतो, उपेंद्र महतो, भोंदू सिंह नायक, मुहर्रम मोमिन, हेमंत महतो, बंसी कोईरी, विमलेश महतो, भरत प्रमाणिक, राजेश चौधरी, राजेश महतो, गोपाल महतो समेत दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बढ़ते अपराध के खिलाफ होगा आंदोलन : दिलीप दांगी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने बीती रात्रि रौशन साव की हत्या पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है की जिले में भ्रष्टाचार का ग्राफ पहली बार इतना बढ़ा है।हर तरफ अव्यवस्था है । कोयला बालू सहित राज्य के अन्य संसाधनों की लूट हो रही है। समाज का हर व्यक्ति खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। पुलिस सिर्फ दुपहिया वाहन जांच में परेशान है। अपराधियों पर लगाम लगाने को ले इतनी तत्परता रहती तो आज ये भयावह स्थिति न होती। ऐसा प्रतीत होता है की अपराधियों को शीर्ष सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। अराजकता अपने चरम सीमा पर है। ऐसा प्रतीत हो रहा की सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। पतरातू प्रखंड का हाल और बुरा है। आए दिन हत्याएं हो जा रही हैं। यहां आमजनता की जान की क़ीमत हीं नहीं है।इस आराजकता के खिलाफ जनता में रोष है जल्द हीं रौशन साव की हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आजसू जोरदार आंदोलन करेगी।

## भोले भंडारी के भक्तों ने पांचवी सोमवारी पर शिवालयों में लगाएं जयकारे

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयला नगरी अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस पास के गांव टोंगी, चपरी, कंजगी, बुमरी, चुंबा, हेसला, मनुआ, फुलसराय के ग्रामीण क्षेत्रों में पांचवी सोमवारी पर भक्तों ने शिवालयों पर ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव के नारे लगाए। महिला, युवती भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, पुष्प, भांग, धतूरा अर्पित कर जलाभिषेक किया। महिला, पुरुष श्रद्धालुओं के द्वारा शिव मंदिरों में शिव शक्ति के भक्तिमयी भजनों को गांकर अपने परिवार और क्षेत्र के लिए सुख, शांति, समृद्धि की कामना की गई। मंदिर समितियों के द्वारा पूजा के लिए आने वाले लोगो के लिए विधि व्यवस्था की गई थी।

## अरगड्डा- सिरका में दिनोभर रुक-रुक कर रिमझिम बारिश हुई

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार सुबह से ही दिनोभर रुक-रुक कर रिमझिम बारिश हुई। इससे मौसम शुष्क हो गया। वहीं ग्रामीण किसानों ने भी बरसात से थोड़ी खेती को लेकर राहत महसूस की हैं। आने वाले दिनों में और बार बारिश होने की संभावना भी व्यक्त की हैं। वर्षा के कारण लोगों को कोलयरी प्रतिष्ठानों और जरूरी कामों के लिए छाते और बरसातीयों का सहारा लेना पड़ा।

## फागू बेसरा को झामुमो का महासचिव बनाए जाने पर झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी और हर्ष की लहर है

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलन के महानायक दिशोम गुरू शिबू सोरेन और झारखंड राज्य के युवा यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्वास जताते हुए, भरोसा करते हुए फिर एक बार झारखंड आन्दोलनकारी झामुमो के वरिष्ठ नेता फागू बेसरा को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव बनाया गया है। बेसरा के महासचिव बनने से उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल सहित कोयलांचल के झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी और हर्ष की लहर है, श्री बेसरा को महासचिव बनाए जाने से कोयलांचल के विस्थापित, संथाल समाज सहित तमाम आदिवासी समाज के लोगों में खुशी और हर्ष है।श्री बेसरा को बधाई देने वालों में राजकुमार महतो, एतवा मांझी,सुखदेव महतो, बीरबल मरांडी अलख कुमार मांझी, कान्दो मांझी, पन्नालाल मुर्मू, सनु मदन सोरेन, सुरेश चंद पटेल, भुनेश्वर ठाकुर, चुन्नूराम बेसरा, अमित हंसता, कैलाश मांझी, प्रदीप सोरेन धनीराम मांझी, विष्णु टुडू,शनिचार मांझी,सुरेश सोरेन, नरेन्द्र रविदास, अभिषेक कुमार, दुर्गा सोरेन एवं सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिला कर बधाई दी।

# महिलाएं अब पुरुषों से कम नहीं है : विधायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड के पार्टी कार्यालय में सोमवार को पार्टी के महिला पंचायत अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। बैठक में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने महिला सशशक्तिकरण के बारे मे चर्चा किया और कहा कि अब महिला अपने पुराने ख़्यालातो को छोड़कर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आये, नेतत्व करे। अब महिला पुरुषो से कम नही है।बैठक में विधायक ने यह भी कहा आप अपने पंचायत मे नेतत्व करे पंचायत की महिलाओ की समस्याओ को सुने उसका हल कराने का प्रयास करे, साथ ही झारखंड सरकार द्वारा लाये गये योजनाओं के बारे मे बतलाये और उसका लाभ लेने को कहे। अगर आप सभी को महिलाओ की समस्याओ को हल कराने और योजनाओं का लाभ पहुँचाने में समस्या उत्पन्न होती है।

## ट्रक में दबा बच्चा तीन घंटे रेस्क्यू के बाद निकाला गया

**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चरही घाटी में हजारीबाग से रांची की ओर जाने वाले सड़क में एक गाड़ी ट्रेलर ट्रक अनियंत्रित होकर रोड के दूसरे तरफ जा कर पलट गई है। इस दुर्घटना में दूसरी ओर से आ रही खाली पिकअप गाड़ी को टक्कर मारी है । जबकि उसी ट्रक ट्रेलर गाड़ी में बैठा एक बच्चा करीब 15 वर्ष का ट्रेलर से दब गया था, जिसे करीब तीन चार घंटे लगातार रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया है । प्राथमिक उपचार हेतु सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया है। स्थिति सामान्य है, चरही पुलिस ने सड़क के दोनो तरफ से वाहन का आवागमन शुरू करवाई। रविवार को भी अहले सुबह यही घाटी यूपी मोर टमाटर के लदा पीकप वैन पलट गया था। कही न कही दुर्घटना होने का कारण हाई स्पीड और घाटी काफी घुमावदार होने से गाड़ी अनियत्रित होकर दुर्घटना हो जाती है। एन एच आई प्रबंधन को इस घुमावदार घाटी को देखते हुए संज्ञान में लेकर कुछ उपाय करें ताकि दुर्घटना रोका जा सके।



# 23वें राज्यस्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में गिरिडीह को 8 स्वर्ण सहित कुल 24 पदक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले से धनबाद के अपर्णा पब्लिक स्कूल में दिनांक 4 से 6 अगस्त तक हुए 23 वे राज्य स्तरीय सब-जूनियर एवं जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता में गिरिडीह की टीम ने आठ स्वर्ण, बारह रजत और चार कास्य पदक अपने नाम करने में कामयाब रही। गिरिडीह जिला ताइक्कांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि 4 से 6 अगस्त तक धनबाद के अपर्णा पब्लिक स्कूल में हुए 23 वे राज्यस्तरीय सब जूनियर और जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए 28 सदस्यीय गिरिडीह टीम इस प्रतियोगिता में गई हुई थी जिसमे 24 खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब रहे। जिससे गिरिडीह के सभी ताइक्कांडो खिलाड़ियो में खुशी का माहौल गई सभी ने उन्हें फोन पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस टीम 10 बालिका तथा 18 बालक कुल 28 खिलाड़ी तथा 2 कोच आकाश कुमार स्वर्णकार और रोहित राय के साथ खेलने गए हुए थे। ये प्रतियोगिता 2 आयु वर्ग सब-जूनियर और जूनियर वर्ग में खेला गया था । जिसमे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए इन खिलाड़ियों ने अपने अपने वेट कैटेगरी के सब-जूनियर आयु वर्ग में नव्या सिंह, तनिषा आर्य ने स्वर्ण पदक, अर्पित स्वर्णकार, अक्षत जैन ने सिल्वर और नव्या सिंह, विकाश कुमार ने कास्य पदक जीतने में कामयाब रहे। वही जूनिय आयु वर्ग में कृतिका बर्मन स्वर्ण पदक,हर्ष कुमार सिंह ने रजत पदक और सौरभ कुमार और नयन भट्टाचार्य ने कांस्य पदक अपने नाम किया। और फ्रेशर आयु वर्ग में पल्लवी कुमारी, पारस कुमार, काजल कुमारी, आरभ आर्या, वेदांश कुमार, आदित्य कुमार, श्लोक कुमार, अभिरल कुमार और आराध्या कुमारी रजत पदक जितने में कामयाब रही। तथा वहीं पुमसे इवेंट में नयन भटचार्य रजत पदक जीतने में कामयाब रहे। इन खिलाड़ियों के इस उपलब्धि से पूरे गिरिडीह में हर्ष का माहौल है और हर बार की तरह यहां के ताईक्कांडो खिलाड़ी लगातार पदक जीत कर गिरिडीह को गौरान्वित कर रहे। महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि इस टीम में श्री गुरुनानक विद्यालय, मोगीय स्कूल, सी सी एल डीएवी, बीएनएस डीएवी,कार्मेल इंग्लिश स्कूल और गिरिडीह और बनियाडीह क्लब के खिलाड़ि सम्लित थे। गिरिडीह जिला ताइक्कांडो संघ के संरक्षक निर्भय शाहाबादी तथा अध्यक्ष सुमिर कुमार शर्मा,डॉ विकास लाल, मनोहर वर्मा,आकाश स्वर्णकार ,शशिकांत विष्वकर्मा, ज्योति कुमार, रोहित राय,पंकज कुमार ,राजुकमार बर्मा,बिरजू बर्मा एव अन्य सभी सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों और कोच आकाश स्वर्णकार और रोहित राह को बहुत बहुत बधाई दी और इनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने धनबाद का मान बढ़ाया : उदय



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 23वां झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर तथा जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता अपर्णा पब्लिक स्कूल धनबाद में 4 अगस्त से 6 अगस्त तक सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इसमें धनबाद के द राइट ट्रेक एकेडमी को तीन स्वर्ण, छह रजत तथा एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी सप्तमी गोराई, उदय कुमार पंडित, रजत मंडल रहे। रजत पदक विजेता खिलाड़ी साकेत सिंह चौधरी, आदित्य मिश्रा, शगुन वर्मा, पहल जैन, पूर्वी भाटिया, कव्शि जिंदल तथा कांस्य पदक पीयूष रंजन गिरि रहे।इसके साथ ही प्राची सिन्हा, रजत गुप्ता, रूद्र मिश्रा ने उम्दा एवं दमदार प्रदर्शन कर धनबाद जिला का नाम रोशन किया। इसके लिए कोच विशाल पंडित, समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, झारखंड महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष रमा सिन्हा, भाजपा युवा नेता रमेश पांडे, झारखंड ताइक्कांडो संघ के महासचिव संजय शर्मा, भारतीय ताइक्कांडो संघ के महासचिव प्रभात शर्मा, धनबाद जिला ताइक्कांडो संघ के सचिव सुमिर शर्मा, लक्ष्मीकांत सिन्हा, भारतीय ताइक्कांडो संघ से अश्विनी शर्मा, झारखंड ताइक्कांडो संघ के रेफरी चीफ अमर बाउरी, विजय शंकर विश्वकर्मा, अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो खिलाड़ी यमुना कुमार पासवान ने सभी बच्चों को भविष्य में इससे भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए हौसला बढ़ाते हुए सभी को ढेरों शुभकामनाएं तथा बधाई दी।

## बरमुड़ी ओसीपी में बीसीकेयू के शाखा कमिटी का गठन



**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरमुड़ी ओसीपी परिषर में सोमवार की सुबह बिहार कोलियरी कामगार यूनियन बरमुरी ओसीपी शाखा कमिटी का गठन यूनियन के महामंत्री सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष ओमप्रकाश महतो, उपाध्यक्ष योगेंद्र चौहान, इजाज खान, मानवती देवी, सचिव रामानंद राजभर, सह सचिव सोमेश्वर कुमार, विकास मंडल, जोगेंद्र चौहान, संगठन सचिव भानुप्रताप सिंह, तरुण राय, कालीचरण मिस्त्री, कोषाध्यक्ष मानुवती देवी, कार्यकारी सदस्य राजू मल्लाह, चंदन साव, सुलेमान खान, अजय राम का चयन किया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को पूर्व विधायक द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद बीसीकेयू ग्रुप का गठन किया गया। पदाधिकारियों ने सभा में उपस्थित मजदूरों को बीसीकेयू के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं पूर्व विधायक सह महामंत्री को माला पहना कर स्वागत किया। उक्त अवसर पर अरूप चटर्जी ने कहा कि नई कमेटी के गठन होने से यहां के मजदूरों के हक की लड़ाई और तेज होगी। नई कमेटी के लोग मजदूरों के हक एवं अधिकार की लड़ाई तेज करें जिसमे मेरा पूरा सहयोग होगा। मौके पर आगम राम, कार्तिक दत्ता, रामजी यादव, रौशन मिश्रा सहित कुमारधुबी कोलियरी के मजदूर उपस्थित थे।

## केरल इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के प्रतिनिधियों ने किया मनियाडीह पंचायत का सर्वे



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरल इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन (किला केरल) के प्रतिनिधियों ने आज टुंडी प्रखंड में मनियाडीह पंचायत का सर्वे किया। इस संबंध में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि झारखंड सरकार की ओर से टुंडी प्रखंड के मनियाडीह पंचायत, जीतपुर तथा मछियारा पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने व आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए चयन किया गया है। इसको लेकर केरल इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा सर्वे किया जा रहा है। इसके तहत मनियाडीह पंचायत सचिवालय में सभी विभागों से जुड़े लोगों की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें केरल से कुमारी प्रीति एम पी, पंचायती राज विभाग से अरशद अंसारी, मो तौहीद डीपीएम धनबाद, मुखिया मनियाडीह, वार्ड सदस्य, बीपीआरओ, जेई, जेएसएलपीएस आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान संरचित प्रश्नावली के माध्यम से डेटा का एक सेट एकत्र किया गया। इस डेटा से विश्लेषण करने में मदद मिलेगी जो मॉडल पंचायत की दिशा में काम करने और लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने में बल प्रदान करेगी। केरल इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन की टीम द्वारा 9 अगस्त 2023 तक चयनित पंचायतों का भ्रमण किया जाएगा।

## रांची वाराणसी एक्सप्रेस का लातेहार व बर्बादी स्टेशन पर होगा ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दिनांक 08.08.2023 से गाड़ी सं. 18611/12 रांची-वाराणसी-रांची एक्सप्रेस का लातेहार एवं बरवाडीह स्टेषन पर, 18311/12 संबलपुर-वाराणसी-संबलपुर एक्सप्रेस का बरवाडीह स्टेषन पर तथा 18635/36 रांची-सासाराम-रांची एक्सप्रेस का छीपादोहर स्टेषन पर ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है- दिनांक 08.08.2023 से गाड़ी सं. 18611 रांची-वाराणसी एक्सप्रेस 00.34-00.36 बजे लातेहार स्टेषन एवं 01.09-01.11 बजे बरवाडीह स्टेषन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 18612 वाराणसी-रांची एक्सप्रेस 22.15-22.17 बजे बरवाडीह स्टेषन एवं 22.44-22.46 बजे लातेहार स्टेषन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह दिनांक 08.08.2023 से गाड़ी सं. 18311 संबलपुर-वाराणसी एक्सप्रेस 01.09 बजे बरवाडीह स्टेषन पहुंचेगी और 01.11 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 18312 वाराणसी-संबलपुर एक्सप्रेस 22.15 बजे बरवाडीह स्टेषन पहुंचेगी और 22.17 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। दिनांक 08.08.2023 से गाड़ी सं. 18635 रांची-सासाराम एक्सप्रेस 19.58 बजे छीपादोहर स्टेषन पहुंचेगी और 20.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 18636 सासाराम-रांची एक्सप्रेस 06.48 बजे छीपादोहर स्टेषन पहुंचेगी और 06.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

## उपायुक्त ने की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की समीक्षा

### सभी तैयारियों को 13 अगस्त तक पूरा कर लेने का दिया निर्देश



*रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह*

*9 से 13 अगस्त तक किया जाएगा परेड का पूर्वाभ्यास*

*प्लास्टिक से बने राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री व उसका प्रयोग नहीं करने की अपील।*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने समाहरणालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुख्य समारोह की सारी तैयारियों को 13 अगस्त तक पूरा कर लेने, रणधीर वर्मा स्टेडियम में अग्निशमन वाहन के साथ एंबुलेंस व चिकित्सक की टीम रखने, स्कूली छात्रों एवं आम जनता से प्लास्टिक के बने राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग नहीं करने की अपील करने, प्लास्टिक के बने राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे जिले में ड्राई डे घोषित रहेगा।

उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की विभिन्न तैयारियों के संपूर्ण प्रभार में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह रहेंगे। 13 अगस्त को उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार रणधीर वर्मा स्टेडियम में परेड के पूर्वाभ्यास व समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर पूर्वाह्न 9:05 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद धनबाद समाहरणालय में 10:00 बजे पूर्वाह्न, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 10:10 बजे पूर्वाह्न, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 10~20 बजे पूर्वाह्न, मिश्रित भवन में 10:30 बजे पूर्वाह्न, गांधी सेवा सदन 10:45 बजे पूर्वाह्न, रेड क्रॉस सोसाइटी में 11:00 बजे पूर्वाह्न तथा पुलिस लाइन धनबाद में 11:10 बजे पूर्वाह्न में झंडोत्तोलन किया जाएगा। मुख्य समारोह स्थल पर डीएपी व एनसीसी के दो दो प्लाटून तथा सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, जेएपी, होमगार्ड, आरपीएसएफ व भारतीय स्काउट एंड गाइड के एक - एक प्लाटून परेड में हिस्सा लेंगे। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक परेड का पूर्वाभ्यास गोल्फ ग्राउंड में किया जाएगा। मुख्य समारोह में कोलफील्ड स्कूल, सरायढेला के छात्रों द्वारा राष्ट्रगान गाया जाएगा।

## नेता सरफुद्दीन अंसारी ने खोरठा गायक मकसूद आलम व गायिका आरती का सूरत में किया भव्य स्वागत



दौलत प्रसाद@प्रभात मंत्र

**बेंगाबाद :** गिरिडीह जिला के लाखों की संख्या में लोग गुजरात प्रदेश के सूरत शहर में रहकर अपना जीवन यापन करते हैं। गिरिडीह ज़िला के सुरजुगादी निवासी सह गांडेय विधानसभा के नेता सरफुद्दीन अंसारी उर्फ़ सैफ़ आलम ने सूरत अंतर्गत लिंबायत में झारखंड के प्रसिद्ध खोरठा गायक मकसूद आलम और मशहूर गायिका आरती जी को भव्य स्वागत किया। उक्त दौरान गिरिडीह ज़िला के गांडेय विधानसभा एवं जमुआ विधानसभा के सैकड़ों प्रवासी भाई उपस्थित थे । लोगों को संबोधित करते हुए समाजसेवी सरफुद्दीन अंसारी उर्फ सैफ आलम ने कहा मैं अपने क्षेत्र के साथ प्रदेश में भी लोगों की सेवा में तत्पर रहता हूं।आगे उन्होंने कहा कि कलाकार का कोई धर्म मजहब नहीं होता है लोग उनके संगीत-कला और विचारों से प्यार करते हैं। नेता चाह ले तो देश का माहौल कभी नहीं बिगड़ सकता है । हमारे नेताओं के ग़लत नीतियों के कारण आज हम अपने ही देश में प्रवासी बन के रह गये हैं। झारखण्ड में अपार खनिज संपदा है लेकिन नेता अपना झोली भरने में लगे हैं। आज हमें एक होने की ज़रूरत है वर्ना ऐसे ही हमारे नेता हमें लूटते रहेंगे।वही खोरठा गायक मकसूद आलम ने प्रवासियों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा प्रदेश में भी अपनों का प्यार अपना घर जैसा लगता है। आगे उन्होंने लोगों से सवाजसेवी सरफुद्दीन अंसारी उर्फ सैफ के हांथों को मजबूत करने का आहवान किया।

## मुख्य मार्ग पर जल जमाव का हुआ विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रानीबांध मुख्य मार्ग पर जलजमाव का आजसू नेता पप्पू सिंह ने सड़क पर बैठ कर आईएसएम हाय हाय का नारा लगाकर विरोध किया। मौके पर पप्पू सिंह ने कहा कि आईएसएम के द्वारा अपने संस्थान का गंदा पानी सड़क पर बहाया जा रहा है। जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है और राहगीरों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। बारिश में जलजमाव से महामारी की भी आशंका बनी हुई है। नगर निगम को भी इस पर ध्यान देने की आवश्यक्ता है। मौके पर स्थानीय अरुण गोप, चुनचुन सरकार, मोहम्मद सलीम, पप्पू सिंह, विकास शर्मा, राकेश सुभाष दे एवं अन्य मौजूद थे।

## विधायक ने पुस्तकालय को पुस्तकें की भेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया(गिरिडीह) :** सोमवार को सरिया कॉलेज सरिया में बगोदर विधायक सह शासी निकाय के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने पुस्तकालय को पुस्तकें भेंट की। इस अवसर पर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर विधायक को सम्मानित किया गया। विधायक ने कॉलेज में वैसी पुस्तकें उपलब्ध कराई जो पाठ्यक्रम एवं पाठ्यक्रम से इतर हैं। सभी किताबें काफी ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा हमें उत्कृष्ट विधायक के तौर पर जो राशि प्राप्त हुई। उसी राशि से क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों को मैं पुस्तकें दे रहा हूं। ताकि विद्यार्थी इन पुस्तकों को पढ़कर अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा की पुस्तक एक अच्छा मित्र है। उन्होंने हरेक पुस्तकों से विधायक ने छात्र-छात्राओं को रूबरू ही कराया। पुस्तकालय को विचार की आईना पर आधारित रविंद्र नाथ टैगोर, रामचंद्र शुक्ल, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद ,राम मनोहर लोहिया आदि के जीवन पर आधारित पुस्तकें, रवीश कुमार द्वारा लिखित बोलना ही है, पुष्य मित्र द्वारा लिखित पुस्तक रुकतापुर, एम.के. निवास की पुस्तक आधुनिक भारत में जाति, उसने गांधी को क्यों मारा ,राज्य समाज और शिक्षा ,स्कूल की हिंदी, आधा गांव, शीशमहल, आदिवासी की प्रेम कहानी, आग और पानी, बीच का रास्ता नहीं होता , भगत सिंह व उसके दस्तावेज आदि पुस्तकें प्रदान की। लड़कियों के लिए प्रेरणा स्रोत माने जाने वाले सूफी का संसार व एनी फ्रेंस की डायरी नामक पुस्तक भी उपलब्ध कराई गई। वही दो नोबेल पुरस्कार विजेता द्वारा लिखित पुस्तक भी उपलब्ध कराई गई। इन पुस्तकों में कई कहानियां, उपन्यास, कविताओं का संग्रह, यात्रा वृतांत इत्यादि विधाओं का संग्रह शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल की जबकि संचालन हिंदी विभाग के प्रो प्रमोद कुमार ने किया।

## जिले के जमुआ में "खेलो इंडिया" के तहत खिलाड़ियों का चयन परीक्षण का आयोजन

*10 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के कुल 30 खिलाड़ियों का किया जायेगा चयन।*

*चयनित खिलाड़ियों को एनआईएस से प्रशिक्षित कोच के द्वारा प्रशिक्षण।*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में स्वीकृत ÷खेलो इंडिया÷ के तहत खिलाड़ियों का चयन परीक्षण प्रखंड स्तरीय स्टेडियम, मिर्जागंज सह फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, जमुआ में आयोजित किया गया। इस चयन प्रक्रिया में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया । इस दौरान बताया गया कि प्रशिक्षण केंद्र में 10 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के कुल 30 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। एवं इन चयनित खिलाड़ियों को एनआईएस से प्रशिक्षित कोच के द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित की गई। मौके पर खेल पदाधिकारी के साथ कोच, स्थानीय शिक्षक, बीपीओ जमुआ सहित अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## झरिया : रोजगार की मांग को लेकर परियोजना पदाधिकारी का घेराव

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल एरिया के परियोजना कार्यालय के समक्ष दलित सेना के बैनर तले बस्ताकोला के ग्रामीणों ओर सैकड़ों मजदूरों ने परियोजना पदाधिकारी अशोक शर्मा का घेराव किया। ग्रामीण बस्ताकोला परियोजना लोडिंग पॉइंट में मैनुअल ट्रक लोडिंग की मांग विगत कई वर्षो से कर रहे हैं। घेराव के दौरान लोगो ने परियोजना पदाधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वादा खिलाफी का आरोप लगाया। घेराव की अध्यक्षता कर रहे दलित सेना के जिला अध्यक्ष दिनेश पासवान ने बताया कि परियोजना पदाधिकारी अशोक शर्मा मैनुअल ट्रक लोडिंग में बाहरी लोगों से सांठगांठ कर बंदरबांट कर लिया और स्थानीय युवकों को बरगलाने का काम किया है। पूर्व में भी कई बार वार्ता हुई है पर परियोजना पदाधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं जो सरासर गलत है। दलित सेना इसका पुरजोर विरोध करता है। अगर आने वाले समय में हम सभी की बातो को नहीं माना गया तो बास्ताकोला परियोजना पूरी तरह से ठप कर दिया जाएगा जिसकी जवाबदेही परियोजना पदाधिकारी की होगी।

## आसाम में झारखंड गतका खिलाड़ियों ने दिखाया जलवा

### उम्दा प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण, 3 रजत व 7 कांस्य पदक जीते



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आसाम के गुवाहाटी स्थित साई सेंटर के कर्मवीर नवीन चन्द्र बारडोलिया इंडोर स्टेडियम मे आयोजित 7वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप का 4 से 6 अगस्त तक शानदार आयोजन किया गया था। चैंपियनशिप की पूरी जानकारी देते हुए गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड की सचिव विद्या ने बताया की 4 अगस्त को चैम्पियनशिप का उद्धघाटन आसाम के राज्यपाल गुलाब चन्द्र कटारिया ने किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक, गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव बलजीन्दर सिंह तुर, आसाम गतका संघ के अध्यक्ष सह महासचिव, राष्ट्रीय कोडिनेटर दिलीप सिंह उपस्थित थे। गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड से 90 सदस्यीय दल इस प्रतियोगिता मे सम्मिलित हुई। जिसका नेतृत्व सचिव विद्या, बोकारो के राजीव सिंह, धनबाद की रती कुमारी, पंचम शर्मा, पप्पू कुमार एवं पलामू के सुमित बर्मन ने किया। झारखंड गतका खिलाड़ीयों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत और समुह वर्ग मे 2 स्वर्ण, 3 रजत और 7 कांस्य पदक जीत कर झारखंड का मान बढ़ाया।

## एसबीआइ के ग्राहक सेवा केंद्र में हथियार के बल पर 35 हजार की लूट


### तीन राउंड फायरिंग, अपराधियों की गोली से बाल-बाल बचे बैंक प्रबंधक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिले में अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि रात की बात तो छोड़ दीजिए दिन के उजाले में भी वारदात को अंजाम देने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। बाइक सवार दो अपराधियों ने सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र को निशाना बनाया। कतरास थाना क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत के रामपुर स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में हथियार के बल पर नगद 35 हजार रुपये, प्रबंधक भावेश कुमार महतो का मोबाइल व बैग लूट कर भाग गए। इस दौरान अपराधियों ने प्रबंधक भावेश को निशाना बनाकर पिस्टल से फायरिंग भी की, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। गोली दीवार पर जा लगी। अपराधियों ने उस समय सेवा केंद्र में मौजूद एक महिला समेत तीन ग्राहकों को कब्जे में कर लिया था। अपराधियों ने बुजुर्ग महिला ग्राहक रानी देवी का गला दबाकर रखा था। भागने के क्रम में अपराधियों ने मुख्य सड़क पर दो फायरिंग कर दहशत फैला दिया। घटना की सूचना पाकर कतरास थानेदार रणधीर कुमार, जोगता थानेदार दीपक कुमार अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तहकीकात की। पुलिस ने प्रबंधक से आवश्यक जानकारी हासिल की। पुलिस ने दो खोखा बरामद किया है। प्रबंधक भावेश ने बताया कि साढ़े बारह बजे दो अपराधी, जिसमें एक हेलमेट पहना हुआ था और दूसरा चेहरे पर मास्क लगाकर अंदर घुस गया। एक अपराधी ने पिस्टल तान दिया। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही अपराधी ने उनपर फायर कर दिया। उसने झूककर अपने आप को गोली से बचा लिया। अपराधियों ने ड्रायर में रखे नकदी और टेबल के ऊपर से मोबाइल लेकर मालकेरा रोड की ओर भाग निकले। सड़क पर आने जाने वालों के बीच डर का माहौल पैदा करने के लिए अपराधियों दो-गीन राउंड फायरिंग की। लोगों की माने तो अपराधी बिना नंबर प्लेट के बाइक से आए थे।

## बाल विवाह रोकने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम : गोतम सागर



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाल विवाह को रोकने को लेकर गर्ल्स नॉट ब्राइड्स, सहयोगिनी एवं आशा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत सचिवालय में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्थानीय मुखिया हारू रजवार, सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर समेत पंचायत क्षेत्र के स्टेकहोल्डर्स मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते गौतम सागर ने बाल विवाह के कानूनी पहलुओं की जानकारी दी और बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप के साथ साथ कानूनन जुर्म भी है। बाल विवाह रोकने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम है। मुखिया हारू रजवार ने कहा कि बाल विवाह से लड़कियों को जीवन में कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ सकती है। मौके पर सूर्यमनी देवी, कुमारी किरण, खीरी देवी, नीलम देवी, सोनू रजवार, मीना मुखर्जी, राजकिशोर, पारस नाथ महतो, सुरेश कुमार हांसदा, दीपबाला देवी, अनिता देवी, रामचरण मांझी, मुरारी सिंह, नेहा कुमारी, शत्रुघ्न हेम्ब्रम, सुरेश कुमार नायक, परमेश्वर मांझी, सुरेश हांसदा, अजीत हांसदा, वीरेन्द्र हेम्ब्रम, शिवलाल टुडू, विशाल हेम्ब्रम, युवराज सिंह, प्रमोद सिंह, बेबी देवी, उत्पल मुखर्जी व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# ग्रामीणों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक कोलेबिरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा के कोलेबिरा प्रखण्ड अन्तर्गत शाहपुर पंचायत के देवा टोली में ग्रामीणों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्यायों से अवगत कराते हुए कहा कि सड़क बिजली आदि पर आपके माध्यम से कार्य किया जा रहा है, किन्तु एक जानकारी देना चाहेंगे कि घर में शादी विवाह या अन्य कोई अनुष्ठान के समय झमरा आदि की आवश्यकता होती है। किन्तु जंगल से थोड़ा बहुत कचरा जैसे पौधों को भी काटने पर वन विभाग द्वारा कार्रवाई कर केश दर्ज करा दिया जाता है। जिससे हम आदिवासियों को अपने वैवाहिक कार्यक्रम में दिक्कत होती है। इसके लिए क्या उपाय है। माननीय विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जंगल का सुरक्षा उसका संरक्षण हम आपको ही करना है,अगर ये जंगल नहीं रहेगा तो सबसे अधिक पर्यावरण पर इसका असर पड़ेगा।आज हमारे बीच नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के लेकर कोरोना की समस्या उत्पन्न हुआ। इसलिए मेरा अपना सोच है कि झमरा के लिए जंगल की कटाई नहीं कर,टेंट का उपयोग किया जाना चाहिए। हां हल्का फुल्का झमरा के लिए लगाकर कार्यक्रम को सम्पादित किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि मैं इसके लिए सरकार से भी मांग रखते हुए कहेंगे कि सभी ग्राम सभा को टेंट सरकार उपलब्ध किया जाए।और किसानों को माचा के लिए सीमेंट का माचा बनाकर सुविधा प्रदान किया जाए। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने इस बिन्दु को सकारात्मक रूप देते हुए ग्रामसभा एवं महिला समूह देवा टोली को टेंट अपनी ओर से देकर इसकी शुरुआत किए। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, श्याम लाल प्रसाद,अमृत डुंगडुंग, सुनील खड़िया, राकेश कोनगाड़ी, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, मोहम्मद वहीद,पीटर टेटे, बब्लू सिंह, मोहम्मद तनवीर, प्रवीण खलखो, पंचायत समिति सदस्य के साथ सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## महिला शक्ति स्वरूपा ग्रुप लोहरदगा द्वारा सावन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** महिला शक्ति स्वरूपा शास्त्री चौक लोहरदगा के द्वारा सावन महोत्सव कार्यक्रम स्थानीय गुदरी बाजार मुद्रिका वेंकट हॉल लोहरदगा में ग्रुप की महिला निधि गुप्ता,रीमा साहू और खुशबू गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुरूआत महिला शक्ति स्वरूपा ग्रुप की लीडरशिप निधी गुप्ता के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम से पहले इस सावन माह भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती और श्री गणेश भगवान के चित्र पर दीप प्रज्वलित,माल्यार्पण एवं श्री गणेश वंदना से की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन सीमा चौधरी के द्वारा किया गया। इस सावन महोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा ग्रुप डांस, बच्चों का डांस, महिलाओं ने गाना एवं चिट प्रतियोगिता का भी आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मुहल्ले की विभिन्न महिलाओं द्वारा इस कार्यक्रम का सहयोग किया गया। कार्यक्रम को समापन कराने में पूर्णिमा चौधरी, शांति केसरी, शशि कला सिंह, प्रियंका केसरी, अनीता गुप्ता, आयुषी गुप्ता, रूबी ठाकुर, आवर्ती गुप्ता, निक्की केसरी, अर्चना केसरी, आरती गुप्ता, स्वाति चौधरी, ज्योति साहू, बबीता केसरी, दीपा चौधरी, आकांक्षा शरार्फ आदि सदस्यों का अहम सहयोग रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निधी गुप्ता ने कहा कि सावन का महीना लोगों को ईश्वर से जुड़ने और भगवान की भक्ति के लिए सबसे उत्तम है।

## पेशरार में चार दिनों से बंद बिजली सप्लाई को शीघ्र चालू करें विभाग : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र पेशरार प्रखंड के पेशरार एवं रोरद पंचायत क्षेत्र में विगत 4 दिनों से बिजली सप्लाई नहीं होने के कारण जनता परेशान हैं। श्री साहू ने कहा कि रोरद एवं पेशरार पंचायत के ग्रामीण उनसे आकर मुलाकात कर बताएं कि 4 दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण लगभग 20 गांव की जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। इलेक्ट्रिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जंगली क्षेत्र होने के कारण जंगली जानवरों का आवागमन ग्रामीण क्षेत्र में लगा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद भी अभी तक दोनों पंचायत में बिजली बहाल नहीं हुआ है ग्रामीणों ने श्री साहू से जल्द से जल्द बिजली बहाल कराने की मांग किए। श्री साहू ने ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित गति से निदान हो उसके लिए मौके पर सही लोहरदगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर यहां शीघ्र बिजली बहाल करने की बात कहे। कार्यपालक अभियंता ने श्री साहू को बताया कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण अंडरग्राउंड बिजली का कनेक्शन किया हुआ है केवल में कहीं कटा हुआ रहता है तो बारिश होने के कारण केवल पंचर हो जाता है जिसमें किट की आवश्यकता होती है। कीट उपलब्ध होते ही शीघ्र बिजली बहाल कर दी जाएगी ।श्री साहू ने तुरंत मौके पर से ही बिजली विभाग के जीएम रांची से वार्ता कर पेशरार एवं रोरद पंचायत में बिजली उपलब्ध कराने हेतु शीघ्र किट उपलब्ध कराने की आग्रह किए। जीएम ने आश्वासन दिया कि शीघ्र किट उपलब्ध करा दिया जाएगा। मुलाकात करने वालों में दिनेश महली, मोहन उरांव, करमदयाल उरांव, परदेसिया मुंडा, महादेव उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने पदाधिकारियों के साथ की मासिक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी की मासिक बैठक भाजपा जिला कार्यालय बक्शी दीपा लोहरदगा में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मनीर उराव ने की।? बैठक को मनीर उराव ने संबोधित करते हुए कहा कि 9 अगस्त से 15 अगस्त तक मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम प्रत्येक गांव में प्रशासन द्वारा आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं को सहयोग करते हुए प्रत्येक गांव की मिट्टी एक कलश के माध्यम से पंचायत स्तर पर संग्रह करने में सहयोग करेंगे ताकि वीर जवानों के सम्मान में झारखंड से यह सारे कलश दिल्ली भेजा जा सके एवं प्रत्येक गांव में 75 फलदार व इमरती पौधे लगाकर सिलापट में उक्त पंचायत के वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी का नाम लिखवाना है साथ ही देश का शांति, अखंडता, गौरव, वीरता का शपथ दिलाना है। 14 अगस्त को खेमराज धर्मशाला लोहरदगा में 1947 में विभाजन की विभीषिका से संबंधित एक प्रदर्शनी आम नागरिकों के लिए लगाना है ताकी आजादी के बाद विभाजन के वीभत्स तस्वीर जनता के सामने आ सके। 15 अगस्त को कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाएंगे एवं आम नागरिकों को भी प्रेरित करेंगे। आगामी 18 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी का लोहरदगा में आगमन होगा एवं 19 सितंबर को माननीय बाबूलाल मरांडी जी नगर भवन लोहरदगा में सभा को संबोधित करेंगे।बैठक का संचालन जिला मंत्री भारती सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन सामेला भगत ने किया। बैठक के समाप्ति पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राम आयोध्या सिंह, जनसंघ कार्यकर्ता रमेश महतो, आंजन धाम के अध्यक्ष दिवाकर पाठक की धर्मपत्नी के आकाष्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट की। माटी कला बोर्ड पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति राजकिशोर महतो, हर्षनाथ महतो, समेला भगत, सूरज मोहन साहू, राजकुमार वर्मा, बालकृष्ण सिंह, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, मीना बाखला, भारती सिन्हा, सरोज प्रजापति, पशुपति नाथ पारस, अमरेश भारती, सूरज दसोंधि, नवीन साहू, सुरेश बैठा, अशोक साहू, अमित लोहरा, बाल्मीकि कुमार, रजनीश कुमार, दिनेश साहू, मनोज साहू,रामभरत साहू, आदि शामिल है।

बोलबा के फार्मटांड में यूथ क्लब बोलबा द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

## सिमडेगा के खिलाड़ियों की बदौलत हुआ देश विदेश में राज्य का नाम रोशन : सन्देश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** खेल से शारीरिक मानसिक के साथ-साथ खुद का भी विकास होता है और खेल को खेल भावना के साथ खेलते हुए जिला से बाहर जाकर राज्यस्तरीय खेलते हुए नाम रोशन करें जो कि वर्तमान समय में खेल के क्षेत्र में रोजगार के कई अवसर हैं और यहां के खिलाड़ियों के बदौलत देश विदेश में राज्य का नाम रोशन हो रहा है उक्त बातें झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का बोलबा के फार्मटांड में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच के दौरान उपस्थित खिलाड़ी एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, उन्होंने आगे कहीं की झारखंड पार्टी हमेशा से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम किया है और आगे भी करेगी ताकि यहां के खिलाड़ी आगे बढ़े और नाम रोशन करें। इस मौके पर आयोजित फाइनल टूर्नामेंट में तारकेरा उड़ीसा एवं पालेमुंडा झारखंड के बीच खेल का आयोजन हुआ जहां पर शानदार पारी खेलते हुए उड़ीसा की टीम ने 3-1 से झारखंड को पराजित किया। उन्होंने कहा वर्तमान समय में पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब का जो परिभाषा है वह बदलकर अब खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ने का रास्ता बन चुका है जहां पर कई खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सूरज साव अश्विनी कीड़ों शेखर सिंह रोहन जयसवाल विजय बड़ाईक मुन्ना भाई राजू दास मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## आगामी नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर निकाला जाएगा भव्य जुलूस

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा और राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा युवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 9 अगस्त 2023 को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला के सभी आदिवासी सम्मानित पहान-पूजार महतो, सामाजिक अगुवाजनों, बुद्धिजीवियों को इस कार्यक्रम में अपना भागीदारी दें। इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोगों के लिए एकता का मजबूत हो सकें। आदिवासी समुदाय पर आये दिनों आदिवासी को शोषण करने वालों को मुंह तोड़ जवाब दे सकें। पिछले कुछ महीने पहले हमारे आदिवासी बहनों को मनीपुर में नंगा कर घुमाया गया जो बहुत बड़ा कलंक आदिवासियों पर अत्याचार किया गया है। आज आदिवासियों को भारत सरकार विभिन्न प्रकार की कानून व्यवस्था बनाने के बावजूद आपराधी अपराध करते जा रहा है सरकार अभी तक कुछ नहीं कर रहा है। सरकार समान नागरिक संहिता यूसीसी कानून के तहत जल जंगलों और जमीन से आदिवासियों को बेदखल करने का साजिश भी रची रही है। इस लिए अब आदिवासी समुदाय के लोगों को एक होकर एकता का परिचय देने के लिए तैयार रहें। इस बार विश्व आदिवासी दिवस पर भव्य रूप से जुलूस का आयोजन किया जा रहा है। यह जुलूस लोहरदगा झखरा कुम्बा एम जी रोड से निकलकर बरवा टोली, मिशन चौक,राणा चौक, गुदरी बाजार, बड़ा तालाब, अमला टोली सोमवार बाजार, पावरगंज चौक,न्यू रोड, अलका सिनेमा हॉल होते हुए झखरा कुम्बा में समापन किया जाएगा। जिला के सभी आदिवासी समुदायों के लोगों से अपील है कि इस भव्य रैली जुलूस में भारी से भारी संख्या में आकर अपना भागीदारी दें। उक्त जानकारी राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के युवा समिति सचिव पंकज उरांव ने दी।

## उत्तर प्रदेश से भटकी महिला सकुशल घर लौटी, पति ने लोहरदगा प्रशासन को दी बधाई

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सखी वन स्टॉप सेंटर से आज दिनांक 07.08.2023 को गोंडा, उत्तर प्रदेश की रहने वाली महिला को उनके पति व साथ आये रिश्तेदारों को सकुशल सौंपा गया। इससे पूर्व दिनांक 27.07.2023 को सेन्हा थाना द्वारा भटकती हुई इस महिला को सखी वन स्टॉप सेंटर में आवासित किया गया था। महिला ने अपना नाम गीता देवी बताया परन्तु अपना पता नहीं बता पा रही थी। कई चरणों की काउंसेलिंग उपरांत यह पता चल पाया कि महिला गोंडा जिला उत्तर प्रदेश की है। तत्पशचात जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूजा कुमारी के निर्देशानुसार संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार जिला बाल संरक्षण इकाई लोहरदगा और इम्तियाज़ खान आईटी इंजीनियर, सखी वन स्टॉप सेंटर लोहरदगा द्वारा अथक प्रयास करते हुए जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश के संरक्षण पदाधिकारी से समन्वय किया गया एवं महिला का फोटो और उससे प्राप्त अन्य जानकारी उनके साथ साझा किया गया। तत्पशचात संरक्षण पदाधिकारी गोंडा उत्तर प्रदेश द्वारा अपने जिले में महिला का विवरणी शेयर किया गया और पता चला कि महिला गोंडा जिले के रेहरा ग्राम की रहने वाली है। उसके बाद रैहरा के ग्राम प्रधान का नंबर उपलब्ध कराया गया एवं ग्राम प्रधान ने भरपूर सहयोग करते हुए महिला का घर पता किया और उसके पति से वीडियो कॉल के माध्यम उसकी पत्नी से बात करवाया। ग्राम प्रधान के द्वारा महिला के पति को लोहरदगा अपनी पत्नी को लेने के लिए भेजा गया था। आज इस कार्य में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, स्टॉप सेंटर के आईटी इंजीनियर इम्तियाज खान, अनुरंजन कुमार जिला बाल संरक्षण इकाई एवं काउंसेलर कविता कुमारी, श्वेता कुजुर, शोएब अख्तर, ए.एस.आई अफना तिर्की, ए.एन.एम. प्रबिला कुमारी का सराहनीय योगदान रहा। महिला के पति अपनी पत्नी को सुरक्षित अपने साथ ले गए एवं लोहरदगा जिला प्रशासन को हृदय से धन्यवाद दिया।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा आई फ्लू संक्रमण से बचाव को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में आई फुलू संक्रमण का प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प का आयोजन कर जगरुक्ता के साथ बचाव हेतु चिकित्सकों ने परामर्श दिया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में आई फुलू संक्रमण का प्रकोप काफी तेजी से पाँव पसार रहा है। जिसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा बचाव को लेकर सख्त कदम उठाया जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए कहा कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत गांव के अलावे ज्यादा कर स्कूली बच्चों में आई फुलू संक्रमण का प्रकोप देखने को मिला है। जिसको लेकर स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से बचाव एवं सावधानी रखने के दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही बताते हुए उन्होंने कहा आई फुलू संक्रमण बीमारी ऐसा बीमारी है। जो एक दूसरे के संपर्क में आने से या संक्रमित व्यक्ति का सामग्री इस्तेमाल करने से फैलता है। साथ ही उन्होंने कहा इस बीमारी का लक्षण आँखों मे दर्द आँख का लाल होना सूजन होना आंख से पानी आना मुख्य है। जिसको लेकर स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से उपचार एवं बचाव को लेकर जगरुक्ता अभियान भी चलाया जा रहा है।

## जिला प्रशासन द्वारा सहायक योजना पदाधिकारी को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सहायक योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा को आज उनके दुमका जिला स्थानांतरण पर लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से विदाई दी गई। श्री तिग्गा का पदस्थापन प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, दुमका के रूप में हुआ है। आज इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, ने कहा कि शिशिर तिग्गा बहुत ही सुलझे हुए और उच्च शिक्षा प्राप्त किये पदाधिकारी हैं। एक सफल पदाधिकारी बनने के लिए नम्र स्वभाव बहुत ही जरूरी है। निर्वाचन कार्यों में इन्होंने बहुत ही अच्छे तरीके से अपने ने दायित्वों का निर्वहन किया। साथ ही, अन्य दिये हुए कार्यों को भी बहुत ही अच्छे तरीके से किया। उपायुक्त ने आनेवाले दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि एक पदाधिकारी के रूप में सभी को इस पड़ाव से गुजरना होता है। नये जिले में पदस्थापन हो रहा है। भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। सहायक योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा ने कहा कि तीन वर्षों में लोहरदगा जिला में बहुत कुछ सीखने को मिला। अभी बहुत कुछ और सीखना था इस जिला में लेकिन अब पदस्थापन स्वरूप यह जिला छोड़ना पड़ रहा है।

## शैक्षिक प्रशासकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वाधान में आज दिनाँक 07.08.2023 को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समावेशी शिक्षा अंतर्गत शैक्षिक प्रशासकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन अभिलाषा सभागार में किया गया। इसके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के माता-पिता एवं समुदाय को संवेदीकृत कर समावेशी शिक्षा को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न आयामों को समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया गया। जिसमें उन बच्चों की शिक्षा को उत्कृष्ट बनाना और विशेष शिक्षकों की भूमिका तय करते हुए इनका उपयोग साधन सेवी के रूप में करते हुए उन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु आज प्रथम चरण में शिक्षा विभाग के समस्त शैक्षिक प्रशासकों यथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, रिसोर्स शिक्षक एवं जिला स्तर के सभी पदाधिकारी का एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## बारिश पर आस्था पड़ी भारी, सावन की पांचवी सोमवारी पर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सावन की पांचवी सोमवारी को कुडू प्रखंड क्षेत्र में बारिश पर आस्था पड़ी भारी। प्रशिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी, टीको स्थित भोले बाबा मंदिर,बड़की चाँपि शिव मंदिर,टाटी शिव मंदिर, तान पहाड़ी स्थित शिव मंदिर, बड़की चाँपि दुर्गा मंदिर सहित प्रखंड के विभिन्न गांवो के मंदिरों और शिवालयों में महिला, पुरुष, बूढ़े, बच्चे, युवाओं ने भक्ति रस से भाव विभोर होकर भगवान भोले नाथ की पूजा बेलपत्र, गंगाजल, दूध, धतुरा,पुष्प आदि अर्पित कर अपने लिए मनोकामनाएं मांगी। और पुरे दिन पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन में तल्लीन रहे। इस दौरान शिवालयों में सुबह से शाम तक घंटे की आवाज और श्रद्धालुओं के बोलबम के नारे से वातारण गूंजायमान होता रहा। इस मौके पर महादेव मण्डा धाम में कीर्तन, भजन का आयोजन किया गया साथ ही भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। ईश् मौके पर बड़की चाँपि स्थित शिव मंदिर में बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी ने बिधिवत पूजन करके अपने क्षेत्र एवं अपने परिवार की मंगलकामना की मांग भागवान से की। इस मौके पर पुरोहित कुनु नाथ बैध, मनोज दुबे, गीता देवी, धीरेंद्र सिंह, रामेश्वर महतो, बंधु महतो, सुरेश महतो, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मैं कमल किशोर भगत के सारे सपने पूरी करुंगी : नीरू शांति भगत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वर्गीय लाल चंद्रमणि नाथ शाहदेव फुटबॉल टूर्नामेंट भीठ्ठा के फाइनल मैच के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष और लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी नीरू शांति भगत विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव अरविंद यादव महिला प्रकोष्ठ की केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी और लोहरदगा जिला के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि विशेष रूप से उपस्थित हुए। खेल के उपरांत उपस्थित खिलाड़ियों एवं भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए नीरू शांति भगत ने कहा कि मैं कमल किशोर भगत जी की हर सपने को पूरा करूंगी । उन्होंने कहा कि आप सभी जिस प्रकार कमल किशोर भगत जी को प्यार, स्नेह और सहयोग देते थे उसी प्रकार मेरा भी सहयोग करें मैं आप सभी के परिवार की सदस्य बनकर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की सेवा करूंगी और लोहरदगा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करते हुए इस क्षेत्र को खेल क्षेत्र के रूप में विशेष पहचान दिलाने का प्रयास करूंगी। नीरू शांति भगत ने कहा कि मेरे स्वर्गीय पति कमल किशोर भगत जी स्वयं फुटबॉल के एक अच्छे खिलाड़ी थे और खेल के प्रति उनकी काफी रुचि थी। वह लोहरदगा जिला को खेल के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाने के लिए हमेशा प्रयास करते थे। उन्होंने कहा कि 2024 का विधानसभा चुनाव एक बहुत बड़ी चुनौती है और हम सबको मिलकर इस चुनौती का सामना करते हुए आजसू का विजय ध्वज लहराना है और इसके लिए आप अभी से तैयारी शुरू कर दे । केंद्रीय सचिव अरविंद यादव ने कहा कि खिलाड़ी को मैदान में हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए इससे आपसी भाईचारा तो बनता ही है एक सुंदर समाज का निर्माण भी होता है। महिला प्रकोष्ठ की केंद्रिय प्रवक्ता अंजू देवी ने कहा कि खेल का मैदान में ना कोई जाति- धर्म की बात होती है ना उंच-नीच का। सभी भाई -भाई की तरह मिलकर खेल भावना के साथ खेल खेलते हैं और शुरू से अंत तक अनुशासन का परिचय देते हैं।

## बांसजोर के टेंगराटुकू में हाथी ने बच्चे को कुचल कर मारा, पूर्व मंत्री पहुंचे घटना स्थल

➲ वन विभाग की लापरवाही से हाथियों का बढा आतंक झापा करेगी आंदोलन : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है लेकिन वन विभाग कानों में तेल डालकर सो रही है जिसकी वजह से लगातार क्षेत्र में हाथियों का आतंक पड़ा है और इनके लापरवाही की वजह से लोगों की जान जा रही है जिसे देखने वाला कोई नहीं है उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा सोमवार को बांसजोर के उड़ते पंचायत के टेंगराटुकू गांव में जंगली हाथियों के हमले से हुए एक बच्चे की मौत मामले में घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि अगर वन विभाग सजग और सतर्क रहे तो इस क्षेत्र से हाथियों को भगाया जा सकता है लेकिन 3 सालों से इस क्षेत्र में हाथियों का आतंक दर्जनों लोगों को मौत के घाट उतार चुका है लेकिन बस वन विभाग अपनी फॉर्मेलिटी पूरा कर रहा है लेकिन झारखंड पार्टी चुप नहीं रहेगी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी और लोगों को हाथियों से निजात दिलाएगी क्योंकि क्षेत्र के लोगों की समस्या को झारखंड पार्टी अपनी समस्या समझती है। बताया गया कि बांसजोर के उरते पंचायत के टेंगराटुकू में जंगली हाथियों के द्वारा गांव के कुलन्ति जोजो नामक एक बच्ची को कुचल कर मार डाला। मामले की जानकारी मिलने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ डीएफओ को घटनास्थल पर बुलाते हुए हाथियों को किस प्रकार से क्षेत्र से खदेड़ा जाए इसके लिए क्या कार्रवाई की जाएगी इस संदर्भ में बातचीत एवं तत्काल 25000 मुआवजा दिलाने की मांग पर शव उठाने की जिद्द में अड़े रहे।इधर हाथी के द्वारा बच्ची को मारने की घटना के बाद वन विभाग की टीम पहुंची गांव।उप वन परिसर पदाधिकारी अविनाश बीसी ने पीड़ितों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि नियमानुसार मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि दी जाएगी। फिलहाल तत्काल सहायता के रूप में?10000 की राशि मृतक बच्ची के पिता को दी गई है। जिसके बाद शव को सदर अस्पताल सिमडेगा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया वहीं वन विभाग द्वारा बताया गया कि बाकी की राशि सरकारी प्रक्रिया के तहत मृतिका के परिजनों को दे दी जाएगी।

## चलते चलते एक नजर

### कूनो नेशनल पार्क में चीतों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के जवाब को स्वीकार किया



**नई दिल्ली :** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के जवाब को स्वीकार किया। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले में दाखिल नई अर्जी का निस्तारण कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 20 जुलाई को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की लगातार हो रही मौत पर चिंता जताई थी। सुनवाई के दौरान जब केंद्र सरकार ने बताया कि अब तक आठ चीतों की मौत हो चुकी है, तब कोर्ट ने चीतों की मौत पर चिंता जताई थी। 20 जुलाई के बाद एक और चीते की मौत हो गई थी। केंद्र ने कहा कि 20 में से 8 चीतों की मौत हुई है। चीतों को नई जगह पर बसाने के दौरान 50 फीसदी तक की मौत को सामान्य माना जाता है।

### ज्ञानवापी परिसर में चौथे दिन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण टीम का सर्वे पूरा

**वाराणसी :** ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम ने कड़ी सुरक्षा के बीच लगातार चौथे दिन सोमवार शाम को सर्वे की प्रक्रिया पूरी की। सर्वे के बाद एएसआई टीम के साथ वादी और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता भी परिसर से कड़ी सुरक्षा के बीच लौट गए। मंगलवार सुबह से फिर एएसआई की टीम सर्वेक्षण करेगी। चौथे दिन सर्वे प्रक्रिया पूरी होने के बाद वादी हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि एएसआई टीम मेहनत से काम कर रही है, कुछ भी नहीं छिपेगा। मसाजिद कमेटी भी सहयोग कर रही है। परिसर में हर जगह मशीन लगाकर काम हो रहा है। सारे साक्ष्य रिपोर्ट से मिलेंगे। उन्होंने बताया कि परिसर के गुंबद पर सर्वे का कार्य आज भी जारी रहा। गुंबद के ऊपर सीढ़ियां हैं, कलश रखे हैं। पश्चिमी द्वार पर मशीन लगाकर टीम लेखा-जोखा कागज पर तैयार कर रही है। उधर, एएसआई टीम के सर्वे को लेकर हो रहे बयानबाजी पर मुस्लिम पक्ष ने नाराजगी जताई है। वहीं, एएसआई टीम के अफसरों ने भी इस मामले में संयम बरतने की सलाह दी है। टीम के अफसरों ने प्रशासनिक अधिकारियों से सर्वे की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सख्ती बरतने की मांग की है। टीम का मानना है कि सर्वे की गोपनीयता के लिए शपथ पत्र अदालत में दिया गया है। ऐसे में बयानबाजी से परेशानी बढ़ेगी।

# प्रकृति का मनोरम स्थल है नेतरहाट

**सतीश गुप्ता @ प्रभात मंत्र**

**महुआडांड़ :** झारखंड में एक जगह है नेतरहाट। नेतरहाट में आदिवासियों की संख्या ज्यादा है और इसके अधिकतर हिस्से में घने जंगल का फैलाव है। इस घने जंगल में साल, सागवान, सखुआ और बांस के पेड़ ज्यादा मिलेंगे। यहां की जो भाषा है, उसमें नेतरहाट का मतलब होता है बांस का बाजार। बांस लंबे खुशबूदार पेड़ होता हैं। कहते हैं कि इस जगह को प्रकृति ने बहुत ही खूबसूरत ढंग से संवारा है। यह समुद्र सतह से 3622 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।

### सनराइज प्वाइंट

नेतरहाट पर्यटक स्थल में विकसित करने के लिए सरकार नेतरहाट में कई जगह पार्क वाटर पार्क की निर्माण कार्य चल रहा है। अभी घुमाने के लिए टूरिस्ट के लिए गाड़ी की भी व्यवस्था की गई है। सनराइज प्वाइंट से उगते हुए सूरज का दृश्य चलचित्र की तरह प्रतीत होता है। हरियाली से आच्छादित घाटियो और सघन पेडो के झुरमूट से उगते सूरज की किरणो को देख पर्यटक प्रभावित हुए बिना नही रह पाते। इस दृश्य को देखने के लिए लयलित पर्यटन सुबह सवेरे ही यहा पहुच जाते है।

### मंगोलिया प्वाइंट

नेतरहाट से मंगोलिया प्वाइंट की दूरी लगभग 10 किलोमीटर है। यहा सनसेट का बेहद खूबसूरत नजारा दिखाई पडता है। डूबते सूरज के अद्भुत नजारे और उसकी सुनहरी



रोशनी से सुनहारा होता असमान के सुंदर नजारै को देखने के लिए पर्यटक सनसेट टाइम से पहले ही यहा जमा होने शुरू हो जाते है। यह प्वाइंट एक ब्रटिश लडकी मंगोलिया की प्रेम कहानी के लिए भी जाना जाता है। जो एक चरवाहे की बासुरी की धुन से प्रेरित हैकर उसके प्रेम करने लगी थी। पिता के विरध करने पर उसने यहा से कूद कर आत्महत्या कर ली थी। उसी प्रेमदिवानी के नाम पर इस सनसेट प्वाइंट का नाम मंगोलिया प्वाइंट पडा।

### अपर घाघरी फॉल

यह एक खूबसूरत झरना है। नेतरहाट पर्यटन स्थलो में काफी प्रसिद्ध है। नेतरहाट से अपर घघरी झरने की दूरी लगभग लगभग 4 किलोमीटर है। यहा पानी की एक मोटी धारा ऊंचाई से गिरती है। हरे भरे वातावरण के बीच स्थित यह वाटर फॉल एक खूबसूरत पिकनिक स्थल है।

### लोअर घाघरी वाटर फॉल

लोअर घघरी झरना एक घने जंगल में स्थित है। नेतरहाट से लोअर घघरी झरने की दूरी लगभग 10 किलोमीटर है। यहा पर पानी लगभग 32 फिट की ऊंचाई से गिरता है। और एक छोटी नदी के रूप में जंगल के बीच से गुजरता है।

### गोगोई के विरोध में 4 महिला सांसदों ने रास से किया बहिर्गमन

**नई दिल्ली :** पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने आज राज्यसभा में दिल्ली सर्विसेज बिल पर अपना पक्ष रखा। इस दौरान विपक्षी एनडीए गठबंधन की महिला सांसदों ने सदन से बहिर्गमन किया। उन्होंने कहा कि वह उनके खिलाफ लगे यौन शोषण के मामलों के चलते सदन से बाहर गई हैं। संसद में पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के पहले भाषण के विरोध में चार महिला सांसद - जया बच्चन (सपा), प्रियंका चतुर्वेदी (शिव सेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे), वंदना चव्हाण (एनसीपी), सुष्मिता देव (तृणमूल कांग्रेस) राज्यसभा से बाहर चली गई। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उन पर लगे आरोपों के कारण हम सदन से बाहर गए। यह हमारा प्रतीकात्मक विरोध था।

# जदयू का संगठन विस्तार,कई सदस्यों को मिली नई जिम्मेवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग:** जनता दल यूनाइटेड के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो के कुशल नेतृत्व में झारखंड में संगठन मजबूत हो रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को हजारीबाग जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष कुमेश्वर महतो,प्रदेश महासचिव मुन्ना मल्लिक, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह और प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार मेहता को बनाया गया। इस अवसर पर हजारीबाग जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि इन चारों नेताओं को प्रदेश में इनकी कार्य कुशलता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने इन्हे इन पदो पर मनोनीत किया है। इनके प्रदेश पदाधिकारी बनने से हजारीबाग जिले के संगठन समेत पूरे झारखंड में संगठन मजबूत होगा। जिले के तमाम पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्ष, महिला नेत्रियों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में जिला कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर ,अविरल बिहारी लाल, जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा, जिला सचिव भुनेश्वर ठाकुर, संजय राम, प्रदेश अल्पसंख्यक के नेता रोमी सलूजा ,गुलशन राज ,मामून रशीद,, इचाक प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद मेहता ,सदर प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा आनंद प्रकाश पांडे,दिनेशवर महतो, नगर अध्यक्ष यासीन अंसारी, शंकर महतो, विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता टाटी झरिया प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, अशोक प्रसाद, प्रकाश यादव, द्वारिका प्रसाद, यमुना राम समेत प्रमुख प्रतिनिधि पूर्व मुखिया कटकमदाग उदय साव ,आनंद सिंह, जिला अध्यक्ष महिला खुशबू कुमारी,सुजाता सिंह, प्रीती राना, वीणा देवी, विनोद दादा, संतोष मेहता ने खुशी जाहिर की है।

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेस में जश्न का माहौल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल किए जाने के बाद कांग्रेस सहित इंडिया के घटक दलों ने खुशी जताई है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सांसद पी. चिदंबरम ने सोमवार को कहा कि हमें खुशी है कि लोकसभा अध्यक्ष ने आज फैसला लिया। अब राहुल गांधी लोकसभा में भाग ले सकते हैं। राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी ढोल नगाड़े बजाकर खुशी जाहिर की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी नेताओं को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई और राहुल गांधी को बधाई दी।सामाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल किया जाना खुशी की बात है। लोकसभा अध्यक्ष ने बिना देरी किए राहुल गांधी की सदस्यता बहाल की है। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट से रोक लगाए जाने के बाद आज उनकी लोकसभा सदस्यता को बहाल कर दिया गया। निचली अदालत के मोदी सरनेम मानहानि मामले में दो



साल की सजा मिलने के बाद उनकी जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद उन्हें सरकारी बंगला भी खाली करना पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त को उनकी दो साल की सजा के अदालती फैसले पर रोक लगा दी थी। लोकसभा सचिवालय ने आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संबंध में उनकी सदस्यता बहाल करने की घोषणा की। राहुल गांधी को मार्च में अपनी सदस्यता खोनी पड़ी थी।

### केंद्रीय सरना समिति ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सीएम को किया आमंत्रित

# झारखंड आदिवासी महोत्सव को मिलेगी अलग पहचान : हेमंत

*** मुख्यमंत्री बोले - आदिवासी कला -संस्कृति को संरक्षित और आगे बढ़ाने में झारखंड आदिवासी महोत्सव मील का पत्थर साबित होगा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधि मंडल ने राज्य सरकार द्वारा वृहत पैमाने पर पूरी भव्यता के साथ झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 का आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव- 2023 को एक अलग पहचान मिलेगी। इस बार इस महोत्सव का देश भर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और खुशी की बात है कि देश- दुनिया से इस महोत्सव में शामिल होने के लिए लोग आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी परंपरा, कला- संस्कृति, रहन- सहन, आदिवासी उत्पाद और गीत-संगीत -नृत्य को संरक्षित और आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की प्रकाश हंस, मुन्ना उरांव, अजीत उरांव, निकोलस एक्का, साइमन कच्छप, सोनू एक्का, अनीश अहमद, विजय बड़ाईक,जरिया उरांव, बबलू उरांव, धंजू नायक,सचिन कच्छप, मन्नू तिग्गा,विजय कच्छप,लाला कच्छप,सूरज मुंडा, मोनू राज, बिरलू तिर्की, करमा कमल लिंडा, शनि मिंज, पुरन टोप्पो, दिनेश कच्छप और संजू कच्छप शामिल थे।

### घुसपैठ के प्रयास में मारे गए दो आतंकियों में से एक था खूंखार हिज्ब कमांडर

**जम्मू :** जम्मू संभाग के पुंछ जिले के दिगवार सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने सोमवार को सुबह घुसपैठ को नाकाम करके दो घुसपैठिये आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादियों में से एक खूंखार हिज्ब कमांडर था, जिसे राजौरी और पुंछ जिलों में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने का काम सौंपा गया था। पीआरओ (रक्षा) जम्मू लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने एक बयान कहा कि मारे गए आतंकी की पहचान हिज्ब-उल-मुजाहिदीन कमांडर मुनेसर हुसैन के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस रिकॉर्ड के आधार पर मारे गए आतंकवादी की पहचान मुनेसर हुसैन पुत्र सत्तार मोहम्मद निवासी बग्यालद्रा पुंछ के रूप में की गई है।उन्होंने कहा कि 1993 में हुसैन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर गया था और 1996 में वापस भारत आया।

# अवैध शराब के साथ आठ तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी**

**बलिया :** जिले की पुलिस ने सोमवार को बिहार ले जायी जा रही अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद करने में सफलता पायी है। पुलिस ने छह लाख की अवैध शराब व तीन वाहनों के साथ आठ शराब तस्कर गिरफ्तार किए हैं। एएसपी डीपी तिवारी ने बताया कि जानकारी मिली थी कि बिहार के रहने वाले शराब तस्कर अवैध शराब लेकर जा रहे हैं। इस जानकारी पर एसओजी टीम व थाना चितबड़ागांव की संयुक्त टीम द्वारा नरही मोड़ तिराहा से आगे रामपुर चीट के पास चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो पिकप व एक स्कार्पियों सहित कुल आठ शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 4176 पाउच अवैध अंग्रेजी शराब, 144 पाउच ग्रीन लेवल शराब बरामद किया गया। तस्करों ने शराब को वाहनों की सीट के नीचे छिपा कर रखा था। गाड़ियों की छत में



भी शराब छिपाई गई थी। उन्होंने बताया कि बरामद तीन वाहनों के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है। तीनों पर फर्जी नम्बर प्लेट लगे हैं। पुलिस टीम को शक है कि सभी गाड़िया चोरी की हो सकती हैं।

गिरफ्तार तस्करों में अनीश कुमार ठाकुर पुत्र सुरेश ठाकुर निवासी सिमरी दुद्धी पट्टी थाना सिमरी जिला बक्सर,राहुल कुमार पुत्र स्वदिलीप प्रसाद निवासी आकाशी थाना अगरेरे जिला रोहतास, मनतोष कुमार पुत्र सुनील राम निवासी सिमरी रामा पट्टी थाना सिमरी जिला बक्सर, रीकेश कुमार सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह निवासी दुल्लहपुर थाना सिमरी जिला बक्सर, प्रमोद कुमार पुत्र विजय प्रसाद निवासी दवनपुरा थाना सिमरी जिला बक्सर, अतुल कुमार पुत्र कमलेश प्रसाद निवासी दवनपुरा थाना सिमरी जिला बक्सर, मुन्ना कुमार पुत्र विरेन्द्र यादव निवासी भडसरा थाना बिहिया जिला भोजपुर व बुधन प्रसाद पुत्र कामेश्वर प्रसाद निवासी भडसरा थाना बिहिया जिला भोजपुर हैं। सफलता पाने वाली टीम में चितबड़ागांव एसओ राम सजन नागर व एसओजी प्रभारी अजय यादव शामिल थे।

# स्थापना दिवस समारोह का विरोध, पुलिस ने किया लाठी चार्ज



**एजेंसी**

**भीलवाडा :** राजस्थान में नवगठित उन्नीस जिलों में से एक शाहपुरा जिले के स्थापना दिवस समारोह के ठीक बाहर जिले की सीमा को लेकर आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। एक प्रदर्शनकारी के सिर में चोट आने से वह घायल हो गया।

समारोह के बाहर शाहपुरा की जनता पुलिस की लाठी खा रही थी और अंदर भीलवाड़ा जिले के प्रभारी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉक्टर महेश जोशी स्थापना दिवस समारोह में शिरकत कर रहे थे। नवगठित शाहपुरा जिले के सीमांकन में शाहपुरा से मात्र 38 किलोमीटर दूर हुरड़ा तहसील और गुलाबपुरा कस्बे को शाहपुरा में शामिल नहीं करने को लेकर पिछले तीन दिनों से शाहपुरा के बाजार पूरी तरह से बंद है। नागरिक जिले की खुशियां मनाने की अपेक्षा आंदोलन कर रहे हैं। रविवार को इन्होंने दो राजनेताओं का पुतला फूंका।

आंदोलनकारियो ने घोषणा कर रखी है कि जब तक शाहपुरा जिले का फिर से सीमांकन कर इसमें हुरखा तहसील और गुलाबपुरा कस्बा शामिल नहीं किया जाएगा यह अनिश्चितकालीन बंद रखेंगे। सोमवार को इसी विरोध के चलते इन प्रदर्शनकारियों ने राजकीय प्रताप सिंह बाहरठ पीजी कॉलेज में आयोजित हो रहे शाहपुरा जिला स्थापना दिवस समारोह के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। समारोह में घुसने के प्रयास में पुलिस से इनकी मुठभेड़ हो गई।

जनता पर लाठी चार्ज हो रहा था तब कॉलेज में चल रहे हवन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. महेश जोशी अजमेर रेंज की आईजी लता मनोज कुमार, भीलवाड़ा कलेक्टर आशीष मोदी, भीलवाड़ा के पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू, नवगठित शाहपुरा जिले की कलेक्टर डॉ मंजू, एसपी आलोक श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी मौजूद थे।

# विवाहिता का धर्म परिवर्तन कराकर किया निकाह सड़क पर उतरे विधायक शशिभूषण मेहता

**अवधेश शुक्ला @ प्रभात मंत्र**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के गुरहा में पिछले दिनों अकांक्षा मिश्रा का धर्म परिवर्तन करवा कर शादी कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में बीजेपी ने रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। मेदिनीनगर शहर थाना व एसपी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया गया। शहर में जुलूस भी निकाला गया। इधर सोमवार की सुबह ही पुलिस ने भुक्तभोगी अकांक्षा मिश्रा को पूछताछ और बयान के लिए थाना बुलाया। वहीं दूसरी ओर अकांक्षा के पिता जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि अगर इस मामले में न्याय नहीं मिला तो वे अपनी पत्नी बबीता देवी के साथ एसपी कार्यालय के सामने आत्मदाह कर लेंगे। जिसके बाद अकांक्षा मिश्रा की मां, पिता और भाई को पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने अपने चेंबर बुलाया और उनसे बातचीत की। दूसरी ओर थाना पहुंचे जोड़े भी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। बता दें कि पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र के गुरहा गांव के युवक ने छत्तीसगढ़ की विवाहिता को धर्म परिवर्तन कराकर उससे निकाह किया है। इससे आहत विवाहिता के पिता और पति ने पांकी के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता से मदद करने की गुहार लगाई है। जिसके बाद विधायक ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि 24 घंटे के अंदर मुखिया लड़की को उसके परिजनों को सौंपे नहीं तो ग्रामीणों के साथ मुखिया के घर का घेराव किया जाएगा। पांकी विधायक ने कहा कि इस तरह के घिनौनी हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा की यह 16वीं सदी नहीं, 21वीं सदी की भारत है, यहां अब किसी भी कीमत पर बेटियों का धर्म परिवर्तन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**धरने पर बैठे विवाहिता के पिता और भाई:** मामले में न्याय की मांग करते हुए लड़की के पिता और भाई एसपी कार्यालय के सामने धरना पर




बैठ गए। हालांकि, पुलिस उन्हें समझाने की कोशिश कर रही है। इस प्रदर्शन में ब्राह्मण महासभा और राष्ट्रीय परशुराम सेना भी शामिल हैं। इसके अलावा बीजेपी जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, अमित तिवारी, अजय तिवारी, आशीष भारद्वाज, बजरंग दल पंकज जायसवाल आदि भी प्रदर्शन कर रहे परिवार का साथ दे रहे हैं।

**निकाह के बाद मुखिया और पंचायत सचिव ने विवाहिता के पिता को भेजा पत्र:** दरअसल, विवाहिता के पिता को गुरहा पंचायत की मुखिया सबा फिरदौस खान और पंचायत सचिव ने 7 जुलाई 2023 को डाक से स्पीट पोस्ट से नोटिस भेजा है। जिसमें विवाहिता द्वारा धर्म परिवर्तन कर गुरहा गांव के मोहम्मद साजिद से निकाह कर लेने की बात कही गई है। निकाह का प्रमाणपत्र और मेदिनीनगर नोटरी के शपथ के साथ एक आवेदन निकाह को रजिस्टर करने के लिए पंचायत में दिया गया है। उसमें यह कहा गया कि अगर समय अवधि में विवाहिता के पिता अपना पक्ष नहीं रखेंगे तब एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाएगा।

**पिता ने लगाया मुखिया और पंचायत सचिव पर आरोप:** भुक्तभोगी पिता ने पंचायत की मुखिया सबा फिरदौस खान और पंचायत सचिव पर कई संगीन आरोप लगाया है। उनका कहना है कि लेटर जानबूझकर देरी से भेजा गया, ताकि निकाह करने में अड़चन पैदा न हो। विवाहिता के पिता और पति ने विधायक को बताया कि विवाहिता गुरहा गांव में थी, लेकिन उसे भगा दिया गया है।

### कार्रवाई और लड़की को वापस करने की मांग को लेकर बवाल, प्रदर्शन

**क्या कहते हैं पलामू एसपी रिष्मा रमेशन:** मामले को लेकर पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि यह मामला छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से जुड़ा हुआ है। सूरजपुर एसपी से बात हो चुकी है, वहां की पुलिस पलामू आ रही है, यहां उन्हें हर तरह से सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा की पूरे घटनाक्रम पर पुलिस नजर बनाई हुई है।